kanwhizztimes
@kanwhizztimes lucknow
@kanwhizztimes
www.kanwhizztimes.com

# कैनविज टाइम्स
सिर्फ सच

❒ वर्ष-13 ❒ अंक-288 ❒ सोमवार, 18 नवम्बर 2024 ❒ नगर संस्करण ❒ लखनऊ से प्रकाशित एवं दिल्ली, पंजाब व उत्तराखंड में प्रसारित ❒ मूल्य- ₹ 3.00 ❒ पृष्ठ-12



बहुत बढ़िया। यह अच्छी बात है कि यह सच्चाई सामने आ रही है, और वह भी ऐसे तरीके से जिससे आम लोग इसे देख सकें। एक झूठी कहानी सीमित समय तक ही चल सकती है। आखिरकार, तथ्य हमेशा सामने आते हैं। नरेन्द्र मोदी

राजनीतिक लड़ाई को 'वोट जिहाद' कहना गलत 11

पंजाब पुलिस ने मुठभेड़ के बाद पकड़ा हाईवे लूट गैंग का सरगना 12

## संक्षेप

### कैलाश गहलोत ने मंत्रिमंडल एवं आप की प्राथमिक सदस्यता से दिया इस्तीफ़ा

**नयी दिल्ली।** दिल्ली के परिवहन मंत्री कैलाश गहलोत ने मंत्रिमंडल एवं आम आदमी पार्टी (आप) की प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा दे दिया है। श्री गहलोत ने आज इस संबंध में पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल को एक चिट्ठी भी लिखी है। उन्होंने पत्र में इस्तीफा देने की वजह लोगों से किए गए वादों को पूरा नहीं करना बताया है। उन्होंने पत्र में लिखा है कि शीशमहल जैसे कई शर्मनाक और अजीबोगरीब विवाद हैं जो अब सभी को संदेह में डाल रहे हैं कि क्या हम अभी भी आम आदमी होने में विश्वास करते हैं। उन्होंने कहा अगर दिल्ली सरकार अपना अधिकांश समय केंद्र से लड़ने में बिताती है तो दिल्ली के लिए वास्तविक प्रगति नहीं हो सकती। मेरे पास आप से अलग होने के अलावा कोई विकल्प नहीं बचा है और इसलिए मैं आम आदमी पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा दे रहा हूं।

### कांकेर मुठभेड़ में नक्सलियों के दो बड़े कैडर ढ़ेर

**कांकेर।** छत्तीसगढ़ के बस्तर संभाग के कांकेर जिले के पखांजूर थाना क्षेत्र में रविवार को पुलिस और नक?सलियों के बीच हुई मुठभेड़ में दो बड़े कैडर के माओवादी मारे गए। यह मुठभेड़ जिले के मुसफर्सी काकुर गांव के नजदीक हुई, जहां दोनों पक्षों के बीच करीब एक घंटे तक गोलीबारी चलती रही।
मारे गए नक्सलियों की पहचान रंजीत और संतोष के रूप में हुई है, जो डीवीसीएम (डिप्टी कमांडर) रैंक के थे। इस मुठभेड़ को भी सुरक्षा बलों की एक बड़ी उपलब्धि माना जा रहा है। शनिवार को हुई मुठभेड़ के बाद जवान माड़ इलाके में सर्चिंग कर रहे थे। मुठभेड़ की सूचना मिलने के बाद सुरक्षा बलों ने तत्काल क्षेत्र में सर्च ऑपरेशन शुरू किया था। जानकारी के मुताबिक, नक्सलियों का एक बड़ा ग्रुप देर रात मुफरसी के जंगल में छिपा हुआ था। मौका देखते हुए नक्सलियों ने जवानों पर हमला कर दिया। पुलिस ने पहले से सतर्क रहते हुए जवाबी कार्रवाई की, जिससे मुठभेड़ में जवानों को बड़ी सफलता मिली। इस मुठभेड़ में रंजीत और संतोष की मौत हो गई, जो लंबे समय से इलाके में सक्रिय थे और कई बड़े नक्सली हमलों में शामिल थे। इन दोनों नक्सलियों के मारे जाने से नक्सली संगठन को एक बड़ा झटका लगा है। पुलिस ने घटनास्थल से भारी मात्रा में हथियार, गोला-बारूद और नक्सली साहित्य भी बरामद किया है। मारे गए नक्सलियों की शिनाख्त के बाद स्पष्ट हो पाया कि उनके खिलाफ विभिन्न संगीन अपराधों के मामले दर्ज थे। गौरतलब है कि शनिवार को छत्तीसगढ़ के कांकेर जिले की सीमा पर अबूझमाड़ इलाके में पुलिस और नक्सलियों के बीच हुई भीषण मुठभेड़ में पांच नक्सली मारे गये थे जबकि सुरक्षा बलों के दो जवान घायल हुए हैं। सुरक्षा बलों ने घटनास्थल से नक्सलियों के कब्ज़े से बड़ी मात्रा में हथियार भी बरामद किए।

# राजनीतिक स्वार्थ के लिए कांग्रेस ने देश व हिंदुओं को बांटा : योगी

## महाराष्ट्र चुनाव प्रचार के रण में पहुंचे उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री ने की तीन जनसभाएं

एजेंसी





❒ 1947 में पाकिस्तान के लिए दंगा करने वाले मुसलमानों से वैसे ही निपट लेते, जैसे आज निपट रहे: योगी

❒ भारत के आधार का प्रतीक है सनातन, सनातन पर प्रहार महाविनाश को आमंत्रण

❒ योगी का आह्वान, भारत की ताकत बढ़ाइए, पहले पीओके, फिर बलूचिस्तान व पाकिस्तान के अन्य भाग भी भारत के हिस्से बनेंगे

❒ योगी ने साधा निशाना, कहा- बाल ठाकरे नहीं करते कांग्रेस से गठबंधन, उद्धव भटक गए

❒ खड़गे के गांव में कत्लेआम करने वाले कट्टरपंथी मुसलमान वही हैं, जो आज शोभायात्राओं पर पत्थरबाजी करते हैं

❒ महायुति सरकार बनी तो पत्थरबाजों पर लागू होगा यूपी का सूत्र: मुख्यमंत्री

❒ सबका साथ, परिवार का विकास है 'महा अनाड़ी' गठबंधन का नारा: सीएम

कोल्हापुर/सतारा/पुणे। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ महाराष्ट्र में चौथे दिन चुनावी प्रचार में उतरे। उन्होंने कंग्रेस के नेताओं, नीतियों व सहयोगियों पर खूब हमला किया। योगी ने कहा कि कंग्रेस के अंदर अंग्रेजों का डीएनए है। इनका इतिहास भारत के साथ धोखा देने का रहा है। कंग्रेस की कायरता, सत्तालोलुपता थी कि भारत को दो टुकड़ों में बांट दिया। लाखों हिंदू काटे गए। 1947 में कंग्रेस नेतृत्व चाहता तो भारत का विभाजन नहीं होता और न ही पाकिस्तान बनता। पाकिस्तान के लिए दंगा करने वाले मुसलमानों से वैसे ही निपटा जा सकता था, जैसे आज निपटते हैं।

मुख्यमंत्री योगी ने महाराष्ट्र की धरती पर महापुरुषों का वंदन किया। उन्होंने बताया कि 2017 में मुख्यमंत्री बनने के बाद मैं आगरा में निरीक्षण कर रहा था, बताया गया कि यहां मुगल म्यूजियम है, जिसमें औरंगजेब व मुगल शासन के प्रतीक रखे जाएंगे। मैंने पूछा कि मुगलों का भारत से क्या संबंध है। इसे हटाइए, म्यूजियम छत्रपति शिवाजी महाराज के नाम पर होगा और यहां भारत के गौरव को दर्शाया जाएगा। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी के नेतृत्व में महायुति में जोड़ने वाली ताकते हैं तो महा अघाड़ी के नाम पर महा अनाड़ी गठबंधन बांटने का कार्य कर रहा है। राजनीतिक स्वार्थ के लिए कंग्रेस ने देश, हिंदू समाज को बांटा। कंग्रेस के अंदर अंग्रेजों का डीएनए आ गया है। कंग्रेस के लिए देशहित कभी महत्व नहीं रखता। अंग्रेजों की तरह यह भी बांटों और राज करो की नीति पर चल रहे हैं।

मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि पाकिस्तान परस्त आतंकी अब भारत की सीमा का अतिक्रमण नहीं कर सकता। उसे पता है कि नया भारत घुसकर मारता है। 10 वर्ष में पाकिस्तान की हालत यह हो है कि कटोरा लेकर घूम रहा है, लेकिन कोई भीख भी नहीं दे रहा। मुख्यमंत्री योगी ने आह्वान किया कि भारत की ताकत को बढ़ाइए तो पहले पाक अधिकृत कश्मीर (पीओके) भारत में आएगा, फिर बलूचिस्तान व पाकिस्तान के अन्य भाग भी भारत के हिस्से बनेंगे। गोहत्या बंद कराने का काम भी महायुति गठबंधन ही कर पाएगा, कंग्रेस नेतृत्व नहीं। मुख्यमंत्री योगी कंग्रेस नेत्री प्रियंका वाड्रा के साथ ही पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे पर भी हमलावर रहे। बोले कि 1947 में खड़गे के गांव बारावत्ती को हैदराबाद के निजाम के रजाकारों ने जला दिया था, जिसमें उनकी मां, बहन व चाची की मृत्यु हो गई थी। जब मैं कहता हूं कि बंटोगे तो कटोगे तो खड़गे को बुरा लगता है। खड़गे बताएं कि निजाम और उसके रजाकार कौन थे, जिन्होंने निर्ममतापूर्वक हिंदुओं का कत्लेआम किया था। आप कंग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष हैं, लेकिन नेतृत्व के भय से नहीं बोल रहे। आपको सच्चाई बोलनी चाहिए। निजाम का रजाकार कोई और नहीं, बल्कि वही कट्टरपंथी मुस्लिम हैं, जो आज भी गणपति महोत्सव, रामनवमी शोभायात्रा पर पथराव व विशालगढ़ जैसे किलों पर कब्जा कर भारत को अपमानित करने का कार्य करते हैं। मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि जब विशालगढ़ में अतिक्रमण हटाने की कोशिश की जाती है तो पत्थरबाजी शुरू हो जाती है। सनातन पर प्रहार भारत पर प्रहार है। सनातन भारत के आधार का प्रतीक है, इस पर प्रहार महाविनाश को आमंत्रित करता है। महायुति गठबंधन की सरकार बनती है तो विशालगढ़ किले का अतिक्रमण हट जाएगा, गणपति बप्पा व रामनवमी की शोभायात्रा पर पथराव का कोई दुस्साहस नहीं कर पाएगा। ● शेष पेज 11 पर

# किसानों को पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध कराया जाए उर्वरक

## मुख्यमंत्री ने की खाद उपलब्धता की समीक्षा

कैनविज टाइम्स ब्यूरो



❒ निजी क्षेत्र से प्राप्त उर्वरक का सहकारिता के माध्यम से वितरण के दिये निर्देश

❒ मुख्यमंत्री का अधिकारियों को निर्देश, खाद वितरण स्थलों पर सुविधाओं में करें सुधार

❒ खाद वितरण के लिए अधिकारियों की टीम पूरी प्रक्रिया पर रखे विशेष नजर

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को प्रदेश में खाद की उपलब्धता को लेकर उच्च स्तरीय बैठक की। इस बैठक में मुख्य सचिव, कृषि विभाग के प्रमुख सचिव, सहकारिता विभाग के प्रमुख सचिव और अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे। मुख्यमंत्री ने जोर देकर कहा कि राज्य में किसानों को पर्याप्त मात्रा में उर्वरक उपलब्ध कराने के लिए हर संभव कदम उठाए जाएं।

मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि निजी क्षेत्र से प्राप्त हो रहे उर्वरक को सहकारी समितियों और अन्य सरकारी माध्यमों से किसानों तक पहुंचाया जाए। उन्होंने स्पष्ट किया कि निजी कंपनियों से मिलने वाली खाद को उचित मूल्य पर किसानों को उपलब्ध कराना आवश्यक है ताकि उनकी फसल उत्पादन प्रक्रिया में कोई बाधा न आए। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे केंद्र सरकार के साथ प्रभावी समन्वय स्थापित करें और जरूरत के अनुसार उर्वरक की आपूर्ति सुनिश्चित करें। उन्होंने जोर दिया कि केंद्र सरकार के विभागों से नियमित संपर्क बनाए रखा जाए ताकि खाद की उपलब्धता में किसी प्रकार की देरी न हो। मुख्यमंत्री ने खाद वितरण स्थलों पर किसानों के लिए आवश्यक बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि खाद वितरण के दौरान किसानों को उचित लाइन, पानी की व्यवस्था, छाया और बैठने की सुविधा जैसी सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएं। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को यह सुनिश्चित करने के लिए निर्देश दिए कि वितरण केंद्रों पर अनुशासन बनाए रखा जाए और किसी भी प्रकार की अव्यवस्था से बचा जाए। इसके साथ ही, किसानों के हितों की रक्षा करते हुए पारदर्शी प्रक्रिया अपनाने पर बल दिया। मुख्यमंत्री ने खाद वितरण प्रक्रिया की निगरानी के लिए एक विशेष तंत्र की स्थापना का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि जिला स्तर पर अधिकारियों की एक टीम बनाई जाए जो वितरण प्रक्रिया पर नजर रखे और नियमित रूप से रिपोर्ट प्रस्तुत करे। इस तंत्र के माध्यम से यह सुनिश्चित किया ● शेष पेज 11 पर

# सांसदों की अयोग्यता से जुड़े कानून में बदलाव चाहती है सरकार

एजेंसी



नयी दिल्ली। सरकार 65 साल पुराने उस कानून को निरस्त करने की योजना बना रही है, जो लाभ के पद पर होने के कारण सांसदों को अयोग्य ठहराने का आधार प्रदान करता है। वह एक नया कानून लाने की योजना बना रही है, जो वर्तमान आवश्यकताओं के अनुरूप हो।

केंद्रीय विधि मंत्रालय के विधायी विभाग ने 16वीं लोकसभा में कलराज मिश्र की अध्यक्षता वाली लाभ के पदों पर संयुक्त समिति (जेसीओपी) द्वारा की गई सिफारिशों के आधार पर तैयार 'संसद (अयोग्यता निवारण) विधेयक, 2024' का मसौदा पेश किया है। प्रस्तावित विधेयक का उद्देश्य मौजूदा संसद (अयोग्यता निवारण) अधिनियम, 1959 की धारा-3 को युक्तिसंगत बनाना और अनुसूची में दिए गए पदों की नकारात्मक सूची को हटाना है, जिसके धारण पर किसी जनप्रतिनिधि को अयोग्य ठहराया जा सकता है। इसमें मौजूदा अधिनियम और कुछ अन्य कानूनों के बीच टकराव को दूर करने का भी प्रस्ताव है, जिनमें अयोग्य न ठहराए जाने का स्पष्ट प्रावधान है। मसौदा विधेयक में कुछ मामलों में अयोग्यता के ''अस्थायी निलंबन'' से संबंधित मौजूदा कानून की धारा-4 को हटाने का भी प्रस्ताव है। इसमें इसके स्थान पर केंद्र सरकार को अधिसूचना जारी करके अनुसूची में संशोधन करने का अधिकार देने का भी प्रस्ताव है। मसौदा विधेयक पर जनता की राय मांगते हुए विभाग ने याद दिलाया कि संसद (अयोग्यता निवारण) अधिनियम, 1959 इसलिए बनाया गया था कि सरकार के अधीन आने ● शेष पेज 11 पर

# झांसी हादसा : बचाए गए एक नवजात ने उपचार के दौरान दम तोड़ा

झांसी। उत्तर प्रदेश के झांसी स्थित महारानी लक्ष्मीबाई मेडिकल कॉलेज के नवजात शिशु गहन चिकित्सा इकाई (एनआईसीयू) में आग लगने के दौरान बचाये गये बच्चों में एक बच्चे की उपचार के दौरान मौत हो गयी, जिससे मृत नवजातों की संख्या बढ़कर 11 हो गयी। एक वरिष्ठ अधिकारी ने रविवार को यह जानकारी दी। शुक्रवार रात करीब पौने 11 बजे महारानी लक्ष्मीबाई मेडिकल कॉलेज में आग लगने से 10 नवजात बच्चों की मौत हो गई थी। झांसी के जिलाधिकारी अविनाश कुमार ने बताया था कि हादसे में बचाये गये 38 नवजात बच्चों का उपचार किया जा रहा है। कुमार ने रविवार को 'पीटीआई-भाषा' को बताया, ''तीन नवजात की हालत गंभीर बताई गई थी जिनमें से एक नवजात की रविवार को इलाज के दौरान मौत हो गई। मृत नवजात बच्चों की संख्या बढ़कर 11 हो गई है।'' हालांकि, जिलाधिकारी ने स्पष्ट किया कि बच्चे की मौत जलने की वजह से नहीं हुई है। उन्होंने यह भी कहा कि जिन बच्चों का उपचार किया जा ● शेष पेज 11 पर

# भारत ने लंबी दूरी की हाइपरसोनिक मिसाइल का सफल परीक्षण किया

एजेंसी

❒ राजनाथ ने इसे 'ऐतिहासिक' बताया, 1500 किलोमीटर से ज्यादा रेंज, आवाज से 5 गुना तेज रफ्तार



नयी दिल्ली। भारत ने एक बड़ी सैन्य उपलब्धि हासिल करते हुए ओडिशा के तट से लंबी दूरी की हाइपरसोनिक मिसाइल का सफलतापूर्वक परीक्षण किया, जिसने उसे उन चुनिंदा देशों के समूह में शामिल कर दिया है जिनके पास तेज गति से और हवाई रक्षा प्रणालियों से बचते हुए मार करने की क्षमता वाला हथियार है।

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने देश के पहले लंबी दूरी के हाइपरसोनिक मिशन के तहत शनिवार को हुए मिसाइल परीक्षण को ''शानदार'' उपलब्धि और ''ऐतिहासिक क्षण'' बताया। एक आधिकारिक बयान के अनुसार, रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) द्वारा विकसित मिसाइल को 1,500 किलोमीटर से अधिक दूरी तक विभिन्न पेलोड ले जाने में सक्षम बनाया गया है। रक्षा मंत्री ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, ''भारत ने ओडिशा के तट पर डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम द्वीप से लंबी दूरी की मारक क्षमता वाली हाइपरसोनिक मिसाइल का सफल परीक्षण करके एक बड़ी उपलब्धि हासिल की है। उन्होंने कहा, ''यह एक ऐतिहासिक पल है और इस महत्वपूर्ण उपलब्धि ने हमारे देश को उन चुनिंदा देशों के समूह में शामिल कर दिया है जिनके पास ऐसी अहम और उन्नत सैन्य प्रौद्योगिकियां हैं।'' आम तौर पर, पारंपरिक विस्फोटक या परमाणु हथियार ले जाने में सक्षम हाइपरसोनिक मिसाइलें समुद्र तल पर प्रति घंटे ध्वनि की गति से पांच गुना अधिक (तकरीबन 1,220 किलोमीटर या पांच मैक) गति से उड़ान भर सकती हैं। हालांकि, कुछ उन्नत हाइपरसोनिक मिसाइलें 15 मैक से अधिक की गति से उड़ान भर सकती हैं। वर्तमान में, रूस और चीन हाइपरसोनिक मिसाइल विकसित करने में बहुत आगे हैं जबकि अमेरिका अपने महत्वाकांक्षी कार्यक्रम के तहत ऐसे हथियारों की एक श्रृंखला विकसित करने की प्रक्रिया में है। फ्रांस, जर्मनी, ऑस्ट्रेलिया, जापान, ईरान और इजराइल समेत कई अन्य देश भी हाइपरसोनिक मिसाइल प्रणालियां विकसित करने की परियोजनाओं पर काम कर रहे हैं। रक्षा मंत्री सिंह ने डीआरडीओ, सशस्त्र बलों आदि को इस ''शानदार'' उपलब्धि के लिए बधाई दी। यह मिसाइल डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम मिसाइल कॉम्प्लेक्स, हैदराबाद की प्रयोगशालाओं ने डीआरडीओ की विभिन्न अन्य प्रयोगशालाओं तथा उद्योग साझेदारों के साथ मिलकर ● शेष पेज 11 पर

# मणिपुर के हालात पर गृह मंत्रालय की नजर

## अमित शाह ने की सुरक्षा स्थिति की समीक्षा

एजेंसी

नई दिल्ली। मणिपुर में अस्थिर हालात पर केंद्रीय गृह मंत्रालय लगातार नजर बनाए हुए है। रविवार को केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने दिल्ली में वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बैठक करके सुरक्षा स्थिति की समीक्षा की। गृह मंत्री अमित शाह ने अधिकारियों को मणिपुर में शांति व्यवस्था बहाल करने के लिए कड़े कदम उठाने के निर्देश दिए।

इससे पहले मणिपुर में अस्थिर हालात के बीच केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने महाराष्ट्र में अपनी चुनावी रैलियां रद्द कर दी थीं। वे नागपुर से दिल्ली लौटे। जानकारी के मुताबिक वह महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव को लेकर विदर्भ क्षेत्र में चार रैलियां करने वाले थे। उनकी जगह केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान और पूर्व मंत्री स्मृति ईरानी ने इन रैलियों में हिस्सा लिया। उनकी रैलियां रद्द करने के पीछे कोई आधिकारिक बयान नहीं आया है, लेकिन सूत्रों ने बताया कि यह मणिपुर में अस्थिर हालात की वजह से हो सकता है। दरअसल, मणिपुर के जिरीबाम से सोमवार से लापता छह लोगों में से एक महिला और दो बच्चों के शव नदी में तैरते ● शेष पेज 11 पर

### एनपीपी ने सरकार से वापस लिया समर्थन

इंफाल मणिपुर में भाजपा को बड़ा झटका लगा है। दरअसल हिंसा के मद्देनजर एनपीपी ने भाजपा नीत सरकार से समर्थन वापस ले लिया है। जानकारी के मुताबिक एनपीपी ने राज्य में जारी हिंसा को रोकने लिए सीएम एन बीरेन सिंह की कोशिशों पर सवाल भी खड़े किए हैं। नेशनल पीपुल्स पार्टी ने भारतीय जनता पार्टी की सरकार को राज्य में लंबे समय से चल रही अशांति के लिए जिम्मेदार ठहराया है।

## मोदी को नाइजीरिया ने द ग्रैंड कमांडर ऑफ द ऑर्डर ऑफ नाइजर से नवाजा

# सामरिक सहयोग मजबूत करेंगे भारत नाइजीरिया

एजेंसी



नई दिल्ली/आबुजा। पीएम मोदी इस समय अफ्रीकी देश नाइजीरिया के दौरे पर हैं। इस दौरान नाइजीरिया ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को अपने पुरस्कार- द ग्रैंड कमांडर ऑफ द ऑर्डर ऑफ द नाइजर से सम्मानित किया। इससे पहले यह सम्मान सिर्फ महारानी एलिजाबेथ को ही मिला है। ऐसे में पीएम मोदी यह सम्मान पाने वाले दूसरे विदेशी नेता हैं। इससे पहले 1969 में ब्रिटेन की महारानी को इससे सम्मानित किया गया था। यह किसी देश की तरफ से प्रधानमंत्री मोदी को दिया जाने वाला 17वां ऐसा अंतरराष्ट्रीय पुरस्कार होगा।

हम नाइजीरिया के साथ अपनी रणनीतिक साझेदारी को उच्च प्राथमिकता देते हैं। हमारे बीच रक्षा, ऊर्जा, वित्तीय मुद्दों जैसे कई क्षेत्रों में मजबूत सहयोग है।प्रौद्योगिकी, स्वास्थ्य, शिक्षा और संस्कृति हमारे संबंधों से कई नई संभावनाएं जुड़ी हैं।ङ्क उन्होंने नाइजीरिया में हाल ही में आई बाढ़ में जानमाल के नुकसान पर संवेदना व्यक्त करते हुए कहा,ल्ल140 करोड़ भारतीयों की ओर से, मैं पिछले महीने नाइजीरिया में बाढ़ में जानमाल के नुकसान पर हार्दिक संवेदना व्यक्त करता हूं। भारत राहत प्रयासों का समर्थन करने के लिए 20 टन मानवीय सहायता भेज रहा है। प्रधानमंत्री ने कहा, ' सत्रह साल में किसी भारतीय प्रधानमंत्री की यह पहली नाइजीरिया यात्रा है और यह मेरे लिए खुशी की बात है कि मुझे अपने तीसरे कार्यकाल की शुरुआत में नाइजीरिया आने का मौका मिला है। बैठक के दौरान दोनों नेताओं ने दोनों देशों के बीच रणनीतिक साझेदारी की समीक्षा की और द्विपक्षीय संबंधों को आगे बढ़ाने के तरीकों पर चर्चा की। श्री मोदी को नाइजीरिया के सर्वोच्च नागरिक सम्मानों में से एक प्रतिष्ठित ग्रैंड कमांडर ऑफ द ऑर्डर ऑफ द नाइजर (जीसीओएन) भी मिला। यह मान्यता उन्हें महारानी एलिजाबेथ द्वितीय के बाद यह सम्मान पाने वाला दूसरा विदेशी गणमान्य व्यक्ति बनाती है, जिन्हें 1969 में यह उपाधि प्रदान की गई थी। प्रधानमंत्री नाइजीरिया की दो दिवसीय यात्रा पर कल रात अबुजा पहुंचे, फिर वह ब्राजील के शहर रियो डी जनेरियो की यात्रा करेंगे और बाद में शाम को राष्ट्रपति लुइस इनासियो लूला दा सिल्वा द्वारा आयोजित जी20 शिखर सम्मेलन में भाग लेने के लिए दो दिवसीय यात्रा पर होंगे।

प्रधानमंत्री ने कहा, मैं नाइजीरिया सरकार और नाइजीरिया के लोगों को नाइजीरिया के राष्ट्रीय पुरस्कार 'ग्रैंड कमांडर ऑफ द ऑर्डर ऑफ द नाइजर' के लिए दिल से धन्यवाद देता हूं और आभार व्यक्त करता हूं। मैं इस सम्मान को विनम्रता और सम्मान के साथ स्वीकार करता हूं। इस सम्मान को मैं 140 करोड़ भारतीयों और भारत व नाइजीरिया की गहरी दोस्ती के रिश्ते को समर्पित करता हूं। आधिकारिक सूत्रों के अनुसार दोनों नेताओं के बीच एक प्रतिबंधित बैठक हुई जिसके बाद प्रतिनिधिमंडल स्तर की वार्ता हुई। प्रधानमंत्री ने गत वर्ष नयी दिल्ली में जी-20 शिखर सम्मेलन में राष्ट्रपति टीनुबू के साथ अपनी गर्मजोशी भरी मुलाकात को याद किया। उन्होंने कहा कि दोनों देशों के बीच साझा अतीत, समान लोकतांत्रिक मूल्यों और लोगों के बीच मजबूत संबंधों द्वारा परिभाषित ● शेष पेज 11 पर

# वन नेशन-वन इलेक्शन का दावा , लेकिन परीक्षा तक नहीं करा पाती भाजपा : अखिलेश यादव

एजेंसी

अयोध्या। समाजवादी पार्टी (सपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव रविवार को अम्बेडकरनगर के कटहरी में विधानसभा उपचुनाव में जनसभा के लिए महर्षि वाल्मीकि अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा पहुंचे। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि भाजपा जान चुकी थी कि वह मिल्कीपुर विधानसभा का उपचुनाव हारने जा रही है। इसी कारण चुनाव कैंसिल करा दिया है। भाजपा ने सर्वे भी कराया था, जिसमें पार्टी को यह बात पता चल गई थी।

सपा मुखिया अखिलेश यादव ने कहा कि यह वही भाजपा है जो वन नेशन वन इलेक्शन कराने का दावा करती है, लेकिन परीक्षा नहीं करा पाती है।

आज नौकरी और परीक्षा के लिए छात्रों को सड़कों पर धरना-प्रदर्शन करना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि अब लोगों ने मन बना लिया है।

भाजपा को जनता हटा देगी। झांसी अग्निकांड की घटना पर अखिलेश यादव ने कहा कि ये दुखद है कि किस तरह की घटना आज के समय पर हो रही है। उन्हें तभी सावधान हो जाना चाहिए था।

जब गोरखपुर में ऑक्सीजन की कमी से बच्चों की जान गई थी। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि जब कभी भी ये लोग निरीक्षण पर जाते हैं या औचक निरीक्षण करते हैं, तो पूरा इंतजाम सही सलामत मिलता है, लेकिन जैसे ही अधिकारी या मंत्री हटते हैं।अस्पताल वैसे ही हो जाते हैं। अखिलेश यादव पत्रकारों से बात करने के बाद सड़क मार्ग से अम्बेडकरनगर के लिए रवाना हो गए ।



# बीकेटी में दहेज़ रहित विवाह समारोह हुआ आयोजित,15 जोड़े दांपत्य जीवन से जुड़े

❐ संयुक्त व्यापार मंडल के अध्यक्ष वेदरतन सिंह ने रखी कार्यक्रम की रूपरेखा

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बीकेटी। बख्शी का तालाब स्थित बीकेटी इंटर कालेज परिसर में पहला दहेज़ रहित विवाह समारोह आयोजित हुआ,यह आयोजन माँ चन्द्रिका देवी यज्ञसेनी हलवाई वैश्य( दहेज रहित)विवाह समारोह समिति बक्शी का तालाब,लखनऊ द्वारा आयोजित किया गया,जहां 15जोड़े दांपत्य जीवन से जुड़े।15 नवंबर शुक्रवार को विवाह हेतु परिचय सम्मलेन तथा बच्चों के द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम व 16 नवम्बर शनिवार को जयमाल एवं शुभ विवाह समारोह तथा रविवार सुबह विदाई समारोह आयोजित हुआ।

यह आयोजन देवेश कुमार यज्ञसेनी बालामऊ-कछौना (हरदोई) के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ।आयोजन समिति द्वारा कार्यक्रम में आने वाले सभी लोगों के लिए भोजन एवं बच्चों के लिए निःशुल्क दूध व रुकने की उचित व्यवस्था की गई थी।जो जोड़े दहेज़ रहित विवाह के लिए पहले से तय हो चुके थे,उन्होंने अपना पंजीकरण भी फोन के माध्यम से करवाया था।इस माँ चन्द्रिका देवी यज्ञसेनी हलवाई वैश्य( दहेज रहित)विवाह समारोह समिति बक्शी का तालाब,लखनऊ में व्यवस्थापक राममोहन गुप्ता,अध्यक्ष अभिषेक गुप्ता,उपाध्यक्ष शरद गुप्ता,महामंत्री शुभम गुप्ता,उपाध्यक्ष केके गुप्ता तथा कुशल मार्गदर्शक की भूमिका में देवेश यज्ञसेनी शामिल रहें।इस मौक़े पर बीकेटी विधायक योगेश कुमार शुक्ला ने सर्वसमाज से दहेज रहित विवाह की अपील करते हुए कहा कि आज बीकेटी इंटर कालेज परिसर में जो इस तरह का भव्य आयोजन मां चंद्रिका देवी यज्ञसेनी, हलवाई,वैश्य (दहेज रहित) विवाह समारोह समिति बीकेटी द्वारा आयोजित किया गया,जो अपने आप में एक मिशाल कायम की है और अन्य समाज के लोग भी इससे जागरूक होंगे।वहीं सीतापुर एमएलसी पवन सिंह चौहान ने कहा कि बिना दहेज के शादी करने पर दोनों पक्षों में अपसी सामंजस्य एवं प्रेम बना रहता है।शादी विवाह दो परिवारों का मेल होता है,इसमें दहेज नामक राक्षस को अपने आस पास नही भटकने देना चाहिए।दहेज जैसी कुप्रथा को समाप्त करने में इस तरह के आयोजन से लोगों में काफ़ी जागरूकता आयेगी और दहेज़ रहित विवाह के लिए लोग अपने हाथ भी आगे बढ़ाएंगे।इस कार्यक्रम में बीजेपी अवध क्षेत्र के प्रभारी विजय प्रताप सिंह,बीजेपी पूर्व जिला अध्यक्ष श्रीकृष्ण लोधी,एसएस स्कूल के प्रबंधक प्रवीण सिंह चौहान,संयुक्त उद्योग व्यापार मंडल के राष्ट्रीय अध्यक्ष अंजनी कुमार पांडे,प्रदेश प्रभारी बब्बू पांडे,बीकेटी इकाई के अध्यक्ष वेदरतन सिंह चौहान,डा.सत्येंद्र सिंह,उपाध्यक्ष विनोद कुमार अवस्थी महाराजा,महामंत्री इतेंद्र सिंह सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति शामिल रहे।



# आखिऱ कौन है इनका जिम्मेदार



❐ रात दिन किसान कर रहा खेतो की चौकीदारी

❐ स्थानीय जिम्मेदार विभाग नहीँ कर रहा ब्यवस्था

कैनविज टाइम्स संवाददाता

कोरांव प्रयागराज। विकास खंड कोरांव के हर गांव गली मोहल्ला बाजार मे पशुओ का झुंड बैठा हुआ है जिसका कोई जिम्मेदार नहीँ है इन्ही पशुओ सें आयेदिन लोग सड़क दुर्घटना के घायल हो रहे है साथ ही हरी भरी खेती को चर खाकर नस्ट कर रहे है ऐसे पशुओ सें किसान पूरी तरह सें त्रस्त है घर छोड़कर खेतो की चौकीदारी कर रहा है।

स्थानीय जिम्मेदार विभाग जानबूझकर अनजान बना हुआ है ज्यादातर गाय, बैल,बछडा सड़को के किनारे खुले आसमान मे बिना छाव ब्यवस्था के बिना रात बिताते है जिसके चलते सबसे ज्यादा पशुओ की मौत दुर्घटना सें हो रहा है साथ ही घायल हो रहे है कस्बा कोरांव मे जो बैल है यदि कोई अपने मोटर साईकिल के डिग्गी मे कोई सामान रखा हुआ है या झोला बाधा हुआ है उसको तोड़ कर खा जाते है साथ ही अपने सिंघ के सहारे बहुत लोगो को घायल भी कर चुके है कुछ लोगो की मौत भी हो चुकी है यहां यहां सबसे ज्यादा सड़को पर रहते है मवेसी विकास खंड कोरांव के रत्योरा मोड़, देवीबांध, लेडियारी, खीरी, भगतपुर, बड़ोखर, मानपुर कस्बा कोरांव, महुली, समेत कई गांव गिराव मे सबसे ज्यादा मवेसी है स्थानीय लोगो ने जिलाधिकारी प्रयागराज का ध्यान आकृस्ट कराते हुये समुचित ब्यवस्था कराये जाने की माँग की है ।

# हिन्दुओं पर अत्याचार से नाराज पूर्व विधायक ने कहा कि बांग्लादेशी पीएम का सिर काटने वाले को देंगे पांच करोड़

एजेंसी

मुरादाबाद । नारायणी सेना कृष्ण मुरादाबाद के संरक्षक एवं पूर्व विधायक विजय कुमार यादव ने रविवार को ठाकुरद्वारा स्थित अपने आवास पर प्रेस वार्ता कर कहा कि बांग्लादेश में कार्यवाहक प्रधानमंत्री मोहम्मद यूनुस के संरक्षण में हिन्दुओं और खास तौर पर यदुवंशियों पर अत्याचार किया जा रहा है। महिलाओं और बच्चों को घरों से खींचकर कत्ल किया जा रहा है। इस्कॉन मंदिर को तोड़ा गया है। उन्होंने घोषणा की कि मोहम्मद यूनुस का सिर काटकर लाने वाले को उनकी संस्था 5 करोड़ रुपये, एक फॉर्च्यूनर और डिफेंडर कार भी इनाम में देगी।

पूर्व विधायक विजय यादव ने आगे कहा कि वह श्रीकृष्ण के वंशज और अनुयायी हैं। भगवान श्रीकृष्ण के उपासकों और भक्तों पर अत्याचार करने वाले को छोड़ेंगे नहीं। केंद्र सरकार नारायणी सेना कृष्ण को अनुमति और संरक्षण दे तो अत्याचारी मोहम्मद यूनुस को बांग्लादेश में घुसकर सबक सिखा सकते हैं। उन्होंने नाराजगी जताई कि अल्पसंख्यकों के हितैषी बनने वाले राहुल गांधी, अखिलेश यादव, मायावती, असदुद्दीन ओवैसी, चंद्रशेखर जैसे नेताओं ने बांग्लादेश में अल्पसंख्यक हिन्दुओं पर हो रहे अत्याचार पर मुंह तक नहीं खोला। मोहम्मद यूनुस चुन-चुनकर श्रीकृष्ण के भक्तों को मरवा रहे हैं। यह घोर निंदनीय है। इसे स्वीकार नहीं किया जा सकता। विजय यादव ने कहा कि बांग्लादेश में हिन्दू अल्पसंख्यकों पर हो रहे अत्याचार नहीं सहेंगे। उन्होंने केंद्र सरकार से मांग की कि नारायणी सेना को हथियार उपलब्ध करा दिए जाएं तो बांग्लादेश जाकर वहां हो रहे हिंदुओं के कत्लेआम का हिसाब कर लेंगे।



## विकलांग ने दरोगा पर लगाया गालीगलौज और धक्का देकर गिराने का आरोप

**प्रयागराग कैनविज टाइम्स संवाददाता।** जमुनापार कौंधियारा थाना क्षेत्र कौंधियारा अन्तर्गत लहबरा कोइलहा निवासी एक दिव्यांग व्यक्ति ने थाने के एक दरोगा के ऊपर गाली गलौज व धक्का देने का आरोप लगाया है। धक्का देने के दौरान उसे गंभीर चोटें आई है। न्याय के लिए पीड़ित ने मुख्य पुलिस आयुक्त से न्याय के लिए गुहार लगाई है। महावीर पुत्र स्व दौलत राम कोटार्य ने अपने शिकायती पत्र में बताया कि अट्ठाइस अक्टूबर की सुबह थाने में तैनात दरोगा मनीष सिंह एक मामले में उसके घर आकर उसे गाली देते हुए जबर्दस्ती धक्का देते हुए कौंधियारा थाना ले जाने लगे। जिसमें विकलांग महावीर गिर पड़ा, जिसमें उसे गंभीर चोटें आईं हैं। हालत यह है कि उसका उठना बैठना भी मुश्किल हो गया है। विकलांग युवक ने इस संबंध में पुलिस उपायुक्त को पत्र लिखकर मामला दर्ज करने एवं दोषी पुलिसकर्मी के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की है।

## जारी के पूर्व चौकी प्रभारी पर लग रहे हैं गंभीर आरोप,पीड़ित ने दी आत्मदाह की चेतावनी

**प्रयागराग कैनविज टाइम्स संवाददाता।** जमुनापार कौंधियारा थाना क्षेत्र के जारी पुलिस चौकी के पूर्व प्रभारी द्वारा एक पीड़ित व्यक्ति को 4 महीने से परेशान करने का मामला संज्ञान में आया है ।मामले में आरोप है कि4 माह पूर्व बहरईचा खीरी के समीप कुडुरी गांव के विजय शंकर तिवारी को घर से बिना बताए लेकर गांव के ही राम बहोर भूर्तिया अपने साथ ट्रेक्टर से घूरपुर लेकर गया था। देर रात वहां से ईट लादकर वापस आ रहा था कि जारी चौकी के समीप गढ़ैया गांव के सामने हाईवे पर रीवा की ओर जा रही ट्रक ने पीछे से ट्रैक्टर की ट्राली में जोरदार टक्कर मार दी। जिसमें विजय शंकर तिवारी की मौके पर ही मौत हो गई थी ।घटना के बाद जारी चौकी में मुकदमा पंजीकृत किया गया था ।वहीं दुर्घटना में संदिग्ध तौर पर बाल बाल बचे रामबहोर भूर्तिया ने पीड़ित परिवार की जानमाल की रक्षा की प्रतिपूर्ति के लिए क्षतिग्रस्त ट्राली की राशि ढाई लाख और पीड़ित विधवा व अनाथ बच्चों की परवरिश के लिए 20 लाख रुपए देने की बात पीड़ित के परिजनों से कही थी। किंतु आरोपी रामबहोर भूर्तिया और जारी चौकी के पूर्व प्रभारी विपिन वर्मा की मिली भगत से पीड़ित विधवा और उसके परिजनों को4 महीने से क्षतिपूर्ति के लिए परेशान किया जा रहा है ।पीड़ित का आरोप है कि चौकी प्रभारी ने कई बार दोनों पक्षों के बीच चौकी में समझौते भी कराए, किन्तु आरोपी से सांठगांठ कर समझौते से मुकर गए ।आरोप है कि पीड़ित कई बार आप एसीपी विवेक यादव से मिलना चाहा किंतु वर्मा ने उन्हें मना करते हुए आश्वासन दिया कि आपके कार्य पूरी जिम्मेदारी मेरी है ।पीड़ित विधवा के परिजनों ने कहा कि जब हमने न्यायालय की शरण में जाने बात कही तो पूर्व चौकी प्रभारी विपिन वर्मा ने उसे बुलाकर समझौता कराया लेकिन समझौते के अनुसार वह अब क्षतिपूर्ति की राशि नहीं दे रहा है।

## नाबालिग किशोरी को भगा ले गया युवक नामजद मुकदमा दर्ज

**प्रयागराग कैनविज टाइम्स संवाददाता।** जमुनापार मेजा थाना क्षेत्र के बहियारी खुर्द थाना कोंराव हाल मुकाम परानीपुर थाना मेजा की एक विधवा की नाबालिक बेटी को एक युवक अपने साथियों के साथियों के साथ मिलकर बहला फुसलाकर भाग ले गया खोजबीन के बाद विधवा ने दो नामजद लोगों के खिलाफ मेजा थाने में मुकदमा पंजीकृत कराया है लेकिन पुलिस उक्त विधवा की शिकायत पर कोई कार्रवाई न करने से आहत है कंचन देवी पत्नी स्वर्गीय कमलेश कनौजिया ने मेजा थाने में मुकदमा पंजीकृत कराया है कि उसकी 17 वर्षी बेटी को करण कुमार व विकास कुमार निवासी परनामपुर गौरा थाना जिगना जनपद मिर्ज़ापुर 8 नवम्बर को शाम 7:00 बजे दो अन्य साथियों के साथ बहला फुसलाकर कर भगा ले गया काफी खोजबीन करने के बाद पता न चलने अपने पर मेजा थाने में दो के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत कराया है वहीं पुलिस मामले में को गंभीरता से नहीं लिया और वही आरोपी गण विधवा महिला को जान से मारने की धमकी भी दे रहे हैं विधवा ने उच्च अधिकारियों को इस आशय की सूचना देकर आरोपियों के घर पकड़ एवं अपनी जान मान की सुरक्षा और बेटी की बरामदगी की अपील की है।

## अंतिम संस्कार में शामिल होने जा रही महिला की सड़क दुर्घटना में मौत

**प्रयागराज कैनविज टाइम्स संवाददाता।** जनपद के करछना थाना क्षेत्र के भडेवरा बाजार में कोहडार वाया रामपुर मार्ग की तरफ आ रही तेज रफ्तार मैजिक वाहन ठ्ढ 70 गट्ठ 5309 के टकराने से बाइक सवार महिला की मौके पर मौत। घायल चालक को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र करछना भेजो गया। मृतक महिला कमला देवी उम्र 50 वर्ष पत्नी रामसिंह पटेल उर्फ बबऊ निवासी हिनौता देवरी खुर्द गांव के रहने वाली है। और उनका मायका भटेरवा गाँव के स्वर्गीय भगवान दीन उर्फ गोली महाजन की सबसे बड़ी बेटी थी! वह अपने बेटे पंकज पटेल उम्र 24 वर्ष के साथ बाइक से तुर्कहा रिश्तेदारी में अंतिम संस्कार में शामिल होने के लिए जा रही थी। मौके पर पहुंची पुलिस शव कब्जे में लेते हुए घायल को उपचार के लिए भेज दिया।

# वाराणसी लोहता में पुलिस ने शातिर लूटेरे को मुठभेड़ में दबोचा,एक बदमाश मौके से भागा

एजेंसी


वाराणसी। वाराणसी जनपद के लोहता थाना क्षेत्र में पुलिस टीम ने मुठभेड़ में शातिर बदमाश को दबोच लिया। बदमाश को मुठभेड़ में गोली लगने पर उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया । मुठभेड़ के बीच रात का फायदा उठाकर एक बदमाश मौके से भाग निकला। पुलिस टीम फरार बदमाश की तलाश में जुट गई है। एडीसीपी वरूणा सरवणन टी ने पत्रकारों को बताया कि पुलिस कमिश्नर के निर्देश पर अपराधियों के खिलाफ चल रहे।

अभियान में लोहता पुलिस टीम कोरौत बाजार के समीप शनिवार की देर रात संदिग्ध वाहनों की चेकिंग कर रही थी। इसी दौरान दो युवक मोटरसाइकिल से आते दिखे। पुलिस टीम ने उन्हें रूकने का संकेत दिया तो बदमाश वाहन मोड़ कर भागने लगे। पुलिस टीम ने पीछा किया तो बदमाशों ने फायरिंग शुरू कर दी। पुलिस की जबाबी फायरिंग में एक बदमाश को गोली लगी और वह वाहन से गिर पड़ा। यह देख उसका साथी अंधेरे का फायदा उठाकर भाग निकला। एडीसीपी वरूणा सरवणन टी ने बताया कि पुलिस टीम ने घायल बदमाश को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार बदमाश की पहचान महेश गुप्ता के रूप में हुई। बदमाश ने बताया कि मुठभेड़ के दौरान भागे साथी का नाम शिवम यादव है। घायल बदमाश ने पुलिस टीम के पूछताछ में बताया कि हम दोनों ने 6 नवंबर 2024 की रात लोहता के सिरसा पब्लिक स्कूल के पास सर्राफा व्यवसायी दीपक सेठ से तीन लाख रुपये की लूट की घटना को अंजाम दिया था। एडीसीपी के अनुसार वारदात के बाद लोहता पुलिस 3 लाख रुपये की ज्वैलरी लूट के पर्दाफाश में जुटी हुई थी। बताते चलें लोहता में लूट के बाद डीसीपी वरूणा जोन ने थानाध्यक्ष को सख्त चेतावनी देकर लूटेरों को शीघ्र गिरफ्तार करने का निर्देश दिया था।

इसके बाद पुलिस टीम बदमाशों की तलाश के साथ थाना क्षेत्र में वाहनों की चेकिंग में जुटी रही।




# बरदहा ग्राम से स्कूल जाते समय गुम हुए दो नाबालिग सगे भाई बरामद



कैनविज टाइम्स संवाददाता

करछना प्रयागराज । सुनील पटेल पुत्र बिंदेश्वरी पटेल निवासी ग्राम बरदहा थाना करछना प्रयागराज ने सूचना दिया था कि उसके दो नाबालिग बच्चे कार्तिक उम्र09 वर्ष और कृष्णा पटेल उम्र 06 वर्ष घर से स्कूल के लिए गये और स्कूल नहीं पहुँचे रास्ते से ही कहीं गुम हो गये हैं इस सूचना पर मु अ सं 375/24 धारा 137(2) उगट्ट थाना करछना पर पंजीकृत करके बच्चों की तलाश शुरू की गई विवेचना के दौरान और तलाश खोजबीन के मध्य ज्ञात हुआ कि वादी का अपनी पत्नी से मनमुटाव चलता है पत्नी अपने पति से अलग नोएडा में रहती है वह अपने दोनों नाबालिक बच्चों को अपने साथ लेकर चली गई थी बच्चों को सकुशल बरामद कर लिया गया है क्योंकि उसकी मां बच्चों की प्राकृतिक संरक्षक है अतः बच्चों को उसकी मां अपने साथ ले गई है ।

## डिस्कनेशन अभियान में विधुत टीम नें 1 लाख 12 हज़ार का राजस्व वसूला,96 कनेक्शन कटे



**मलिहाबाद/लखनऊ कैनविज टाइम्स संवाददाता।** विधुत विभाग ने बकाये बिल की वसूली करने के साथ विधुत चोरी पर लगाम लगाने और हाई लाइन लॉस को कम करने के लिए रविवार को अधिशासी अभियन्ता विद्युत वितरण खंड मलिहाबाद ब्रह्मपाल के नेतृत्व में उपखण्ड अधिकारी अनिल कुमार वर्मा नें विधुत टीम के साथ क्षेत्र के ग्राम माधवपुर, कसमण्डी खुर्द, गौंदा मौज़ज़्म नगर, खडता, मिर्ज़ागंज में मेगा डिस्कनेशन कॉम्बिंग अभियान में 181 उपभोक्ताओं के परिसर पर जाकर कनेक्शनों को चेक किया गया तथा 96 विद्युत संयोजन बकाये पर विच्छेदित किये गये और उपभोक्ताओं से लगभग 1 लाख 12 हज़ार रूपये जमा कराये गये और 4 उपभोक्ताओं के मीटर उखाड़े गये। इस संबंध में उपखंड अधिकारी अनिल कुमार वर्मा ने बताया कि उपभोक्ताओं से लगातार अपील की जा रही हैं कि वह अपने बकाये बिल को समय से जमा करें ताकि विधुत आपूर्ति में उन्हें किसी प्रकार की समस्या न हो और बिजली चोरी से बचें अन्यथा सख्त कार्यवाही होगी। इस दौरान अवर अवर अभियन्ता त्रिभुवन सिंह सहित लाइन स्टॉफ के साथ चेकिंग अभियान चलाया गया।

## नगर निगम ने छेड़ा पान मसाले के धब्बों को छुड़ाने का अभियान

**लखनऊ कैनविज टाइम्स संवाददाता।** नवाबों की नगरी लखनऊ कभी अपनी खूबसूरती और तहजीब के लिए मशहूर हुआ करता था। वक्त के साथ-साथ तहज़ीब का शहर लखनऊ बदला, लखनऊ के लोग बदल गए। इसका जीता जागता सबूत शहर की गंदी दीवारें और थूक से पटे हुए डिवाइडर है।

लोग मसाला खाकर इधर-उधर थूकते हैं चलती गाड़ियों से डिवाइडर पर पान मसाला खा कर थूक कर उनको गंदा करते हैं। ऐसे में नगर निगम ज़ोन 6 में ज़ोनल अधिकारी मनोज यादव ने शहर को स्वच्छ बनाने के लिए एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए ज़ोन 6 में डिवाइडरों को धुलवाकर पान मसाले के थूक के धब्बों को मिटाने की मुहिम चलाई है जिसके चलते जगह जगह नगर निगम कर्मचारियों द्वारा पानी के टैंकर से पाइप लगाकर डिवाइडरों की धुलाई करवाई गई।

# युवाओं के ही साथ देश का भविष्य है : न्यायमूर्ति नीरज तिवारी

❐ ज्योति हॉस्पिटल एंड नर्सिंग कॉलेज नैनी में लैंप लाइटिंग सेरेमनी में बोले न्यायमूर्ति

कैनविज टाइम्स संवाददाता

प्रयागराज जमुनापार। ज्योति हॉस्पिटल एंड नर्सिंग कॉलेज में रविवार को लैंप लाइटिंग सेरेमनी कार्यक्रम के दौरान मुख्य अतिथि न्यायमूर्ति नीरज तिवारी ने कहा कि युवा मन लगाकर पढ़ाई करें। युवाओं के हाथ में ही देश का भविष्य है। देश और समाज के लिए शिक्षा बहुत जरूरी है। विशिष्ट अतिथि आईपीएस जुगल किशोर तिवारी ने कहा कि नर्सिंग कॉलेज के बच्चे समाज की सेवा से जुड़ते हैं। वह अपने जीवन काल में तमाम जरूरतमंदों की मदद करते हैं। आईपीएस अशोक शुक्ला ने कहा कि यह संस्थान यमुनापार में शिक्षा का उजियारा फैला रहा है। आने वाले समय में यहां के बच्चे देश और प्रदेश के अस्पतालों में अपनी सेवा देंगे। संस्थान के डायरेक्टर डॉ. आरपी पांडेय ने कहा कि उनका पूरा जीवन यमुनापार के लोगों की सेवा के लिए है। गरीब बच्चों को सस्ती और अच्छी शिक्षा के साथ जरूरतमंदों की मदद के लिए सदैव काम किया। जीवन ज्योति इंस्टीट्यूशंस के बैनर तले आयोजित कार्यक्रम में कुसुम पांडेय ने कहा कि बच्चियों की शिक्षा के लिए यह संस्थान तत्पर है। आने वाले समय में यहां की बच्चियां समाज के लिए उदाहरण पेश करेंगी। कार्यक्रम के दौरान डॉ. केके शुक्ला, प्रो. विनीता दास, राकेश पांडेय, संजय अग्रवाल, अजय शुक्ला, सुमित तिवारी आदि मौजूद रहे।



# लगातार तीसरे दिन श्री काशी विश्वनाथ का स्पर्श दर्शन श्रद्धालुओं को नहीं मिला

❐ देव दीपावली पर्व से ही मंदिर में भारी भीड़ को देख मंदिर प्रशासन ने लिया निर्णय

एजेंसी

वाराणसी। लगातार तीसरे दिन रविवार को भी श्री काशी विश्वनाथ मंदिर में श्रद्धालुओं को स्पर्श दर्शन नही मिला। कतारबद्ध श्रद्धालुओं ने बाबा का सिर्फ झांकी दर्शन किया। देव दीपावली पर्व से ही मंदिर में स्पर्श दर्शन पर रोक लगा दी गई है। मंदिर प्रशासन ने 15 और 16 नवम्बर को उमड़ी भारी भीड़ को देख स्पर्श दर्शन पर रोक लगाया था। रविवार को अवकाश का दिन होने के चलते दरबार में भक्तों की भीड़ उमड़ने को ध्यान में रख मंदिर प्रशासन ने स्पर्श दर्शन पर रोक लगा दी । शनिवार देर शाम मंदिर के मुख्य कार्यपालक अधिकारी ने स्पर्श दर्शन पर रोक की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि प्रोटोकॉल और सुगम दर्शन के दबाव के चलते मंदिर प्रशासन ने स्पर्श दर्शन बंद करने का फैसला लिया। गर्भगृह के बाहर से ही श्रद्धालुओं को बाबा के पावन ज्योतिर्लिंग का झांकी दर्शन होगा। मंदिर प्रशासन ने श्रद्धालुओं से अपील की है कि काशी विश्वनाथ धाम की व्यवस्थाओं में सहयोग करें। बताते चलें कि देव दीपावली पर्व से ही काशी विश्वनाथ धाम में आ रहे श्रद्धालुओं की भारी भीड़ को देख स्पर्श दर्शन रोका गया । जिससे मंदिर के गर्भगृह में भगदड़ की स्थिति न हो। पिछले दिनों गर्भगृह में भारी भीड़ के चलते हुई धक्कामुक्की में कुछ श्रद्धालु बाबा के अरघे में गिर गए थे। मंदिर प्रशासन ने 17 नवम्बर रविवार तक प्राप्त हो रहे प्रोटोकाल अनुरोध,बुक किए जा रहे आनलाइन सुगम दर्शन की संख्या से मंदिर में भीड़ का अनुमान लगाकर तीन दिनों तक स्पर्श दर्शन पर रोक लगाई है।



# बनी के ऐतिहासिक हटिया मेले का हुआ शुभारंभ



कैनविज टाइम्स संवाददाता

सरोजनीनगर, लखनऊ। बँथरा के बनी गाँव में आयोजित चार दिवसीय पौराणिक हटिया मेले की शुरुआत हो गई, यह मेला सई नदी के तट पर स्थित श्री रेतेश्वर महादेव धाम के पास लगता है। मेले का शुभारंभ भाजपा नेता शंकरी सिंह और मेला कमेटी के सदस्यों ने पूजा अर्चना कर किया गया।

भाजपा नेता शंकरी सिंह ने कहा कि यह मेला हमारी संस्कृति, हमारी परंपरा और हमारी एकता का प्रतीक है, जो हमें हमारी जड़ों से जोड़ता है और हमारी सांस्कृतिक विरासत को आगे बढ़ाने में मदद करता है। मेले में आस-पास के जनपदों से बड़ी संख्या में लोग पहुँचे हैं, और विधायक डॉ राजेश्वर सिंह की तरफ़ से लोगों के लिए स्वादिष्ट भोजन और बच्चों के लिए निःशुल्क झूले की व्यवस्था की गई है।

मेले में महिलाएँ घरेलू सामानों की खरीदारी करती हैं, और बच्चे झूलों, चाट, गोलगप्पे, और अन्य व्यंजनों का आनंद लेते हैं। रात को सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं, जो मेले की सांस्कृतिक महत्ता को बढ़ाते हैं। यह मेला पिछले सैकडो वर्षों से कार्तिक पूर्णिमा के बाद द्वितीया तिथि पर आयोजित किया जाता है, और यह एक महत्वपूर्ण सांस्कृतिक आयोजन है जो समाज की एकता और सांस्कृतिक विरासत को मजबूत बनाने में मदद करता है।इस मौक़े पर मेला कमेटी अध्यक्ष पूर्व प्रधान राकेश सिंह ग्राम प्रधान रमेश गुप्ता, पूर्व प्रधान जगनायक सिंह, राजकुमार सिंह ,विनय दीक्षित,पूर्व प्रधान राजेश सिंह, पार्षद मनोज रावत, पूर्व ज़िला पंचायत सदस्य सतगुरु रावत,सज्जन पाल, पूर्व ज़िला पंचायत सदस्य सुनील रावत, विकास सिंह , शिव नारायण सिंह , प्रधान सुनील वर्मा, प्रधान मोले पाल ,पूर्व प्रधान शशि कांत तिवारी , पूर्व प्रधान श्री कृष्ण रावत ,एडवोकेट के के दीक्षित, शिव भगवान सिंह ,अंचल गौतम, मंडल अध्यक्ष विवेक राजपूत पूर्व विधायक राधेलाल रावत, माखन सिंह सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि एवं क्षेत्रवासी उपस्थित रहे।

# बहरौली के जवाहरलाल नेहरू इंटर कॉलेज के छात्रों ने देखी आंचलिक विज्ञान नगरी



कैनविज टाइम्स संवाददाता

नगराम, लखनऊ । नगराम क्षेत्र स्थित जवाहरलाल नेहरू इंटर कॉलेज बहरौली के छात्र-छात्राओं को शैक्षिक भ्रमण के अंतर्गत आंचलिक विज्ञान केंद्र अलीगंज एवं कलाम लैब दिखाया गया।

छात्र-छात्राओं को विषयों के सैद्धांतिक पक्ष के साथ-साथ प्रायोगिक पक्ष पर काम कराना बहुत आवश्यक रहता है। विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए अनेक प्रकार की गतिविधियां कराई जाती हैं जिनमें शैक्षिक भ्रमण भी शामिल रहता है। सबसे पहले बच्चों को विद्यालय से आंचलिक विज्ञान केंद्र लखनऊ ले जाया गया जहां पर उन्होंने विभिन्न प्रकार के वैज्ञानिक सिद्धांतों पर आधारित उपकरण और मशीनों को देखा तथा निर्देशानुसार स्वयं प्रयोग करके देखा। आडीटोरियम में बच्चों को थ्री डी शो दिखाया गया। विज्ञान प्रदर्शन के दौरान कई रासायनिक प्रयोग करके दिखाये गये तथा नाइट्रोजन से संबंधित गतिविधियां कराई और दिखाई गईं। जीवविज्ञान,भूगोल, पर्यावरण विज्ञान तथा अन्य विषयों से सम्बंधित गैलरी का निरीक्षण बच्चों ने बड़ी उत्सुकता के साथ किया। कलाम लैब में बच्चों को विमान से संबंधित वैज्ञानिक सिद्धांतों और प्रौद्योगिकी के बारे में बारीकी से वहां के एक्सपर्ट द्वारा जानकारी प्रदान की गई। बच्चों से क्वाडकाप्टर तथा एयरोप्लेन के माडल की उड़ान कराई गई। पूरे भ्रमण के दौरान बच्चों ने हर चीज बड़ी जिज्ञासा और आनंदपूर्वक देखा। इस दौरान प्रधानाचार्य अनिल कुमार वर्मा के साथ शैक्षिक भ्रमण के संयोजक एवं अंग्रेजी शिक्षक अमित कुमार एवं उनके सहयोगी शिक्षक प्रेम कुमार, श्रीकांत, रणंजय सिंह, उमेश कुमार,लक्ष्मी सिंह, अंजू वर्मा उपस्थित रहे।

# फोर्थ जनरेशन डिजायर की लंचिंग करने पहुचे अपर महाधिवक्ता विनोद शाही

कैनविज टाइम्स संवाददाता

काकोरी लखनऊ। वनअप मोटर्स में मारुती सुजुकी फोर्थ जनरेशन डिजायर की लॉन्चिंग मुख्य अतिथि विनोद कुमार शाही अपर महाधिवक्ता तथा वनअप मोटर्स ग्रुप के मैनेजिंग डायरेक्टर श्री यशवर्धन अग्रवाल, सूर्यवधनअग्रवाल और अभिमन्यु मंगलम द्वारा की गयी। इस अवसर पर वनअप मोटर्स ग्रुप के प्रेसिडेंट प्रशान्त त्रिपाठी द्वारा बताया गया कि यह गाड़ी चौथी जनरेशन की प्रीमियम सेडान है। फाइव स्टार रेटिंग डैज़लिंग डिजायर सात आकर्षक रंगो के साथ चार वैरिएंट्स में लांच हुई है। नई डिजायर में पहली बार सनरूफ के साथ ही लार्ज टच स्क्रीन सिस्टम, एप्पल कार प्ले, आटोमेटिक क्लाइमेट कंट्रोल, वायर लैस फोन चार्जिंग सहित अन्य सुविधाए दी गई है। कार क शुरुआती कीमत 6.





79 लाख है।इस अवसर पर केसी बाजपेई मूर्तिकार,मनुव्रत बाजपेई कवि,मयंक शाही,जीएम सौरभ सिंह सहित वनअप मोटर्स ग्रुप बालागंज के सभी पदाधिकारी व कर्मचारी मौजूद थे।

# बीकेटी विकासखंड की अधिकांश सहकारी समितियों पर नहीं है खाद, किसान परेशान

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बीकेटी। बीकेटी तहसील क्षेत्र के अधिकांश साधन सहकारी समितियों पर पर्याप्त मात्रा में डीएपी खाद की आपूर्ति नहीं किए जाने से क्षेत्र के किसान परेशान हैं।किसान खाद के लिए समितियों का चक्कर काट रहे हैं लेकिन उन्हें खाद नही मिल पा रही है,प्रदेश सरकार के निर्देश के बाद भी साधन सहकारी समितियों पर खाद की पर्याप्त मात्रा में आपूर्ति नहीं की गई है।यदि किसी केंद्र पर आपूर्ति की गई है तो वह ऊंट के मुंह में जीरा के बराबर है।वहीं प्राइवेट दुकानदार महंगे दामों पर खाद बेंच रहे है और उसकी गुणवत्ता की कोई गारंटी नहीं है।वही भारतीय किसान यूनियन उत्तर प्रदेश के सचिव रामप्रकाश सिंह ने प्रदेश के मुखिया योगी आदित्यनाथ को पत्र लिखकर जानकारी देते हुए बताया कि साधन सहकारी समिति लि0अटेसुवा,विकास खण्ड- बख्शी का तालाब,जनपद-लखनऊ के बगल की साधन सहकारी समिति लि0शिवरी व मुसपिपरी काफी समय से बंद हैं,जिसके चलते इन साधन सहकारी समितियों के अधिकांशतः किसान अटेसुवा से खाद लेकर अपने फसलों की




बुआई करते चले आ रहे हैं।लगभग 1 सप्ताह पूर्व साधन सहकारी समिति लि0अटेसुवा पर 390 बोरी डी0ए0पी0किसानों में बँटने के लिए आई थी।वही शनिवार को समिति पर किसानों की संख्या अधिक होने के चलते हंगामा होने पर थाना इटौंजा की पुलिस व ए0डी0ओ0 कॉपरेटिव बी0के0टी0 की उपस्थिति में डी0ए0पी0 खाद का वितरण समिति के सचिव राम किशोर यादव द्वारा लाइन लगवाकर नियमानुसार शुरू किया गया था।200 बोरी डी0ए0पी0 बँटने के बाद पॉश मशीन( अंगूठा लगाकर खाद खारिज करने वाली मशीन) का नेटवर्क फ़ेल हो जाने के कारण बाकी बची 190 बोरी डी0ए0पी0 का वितरण नहीं हो पाया।जिससे सुबह से लाइन में लगे सैंकड़ों किसान आक्रोशित हो गए और मौके की स्थिति को देखते हुए समिति के सचिव ने लाइन में खड़े लगभग 200 महिला व पुरुष किसानों का नाम रजिस्टर में अंकित करके किसी तरह से किसानों को शांत कराया।बची हुई 190 बोरी खाद से रजिस्टर में दर्ज किसानों को खाद का वितरण किया जाना संभव नहीं है।रबी की फसल के पीक सीजन में इन परिस्थिति को देखते हुए समितियों पर ज़रूरत के अनुसार और अधिक डी0ए0पी0/एन0पी0के0 खाद उपलब्ध कराने की मांग की है,जिससे किसानों की समस्याओं का समाधान हो सके।

## प्रतिबंधित फलदार पेड़ों पर चला आरा, मूकदर्शक रहा विभाग



बंथरा,लखनऊ कैनविज टाइम्स संवाददाता। क्षेत्र में रविवार को दिनदहाड़े प्रतिबंधित फलदार हरे पेड़ों पर आरा चलता रहा और संबंधित विभाग अनजान बना रहा। इससे तो यह प्रतीत होता है कि विभागीय क्षेत्रीय अधिकारी इन बेखौफ लकड़हारों से मिले हुए हैं जिन्हें अपने चन्द फायदे के लिए पर्यावरण संरक्षण के लिए सरकार द्वारा चलाई जा रही महत्वाकांक्षी मुहिम को पलीता लगाने से भी परहेज नहीं है। यहां क्षेत्र के हरौनी कस्बे से डिफेंस कॉरिडोर के लिए जाने वाली सड़क के किनारे पानी की टंकी सामने लगभग आधा दर्जन आम के पेड़ों की अधिकांश मोटी डालें काटकर लकड़ी माफिया वाहन में भरकर उठा ले गया। इन पेड़ों में मात्र दिखावा के लिए कुछ डालें बची दिखाई दे रही हैं। जो कहीं से आम के पेड़ों की छंटाई की गई हैं यह नहीं दर्शा रही हैं, यही लग रहा हैं इनको किसी भी समय काटकर सफाया कर दिया जायेगा। किसी प्रकार जब इन पेड़ों के काटे जाने की सूचना वन विभाग के अधिकारियों को मिली तो जब तक अधिकारी मौके पर पहुंचते हैं तब तक लकड़हारे इन आम के पेड़ों की लकड़ी वाहन में भरकर भाग निकलते हैं। बताते चलें कि थाना क्षेत्र में आए दिन प्रतिबंधित पेड़ों की कटान की जा रही है बावजूद पुलिस और वन विभाग के संबंधित अधिकारियों के द्वारा इन बेखौफ लकड़हारों पर किसी प्रकार की कोई लगाम नहीं लग पा रही है।

## 20 वर्षीय लड़की को बहला-फुसलाकर अपहरण करने का मामला

दुबग्गा कैनविज टाइम्स संवाददाता । लीला खेड़ा निवासी रमेश गौतम ने थाने में तहरीर देकर अपनी 20 वर्षीय बेटी सुभाषिनी के अपहरण का मामला दर्ज कराए जाने की मांग की है। प्रार्थी ने अपनी तहरीर में कहा है कि उनकी बेटी को गांव के ही राज सैनी उर्फ ओपी दीपू सर्व ने 15 नवम्बर 2024 को सुबह करीब 3 बजे बहला-फुसलाकर भाग लिया। प्रार्थी के अनुसार, आरोपी युवक लगभग 8-9 महीने से मोबाइल और इंस्टाग्राम के जरिए उनकी बेटी को परेशान कर रहा था। उसने लड़की की वीडियो क्लिप, फोटो और वॉयस रिकॉर्डिंग वायरल करने की धमकी दी थी, जिससे उनकी बेटी मानसिक रूप से परेशान थी। इस संबंध में पहले भी 4 अगस्त 2024 को एक शिकायत थाने में दी गई थी।प्रार्थी ने यह भी बताया कि आरोपी युवक उनकी बेटी के साथ किसी अप्रिय घटना को अंजाम दे सकता है, जैसे कि उसे जान से मार देना या फिर किसी अन्य तरीके से नुकसान पहुंचने की बात कही है। शिकायत के आधार पर थाना प्रभारी निरीक्षक अभिनव कुमार वर्मा ने घटना को गंभीरता से देखते हुए मामला दर्ज कर आवश्यक जांच करने का आश्वासन दिया है

## फिल्म निर्माण में भारतीय दृष्टि होनी चाहिए: अनंत विजय

लखनऊ कैनविज टाइम्स संवाददाता। बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर विश्वविद्यालय में अवध चित्र साधना की ओर से आयोजित दो दिवसीए फिल्म महोत्सव का समापन रविवार को हो गया। समापन समारोह को संबोधित करते हुए वरिष्ठ पत्रकार एवं लेखक अनंत विजय ने कहा कि भारतीय दृष्टि को ध्यान में रखकर फिल्म बनाई जानी चाहिए। उन्होंने कहा कि पत्रकारिता हो या सिनेमा हमें वही समाज को परोसना चहिए जिसमें देश व समाज को हित हो। अनंत विजय ने कहा कि फ़िल्म निर्माण में फ़िल्म निर्माता द्वारा विचारों को दृश्य के रूप में प्रस्तुत करना आसान नहीं है एक बड़ी चुनौती है। आज के डिजिटल युग कम समय में कहानी कहने का प्रचलन चला है। विशिष्ट अतिथि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सह क्षेत्र प्रचार प्रमुख मनोजकांत ने विद्यार्थियों को फ़िल्म निर्माण में कहानियों के महत्व और कहानी चुनाव के बारे में विस्तार से बताया। विशिष्ट अतिथि विधान परिषद सदस्य पवन चौहान ने कहा भारतीय फ़िल्म इंडस्ट्री में उत्तर प्रदेश का एक महत्वपूर्ण रोल है क्योंकि अधिकतर कहानियाँ उत्तर प्रदेश या उत्तर भारत से जुड़ी है इसके संदर्भ में उन्होंने कहा कि फ़िल्म शोले की कहानी उत्तर प्रदेश के सीतापुर जनपद से जुड़ी हुई है। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए बीबीएयू के कुलपति प्रोफ़ेसर एन.एम.पी. वर्मा ने कहा कि नोएडा फ़िल्म सिटी और ज़ेवर एयरपोर्ट के संचालन से लखनऊ में फ़िल्म निर्माताओं के लिए बेहतर अवसर मिलेगा। इसके साथ उन्होंने कहा कि जन संचार पत्रकारिता विभाग ने इस विषय की शुरुआत कर बी ए फ़िल्म थिएटर और मीडिया स्टडीज का कोर्स शुरू किया। बॉलीवुड फ़िल्म कलाकार डॉ. अनिल रस्तोगी ने कहा ᅠफ़िल्म निर्माण और कला के क्षेत्र में उम्र मात्र एक नंबर है। आज मेरी उम्र 81 वर्ष से अधिक है लेकिन मैं लगातार अपना अच्छा किरदार निभाने की कोशिश करता हूँᅠ। इस सत्र में डॉ. अनिल रस्तोगी से बात करते हुए रमा अरुण त्रिवेदी ने अपने बीते हुए लम्हों की यादों को ताजा किया।

# सार क्रिकेट ग्राउंड बीकेटी पर खेला गया प्रथम नंदलाल कॉर्पोरेट टी-20 चैंपियनशिप का सौवां मैच

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बीकेटी। रविवार को प्रथम नंदलाल टी-20 कॉर्पोरेट चैंपियनशिप का सौवां मैच अवध स्ट्राइकर और गोमती क्रिकेट क्लब के मध्य खेला गया,जिसमें अवध स्ट्राइकर ने गोमती क्रिकेट क्लब को 7 विकेट से हराकर जीत हासिल की। गोमती क्रिकेट क्लब की तरफ से विवेक यादव ने 51 रन और सुरेश जोशी ने 48 रन का योगदान दिया वहीं अवध स्ट्राइकर की तरफ से अनुराग श्रीवास्तव ने 4 विकेट झटके और विश्वदीप के 76 व कुनाल सिंह ने 39 रन के योगदान से आसान जीत द़र्ज की।वही अगला मैच राजपूत रॉयल व विंटेज इलेवन के मध्य खेला गया,जिसमें विंटेज इलेवन ने अंकित तलवार के 65 व जफर के 66 रन के योगदान की बदौलत कुल 176रन बनाए,वहीं राजपूत रॉयल की तरफ़ से उनके गेंदबाज़ इंद्रजीत ने तीन







विकेट झटके तथा राजपूत रॉयल के बल्लेबाज़ गौरव सिंह के नाबाद 64रन और रुद्रप्रताप सिंह के नाबाद 54रन के योगदान के कारण एक आसान जीत द़र्ज की।वहीं इसी चैंपियनशिप के अन्य मैचों में आरस्ता मेफ़ेयर क्रिकेट क्लब ने एसएस आईपीएल टीम को हराया,लखनऊ हंटर्स ने सार स्पोर्ट्स ग्रुप को हराकर जीत द़र्ज की।अन्य मैच में केजीएमयू लीजेंड की टीम ने शालीमार टीम को हराया,जहां केजीएमयू लीजेंड की तरफ़ से डा.गौरव कठेरिया के 63रन और विपिन तिवारी के 69 रन की मदद से 201रन का विशाल स्कोर खड़ा किया जिसके जवाब में शालीमार टीम की तरफ़ से सुनील ने 53 रन,राकेश पांडेय ने 28रन का योगदान दिया,शालीमार की टीम ने कुल 163रन ही बना पाई और जिस कारण हार का मुंह देखना पड़ा।

# उदा देवी ने 36 अंग्रेजों को मौत के घाट उतारा था

कैनविज टाइम्स संवादाता



लखनऊ।अमर शहीद वीरांगना उदा देवी पासी का बलिदान दिवस सिकंदरा बाग चौराहा हजरत गंज में मनाया गया ।इस वीर महिला उदा ने 36 अंग्रेजों को मौत के घाट उतारा था ।यह बात मुख्य अतिथि के रूप में कार्यक्रम में पहुंचे सरोजनी नगर के विधायक डॉ राजेश्वर सिंह ने कही। कार्यक्रम में पहुंचे सभी अतिथियों को क्षेत्रीय उपाध्यक्ष अनुसूचित जाति मोर्चा भाजपा वीरेंद्र कुमार रावत ने धन्यवाद कहा।इस आयोजन में लखनऊ की महापौर श्री मती सुषमा खर्कवाल, भगवती प्रसाद, प्रधान संघ अध्यक्ष गोसाई जितेन्द्र कुमार ( जीतू ) अम्बेडकर मंच के अध्यक्ष भुवन नाथ पासवान, रंगनेश रावत,सुरेश कुमार रावत ,क्षेत्रीय उपाध्यक्ष अनुसूचित जाति मोर्चा अवध क्षेत्र वीरेन्द्र कुमार रावत सुनील रावत, अशोक रावत , स्वतंत्र कुमार रावत, कामता प्रसाद रावत, सुशील रावत, अनिल रावत, चंद्रकेश रावत, अश्वनी रावत ,अरुण कुमार, विमल रावत रामहरूप रावत आशीष रावत अंकित कुमार सुरजीत, राकेश कुमार, के आलावा हजारों की संख्या में लोग मौजूद रहे ।

# अयोध्या दर्शन को रवाना हुए सरोजनीनगर के श्रद्धालु

कैनविज टाइम्स संवाददाता

## विधायक ने 32वीं रामरथ यात्रा को दिखाई हर झंडी

सरोजनीनगर, लखनऊ। सरोजनीनगर विधायक डॉ. राजेश्वर सिंह ने रविवार को नटकुर मैदान से 32वीं रामरथ श्रवण अयोध्या यात्रा (निःशुल्क) बस सेवा को हरी झंडी दिखाई। इस यात्रा के अंतर्गत दो बसों से रनियापुर और सरोसा-भरोसा के बुजुर्गों और महिलाओं को अयोध्या ले जाकर राम मंदिर, हनुमान गढ़ी, सरयू घाट, राम की पैड़ी, दशरथ महल और अन्य महत्वपूर्ण स्थलों के दर्शन कराया गया। विधायक डॉ. राजेश्वर सिंह ने स्वयं सभी तीर्थयात्रियों को पटका पहनाकर बस में बिठाया। जय श्रीराम के जयकारों के साथ दोनों बसें अयोध्या के लिए रवाना हुईं। पूरी यात्रा के दौरान विधायक की टीम के वालिंटियर्स श्रद्धालुओं को उनके घर से लाने, ले जाने, रास्ते में भोजन, जलपान, प्रसाद जैसी हर आवश्यकता को पूरा करने के लिए मौजूद रहे, किसी वृद्ध या महिला को कोई असुविधा या परेशानी न होने पाए इस बात का पूरा ख्याल रखा गया।

डॉ. राजेश्वर सिंह ने नटकुर में 32वीं



रामरथ श्रवण अयोध्या यात्रा को रवाना करते हुए कहा राम मंदिर का निर्माण पूर्वजों के संघर्षों का सुखद परिमाण है, विधायक ने कहा हमारी अगली बीस पीढ़ियां हमें इस बात के लिए याद रखेंगी कि हमारे जीवनकाल में अयोध्या में भव्य राम मंदिर का निर्माण हुआ। विधायक ने चुनाव प्रचार का समय याद करते हुए कहा कि उसी समय जनता के अंदर राम मंदिर निर्माण, उसके स्वरुप और दर्शन को लेकर अद्‌भुत जिज्ञाषा थी। विधायक ने बताया उसी समय राम रथ के संचालन का संकल्प लिया था, 27 सितम्बर 2022 को पहली रामरथ श्रवण अयोध्या यात्रा संचालित हुई, जो निरंतर जारी है। डॉ. सिंह ने राम मंदिर के बारे में बताते हुए कहा मंदिर निर्माण में न ही स्टील का प्रयोग हुआ न ही सीमेंट का का प्रयोग हुआ है। भगवान राम की प्रतिमा भी इतनी मनमोहक है कि उसमें भगवान के बाल्य, देव और राजकुमार तीनों रूपों के दर्शन होते हैं। डॉ. सिंह ने सरयू नदी के महत्व बारे में बताते हुए कहा कि सरयू स्नान से सभी तीर्थों के दर्शन का पुण्य लाभ प्राप्त होता है। विधायक डॉ. राजेश्वर सिंह द्वारा संचालित यह सुविधा सरोजनीनगर के अनेक बुजुर्गों के लिए किसी सपने से काम नहीं है, क्योकि आज भी ग्रामीण क्षेत्रों के अनेक वृद्धजनों के लिए अयोध्या जाना किसी सपने के पूरा होने से काम नहीं है।

## सादुल्लानगर में आयोजित हुआ 96वां आपका विधायक - आपके द्वार जन सुनवाई शिविर

सरोजनीनगर विधायक डॉ. राजेश्वर सिंह द्वारा अपनी विधानसभा क्षेत्र में अनेक जनकल्याणकारी योजनाएं संचालित की गयीं हैं। इसी क्रम में प्रत्येक रविवार को एक ग्राम पंचायत में आपका विधायक - आपके द्वार जन सुनवाई शिविर का आयोजन भी किया जाता है। रविवार को खुशहालगंज मंडल के अंतर्गत सादुल्ला नगर में 96वां आपका विधायक - आपके द्वार जनसुनवाई शिविर आयोजित हुआ। शिविर के दौरान विधायक की टीम ने ग्रामीणों की समस्याएँ सुनीं और विकास सम्बंधित सुझाव प्राप्त किये। ग्रामीणों ने सोलर लाइट, आवास, वृद्धवस्था पेंशन, सड़क, पशु शेड सम्बंधित 35 समस्याओं से अवगत कराया, जिनके प्रभावी समाधान हेतु आश्वस्त किया गया। शिविर के दौरान गांव की शान पहल के अंतर्गत हाईस्कूल और इंटरमीडिएट परीक्षा में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले सादुल्लानगर के 4 मेधावियों दीपांजलि (हाईस्कूल 84.84%), मो. फरहान ( हाईस्कूल 80.66%) तथा कंचन पटेल (इंटरमीडिएट 69.6%) और युवराज सिंह ( इंटरमीडिएट 67%) को विधायक डॉ. राजेश्वर सिंह की और से साइकिल घडी तथा प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

## छटनी के विरोध में विद्युत संविदा कर्मी तीन दिसंबर को करेंगे सत्याग्रह

लखनऊ। विद्युत संविदा मजदूर संगठन उप्र की प्रान्तीय कार्यकारिणी की बैठक में संविदा कर्मियों की प्रदेश व्यापी छटनी के विरोध में तीन दिसम्बर को प्रदेश के हर ज़िले में एक दिवसीय सत्याग्रह करने का निर्णय लिया गया। प्रदेश अध्यक्ष नवल किशोर सक्सेना की अध्यक्षता में संगठन के केंद्रीय कार्यालय हमबरा अपार्टमेंट, नरही, में बैठक संपन्न हुई। बैठक में विद्युत मजदूर संगठन के प्रदेश अध्यक्ष विमल चंद्र पांडे,उपाध्यक्ष जितेंद्र कुमार,संगठन मंत्री राजीव रंजन राय उत्पादन अध्यक्ष सतीश तिवारी सहित संविदा संगठन के प्रदेश प्रभारी पुनीत राय, महामंत्री भोला सिंह कुशवाहा आदि प्रमुख लोग मौजूद थे।

## सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है। मैं साक्षी पुत्री राकेश कुमार निवासी ग्राम धनश्यामपुर, म0 खालिसपुर परगना व तहसील मलिहाबाद जिला लखनऊ। मेरा जीवन बीमा पॉलिसी में नाम कुमारी गुड़िया दर्ज है। साक्षी व गुड़िया मेरे ही नाम है अतः मुझे साक्षी के नाम जाना व पहचाना जाये।

# जांच की आंच से बेखबर, सचिव उमाकांत कम्हरिया कटेसर

❑ महाघोटाले को दे अंजाम,सचिव व प्रधान प्रकाशित खबर से अंजान,आखिर शिकायत की जांच क्यों लटकी अधर में।

कैनविज टाइम्स संवाददाता


सचिव उमाकांत के कहर से कराह रही सकरन



सकरन सीतापुर। विकास खंड सकरन की ग्राम पंचायत कम्हरिया कटेसर में विकास कार्यों में की गई अनिमितताओं के संबंध में ग्रामीण ने विकास कार्यों के घोटालों के विषय में ग्राम प्रधान व पंचायत सचिव शिकायत की थी।जिस शिकायत की जांच एडीओ पंचायत को मिली पर भ्रष्टाचार के आकंठ में डूबी समूची ब्लॉक के जिम्मेदार अधिकार्य्यों ने विषय की न तो जांच की न ही अभी तक स्थलीय निरीक्षण।ग्राम पंचायत में नाली,खड़ंजा,हैंड पम्प मरम्मत,रिबोर,सीसीटीवी कैमरों की खरीद से लेकर आधे अधूरे ही लगवा रकम हड़प ली गई।अपनी बदहाली पर आंसू बहाती ग्राम पंचायत कम्हरिया कटेसर पंचायत सचिव के भ्रष्टाचार की चाबुक से रही कराह फिर राज्यवित्त के लाखों रुपयों के घोटालों की शिकायत होने के बाद भी जिम्मेदार नहीं ले रहे संज्ञान।शिकायत कर्ता के टूटते सब्र का बांध यदि प्रशासन ने नहीं किया दुरुस्त तो पंचायत सचिव के तैनाती की अन्य ग्राम पंचायतों में हुए भ्रष्टाचार की समस्त साक्ष्यों सहित अदालत का दरवाजा जा सकता खटखटाया। ग्राम पंचायत कम्हरिया कटेशर में बगैर काम कराए ही अशिक्षित ग्राम प्रधान को विश्वास में पंचायत सचिव उमाकांत ने विश्वासघात कर भर लीं अपनी जेबें और लाखों की लूट को देखते रहे उच्चाधिकारी व ग्रामीण।

# चुनाव प्रचार के अन्तिम दिन सीसामऊ क्षेत्र में फिल्म अभिनेता व सांसद रवि किशन करेंगे रोड शो तैयारी पूरी

एजेंसी

कानपुर। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के रोड शो में शामिल होने वाले सीसामऊ क्षेत्र की जनता का आभार प्रकट करते हुए भारतीय जनता पार्टी कानपुर–बुंदेलखंड के क्षेत्रीय अध्यक्ष प्रकाश पाल ने रविवार को मीडिया से कहा कि योगी ने जीत के अंतर में वृद्धि कर दिया। उपचुनाव प्रचार के अन्तिम दिन उँचाईयों पर पहुंच चुके फिल्म अभिनेता एवं गोरखपुर के सांसद रवि किशन सीसामऊ क्षेत्र में रोड शो करेंग। रोड शो की तैयारी पूरी कर ली गई। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने दर्शन पुरवा की जनसभा, रामबाग से संगीत टाकीज तक रोड शो करके जीत के अंतर को बढ़ाने एवं कार्यकर्ताओं में ऊर्जा का संचार करने का काम कर दिया है। गोरखपुर सांसद रवि किशन की अगुवाई में विशाल वाहन जलूस बृजेन्द्र स्वरूप पार्क से प्रारंभ




करेगी जो विधानसभा के विभिन्न क्षेत्रों से गुजरता हुआ राय पुरवा रामलीला मैदान पर समाप्त होगा ।

प्रकाश पाल ने कहा कि सीसामऊ विधानसभा में कई परिवार मुस्लिम अपराधियों के डर से नगर के विभिन्न क्षेत्रों में पलायन कर गए ऐसे में बंटेंगे, कटेंगे का नारा सही है। अगर पुरखों का मकान बचाना है तो कमल निशान का बटन दबाना है। इरफान सीसामऊ विधानसभा में बांग्लादेशियों को बसाना चाहता है, इसलिए उत्पीड़न कर रहा था जो अब उसके जेल जाने व सजा मिलने से सिद्ध भी हो गया है। इस लिए हमने तय किया है कि जो पलायन कर गए परिवार है और उनका वोट यहीं पर है ऐसे हर मतदाता को बुलाकर वोट डलवाएं। काटने वाले वर्ग के लोग आतंकी लाते है। तीन तीन ट्रेनें पलटाने की साजिश कर चुके है तिरंगा का केक काटते है। हर वर्ग का मत भाजपा को मिल रहा है। सिंधी, पंजाबी वर्ग भी पाकिस्तान से इसी कारण ही भाग कर आए हैं।

इसलिए वो एकजुट रहेंगे तभी सुरक्षित होंगे। हर समाज को संघर्ष करना पड़ रहा है। 20 प्रतिशत हिंदू मतदाता यहां से पलायन कर गए। मैं भी एक बूथ संख्या का प्रवासी हूं। 1169 में 370 मतदाता पलायन कर गए। सरकार क्या कर रही है का जवाब देते हुए कहा कि मोदी बहुमत में आए तो सब खुश हुए थे। 2014 के बाद सुधार हुआ। 2024 में मोदी को जब कम सीटें मिलीं तो फिर उनके मंसूबे बढ़े। सपा शासनकाल में गुंडागर्दी से यह स्थिति बनी। धीरे-धीरे खतरे बढ़ रहे हैं। मतदान प्रतिशत बढाने के लिए हर 60 मतदाता पर एक प्रमुख लगाया गया है। सपा सरकार में पलायन हुआ था। अब रुका है। चुनाव बाद रोहिंग्या व बांग्लादेशी कितने सीसामऊ क्षेत्र में हैं, ये पता चल जाएगा। सवाल के जवाब में कहा कि शिवपाल व डिंपल के रोड शो से कुछ फर्क नहीं पड़ेगा। अखिलेश की सभा फ़ेल हुई तो वो अपनी इज्जत बचाने के लिए दोबारा नहीं आ रहे है डिंपल को भेज रहें, हिन्दू क्षेत्रों में आने की सपा नेता हिम्मत नहीं जुटा पा रहे है । भारतीय जनता पार्टी का एक एक कार्यकर्ता हर सनातन समाज के संपर्क में है और मतदान करने के लिए प्रेरित कर रहा है । वार्ता में जिला अध्यक्ष दीपू पाण्डेय क्षेत्रीय मीडिया प्रभारी अनूप अवस्थी जिला मीडिया प्रभारी अनुराग शर्मा भी मौजूद रहे।

# 30 तक पूरी हो जाएगी सदस्यता सत्यापन और मंडल कार्यशालाएं : भूपेंद्र

एजेंसी




देवरिया। भारतीय जनता पार्टी के जिलाध्यक्ष भूपेंद्र सिंह के नेतृत्व में रविवार को जिला कार्यालय पर कोर टीम की बैठक संपन्न हुई। जिलाध्यक्ष ने बताया कि संगठन के सदस्यता अभियान और संगठन के चुनाव के निमित्त होने वाली मंडलवार कार्यशालाएं 30 नवंबर तक पूरी कर ली जाएंगी। बैठक को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि सभी मंडल चुनाव अधिकारी अपने-अपने मंडलों के सभी शक्तिकेंद्रों और बूथों के चुनाव की प्रक्रिया पूरी कर लें।

उन्होंने कहा कि भाजपा विश्व की सबसे बड़ी और लोकप्रिय पार्टी है। कार्यकर्ता पार्टी के संवैधानिक नियमों और अनुशासनों का निष्ठा के साथ पालन करते हैं। एक वैश्विक और राष्ट्रवादी पार्टी के नाते भारी संख्या में पार्टी की विचारधारा से आम लोग जुड़ रहे हैं। इस दौरान जिला उपाध्यक्ष राजेश मिश्रा, महामंत्री श्रीनिवास मणि, रविंद्र कौशल, अभिषेक जायसवाल, प्रभाकर तिवारी, डॉ. विनय राव, अंकुर राय, आनंद शाही, नागेशपति त्रिपाठी, गिरिजेश सिंह उपस्थित रहे।

# झांसी अग्निकांड में जालौन के दो नवजात हुए लापता


एजेंसी

जालौन। झांसी में महारानी लक्ष्मीबाई मेडिकल कॉलेज के बच्चों के वार्ड में शुक्रवार की रात हुए भीषण अग्निकांड में 10 नवजात शिशुओं की मौत हो गई जबकि 16 बच्चे गंभीर रूप से झुलस गए थे। कुछ मददगारों ने अपनी हिम्मत दिखाते हुए वार्ड में भर्ती मासूमों को मौत के मुंह से बाहर निकाल लिया। लेकिन, इस अग्निकांड की आग ने हर किसी की आत्मा को झकझोर कर रख दिया है। अस्पताल गेट के बाहर चीखते-चिल्लाते परिजन अपनों से बिछड़ने का गम बर्दाश्त नहीं कर पा रहे थे। हालांकि, इस दौरान कुछ मासूम लापता हो गए जिसमें जालौन के दो बच्चें भी शामिल हैं। दरअसल, झांसी मेडिकल कॉलेज के एसएनसीयू में शुक्रवार शाम 5 बजे भी शॉर्ट सर्किट हुआ लेकिन इसे नजरअंदाज कर दिया। इसका अंजाम यह हुआ कि रात करीब 10 बजे आग की



चपेट में आने से 10 नवजात की मौत हो गई। इनमें झांसी के 4, ललितपुर के 3, हमीरपुर के 2 और जालौन का 2 मासूम है। 6 बच्चे अभी भी लापता हैं। मेडिकल कॉलेज में 16 बच्चों का इलाज चल रहा है। फिलहाल वार्ड में भर्ती इन्हीं मासूमों में से जालौन से 2 नवजात भी लापता है। जिनके परिजन उनके लौट आने का इतंजार कर रहे हैं। बच्चें को सांस लेने में तकलीफ थी इसलिए झांसी भर्ती कराया केस 1- जालौन जिले के रामपुरा ब्लाक के कंजौसा गांव की रहने वाली संतोषी पत्नी संतराम ने 5 नवंबर को रामपुरा सामूदायिक स्वाथ्य केंद्र में बेटे को जन्म दिया था। तब उसका वजन 4.5 किलों था इस कारण उसे सांस लेने में तकलीफ हो रही थी। डॉक्टर के परामर्श के बाद उसे जिला अस्पताल उरई भेजा गया था। जहां से उसको 6 नवंबर को झांसी रेफर कर दिया गया। शुक्रवार की रात आग लगने के बाद से उसके बेटे का कहीं पता नहीं चल रहा है माता-पिता बेटे के इंतजार में अस्पताल में बैठे हुए हैं। केस 2- इस अग्निकांड के दौरान जालौन की ही रहने वाली शांति देवी का बेटा भी लापता है। जिला महिला अस्पताल के नोडल अधिकारी एसके पाल ने बताया कि इलाज के लिए उसे महिला अस्पताल में भर्ती कराया गया था। इसके बाद उसे भी झांसी रेफर कर दिया गया था। फिलहाल अभी तक कोई आधिकारिक तौर पर मिलने की पुष्टि नहीं हुई है। फिलहाल, मां शांति बेटे से मिलने को बेताब नजर आ रही है।

# डिजिटल लाइब्रेरी का शुभारंभ



कैनविज टाइम्स संवाददाता

खैराबाद। कल दिनांक 16.11.2024 को कस्बा खैराबाद के मोहल्ला अर्जुनपुर में बी.सी.एम.अस्पताल के सामने बालाजी डिजिटल लाइब्रेरी का शुभारंभ कक्षा 11 की छात्रा योग्यता जायसवाल के द्वारा किया गया। लाइब्रेरी की प्रबंधिका कीर्ति जायसवाल द्वारा अवगत कराया गया कि कस्बे की आवश्यकताओं के दृष्टिगत रखते हुए सर्वसुलभ स्थान पर व कम फीस पर इसका आरंभ किया गया है ,जिसमें छात्रों व छात्राओं की सभी आवश्यकताओं के अनुसार शिक्षण के साथ साथ अन्य व्यवस्थाएं भी गयी है। प्रथम तीन दिवस निःशुल्क डेमो के आधार पर बच्चे प्रवेश ले सकते है। आर्थिक रूप से विपन्न बच्चों के लिए निःशुल्क प्रवेश की भी व्यवस्था है। इस अवसर पर उत्तर प्रदेश प्राथमिक शिक्षक संघ मछरेहटा के पूर्व अध्यक्ष संदीप यादव,अनिल यादव,मीना कुमारी,कमल यादव, शिक्षक विनय जायसवाल,उमेश कुमार, पियूष गुप्ता,अमन कुमार ,योग्य जायसवाल आदि उपस्थित रहे।

# बाला साहेब ठाकरे को भारत रत्न से सम्मानित करे केंद्र सरकार: गुड्डू सैनी

एजेंसी

मुरादाबाद । शिवसेना संस्थापक बाला साहब ठाकरे की पुण्यतिथि पर रविवार को मुरादाबाद महानगर और जिले में श्रद्धाजंलि सभाओं का आयोजन हुआ। जिसमें शिवसैनिकों ने उनके चित्र पर माल्यार्पण कर उनकी उपलब्धियों व हिंदुत्व के लिए किए गए कार्यों को नमन किया। शिवेसना मुरादाबाद के जिला प्रमुख गुड्डू सैनी ने कहा कि केंद्र सरकार बाला साहेब ठाकरे को भारत रत्न से सम्मानित करे और हरिद्वार से मुरादाबाद को जोड़ने वाली कांठ रोड का नाम बाला साहेब ठाकरे मार्ग रखा जाए। शिवसेना (शिंदे गुट) राज्य प्रमुख ललित मोहन शर्मा के निर्देशन में समस्त पश्चिमी उत्तर प्रदेश में श्रद्धाजंलि सभाओं का आयोजन किया गया। इस क्रम में गुड्डू सैनी के नेतृत्व में मुरादाबाद महानगर सहित मुरादाबाद देहात, कुंदरकी, बिलारी, ठाकुरद्वारा, कांठ विधानसभाओं में शिवेसना संस्थापक बाला साहब ठाकरे की पुण्यतिथि पर श्रद्धाजंलि सभा का आयोजन




हुआ। जिला प्रमुख गुड्डू सैनी ने कहा कि प्रखर हिंदुत्व की बात को डंके की चोट पर कहने वाले हिंदू हृदय सम्राठ बाला साहेब ठाकरे को भारत सरकार भारत रत्न से सम्मानित करेगी तो यह प्रत्येक शिवसैनिक सहित सभी भारतीयों के लिए गौरव का पल होगा। हिंदुत्व एवं राष्ट्र निर्माण के कार्य में बाला साहेब ठाकरे का योगदान सराहनीय व ऐतिहासिक है।

इस दौरान प्रदेश सचिव बाबा कुशल सिंह, युवा सेना जिला प्रमुख शिवओम कुमार, महानगर प्रमुख मुरादाबाद मनोज कुमार, भवानी सेना जिलाध्यक्ष पुष्पा सिरोही, विनोद कुमार सिरोही, राकेश कुमार प्रजापति, मो. कासिम जिलाध्यक्ष अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ, कपिल देव, ठाकुरदास सैनी, नरेंद्र कुमार, पंकज प्रजापति, बबलू कुमार, समरपाल, राजेन्द्र कश्यप, तिलक सैनी, मंगलेश सैनी अनिल कुमार, मुकेश वर्मा, रवि कुमार, राजेश सैनी, रिंकू आदि ने पार्टी संस्थापक को श्रद्धासुमन अर्पित किये।

# जौनपुर में 82 किलो गांजे के साथ एक युवक गिरफ्तार




एजेंसी

जौनपुर। चंदवक थाना अंतर्गत ए.एन.टी.एफ. लखनऊ यूनिट व चन्दवक थाना पुलिस की संयुक्त टीम ने 82 किलो गांजा व स्कार्पियो वाहन के साथ रविवार को एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। पुलिस अधीक्षक डॉ. अजय पाल शर्मा द्वारा मादक पदार्थों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक नगर अरविंद कुमार के निर्देशन एवं क्षेत्राधिकारी केराकत दर्शन यादव प्रभारी ए.एन.टी.एफ. लखनऊ यूनिट लखनऊ व चन्दवक थानाध्यक्ष बृजेश कुमार गुप्ता ने मुखबिर की सूचना पर थाना क्षेत्र के बजरंग नगर के पास से एक युवक को गिरफ्तार किया। पकड़े गए अभियुक्त ने पूछताछ में अपना नाम हेमन्त सिंह पुत्र श्री अमरेन्द्र सिंह निवासी विशुनपुर लेवरुवा थाना चन्दवक जनपद जौनपुर होना बताया। अभियुक्त के पास से पुलिस ने 82 किलो गाँजा के साथ ओप्पो मोबाइल, स्कार्पियो बरामद किया है। पुलिस आगे की कार्यवाही कर रही है।

## गौ माता की सेवा करना हमारा धर्म है सुनील कुमार राजवंशी

**रामकोट–सीतापुर कैनविज टाइम्स संवाददाता।** भारतीय किसान मंच एवं भारतीय गौ सेवा परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष देवेंद्र तिवारी के निर्देश पर भारतीय किसान मंच एवं भारतीय गौ सेवा परिषद के प्रदेश उपाध्यक्ष सुनील कुमार राजवंशी द्वारा खैराबाद ब्लाक की ग्राम पंचायत जवाहरपुर व टिकरिया एवं मछरेहटा की ग्राम पंचायत परसदा की गौशालाओं मे पहुंच कर गोंवंशो को गुड़ व केला खिलाकर गौ सेवा की और आशीर्वाद लिया। सुनील कुमार राजवंशी ने लोगों को संदेश देते हुए कहा की गौ माता की सेवा हमारा धर्म है। इसी के साथ भारतीय किसान मंच के प्रदेश सचिव शैलेंद्र राज ने कहा की हर किसान भाइयों को एक–एक गाय पालनी चाहिए, वही महिला प्रकोष्ठ की सीतापुर जिला अध्यक्ष शिवकन्या ने कहा की गौ माता दूध ही नहीं बल्कि अमृत देती है सभी को गौ माता की रक्षा एवं सेवा करनी चाहिए। इस मौके पर महिला मोर्चा की जिला उपाध्यक्ष शालू राजवंशी व लखनऊ मंडल अध्यक्ष रामलखन राठौर, लखनऊ महासचिव नरेंद्र राजवंशी, जिला प्रभारी सतेंद्र प्रताप, युवा जिला अध्यक्ष बीरेंद्र राजवंशी, आशाराम मौर्य, अनूप राजवंशी आदि संगठन के पदाधिकारी अन्य भी उपस्थित रहे। साथ मे जवाहरपुर पंचायत सचिव जीतेन्द्र शुक्ला, टिकरिया पंचायत सचिव फरहा व ग्राम प्रधान व ब्लाक मछरेहटा ग्राम पंचायत परसदा के प्रधान युसूफ व पंचायत सेक्रेटरी प्यारे लाल आदि ने भी गौ सेवा की।

## 11 मोटरसाइकिल के साथ पांच चोर गिरफ्तार

**जालौन।** जालौन की पुलिस ने बड़ी सफलता हासिल की है। उरई, आटा, एसओजी और सर्विलांस टीम ने मिलकर पांच शातिर बाइक चोरों को गिरफ्तार किया है। इन चोरों के पास से पुलिस ने 11 चोरी की बाइक बरामद की हैं। गिरफ्तार किए गए चोरों के खिलाफ अलग–अलग थाना क्षेत्रों में कई चोरी के मामले पहले से दर्ज हैं। पुलिस अधीक्षक डॉ. दुर्गेश कुमार ने बताया कि इन चोरों को उरई कोतवाली, आटा थाना, एसओजी और सर्विलांस टीम की संयुक्त कार्रवाई में गिरफ्तार किया गया। इन चोरों में प्रवेश विश्वकर्मा उर्फ छोटू (कहाराह, थाना आटा), सूर्याश पांचाल उर्फ सूर्यपुत्र ( खरका डकोर), आकाश राजपूत (सुनहटा, थाना आटा), राहुल (चुखवी बाईपास, उरई) अनूप कुमार (चुरखीं बाईपास, उरई) शामिल हैं। पुलिस बाकी चोरों की तलाश कर रही। इनकी गिरफ्तारी वाहन चेकिंग के दौरान झांसी कानपुर हाईवे पर संकट मोचन मंदिर के पास हुई। इन शातिर चोरों ने कई बाइक चुराई थीं। उनके खिलाफ उरई व झांसी कोतवाली क्षेत्र में मुकदमा दर्ज है।

## भतीजे ने ही साथियों के साथ मिलकर किसान से 39लाख ठगे, किसान की सदमे से मौत

**गाजियाबाद।** भोजपुर थाना क्षेत्र के पलोता गांव में एक किसान से 39 लाख रुपए की ठगी का मामला प्रकाश में आया है। ठगी के शिकार किसान को जब इसकी जानकारी हुई तो सदमे में आ गया और उसकी मौत हो गई। पीड़ित के पुत्र ने जब आरोपितों से अपने रुपये मांगे तो आरोपियों ने आत्महत्या कर पीड़ित को ही झूंठे मामले में फंसाने की धमकी दे डाली। इस पूरे मामले की शिकायत मृतक किसान के बेटे ने पुलिस उपायुक्त ग्रामीण एस एन तिवारी ने की। एसएन तिवारी के आदेश पर थाना भोजपुर में इस मामले में रिपोर्ट दर्ज कर दी गई है। पुलिस के मुताबिक पुडोटा गांव निवासी किसान पवन की सरकार ने जमीन अधिग्रहण की गई थी। इसके बदले में उन्हें मुआवजे के रूप में मोटी धनराशि मिली थी। उनके भतीजे देवेंद्र को जब इसकी जानकारी मिली तो उसने अपने चाचा से संबंध मधुर कर लिए। पवन के पुत्र ने बताया कि 17 अक्टूबर 2017 को को उसका चचेरा भाई देवेंद्र उसके पिता के पास आया। उसके साथ तरुण जैन, विपुल सिंघल, ऋतु जैन व अमित जैन भी थे। उन्होंने उनके पिता को किसी प्रोजेक्ट के नाम पर रुपये लगाने को कहा और सब्जबाग दिखाए। इसके बाद पिता ने 29 लख रुपए उनके खाते में ट्रांसफर कर दिए। इन लोगों ने उनके पिता को यह भी आश्वासन दिया कि 1 साल के अंदर उन्हें 50 लाख रुपए दे दिए जाएंगे। पिता ने जब यह रुपए एक साल बीतने के बाद मांगे तो उन्होंने 12 लख रुपए का चेक दिया। बैंक में जब चेक जमा कराया गया तो वह बाउंस हो गया। इसके बाद उनके पिता को एहसास हो गया कि उनके साथ ठगी की गई है। इसके बाद सदमे में आकर उनकी मौत हो गई। उसके बाद जब पीड़ित के पुत्र ने लोगों से अपने रुपए मांगे तो इन्होंने आत्महत्या कर झूठे मामले में फसाने की धमकी दी। मामले में पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर जांच पड़ताल शुरू कर दी है।

## झांसी की घटना बहुत दुर्भाग्यपूर्ण और शर्मनाक: अरविंद अग्रवाल जॉनी

**मुरादाबाद।** महारानी लक्ष्मीबाई मेडिकल कॉलेज झांसी के एनआईसीयू वार्ड में में शुक्रवार की रात्रि में अचानक आग लगने नवजात शिशुओं की मौत के शोक में रविवार को संयुक्त व्यापार मंडल एवं उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार संगठन के संयुक्त तत्वावाधान में चौमुखी महादेव मंदिर अमरोहा गेट पर मोमबत्ती जलाकर श्रद्धांजलि दी और इस भयावह घटना को लेकर शोक व्यक्त किया गया। संयुक्त व्यापार मंडल के प्रदेश अध्यक्ष अरविंद अग्रवाल जॉनी ने कहा की यह घटना बहुत दुर्भाग्यपूर्ण और शर्मनाक है। महारानी लक्ष्मीबाई मेडिकल कॉलेज के चिकित्सा वार्ड में फायर के उपकरणों का काम न करना और आग लगने के बाद अलार्म ना बजना दर्शाता है कि वहां की सभी व्यवस्थाएं चौपट थी। इसी वजह से नवजात शिशुओं के माता–पिता को समय पर जानकारी नहीं हुई साथ ही बच्चों को भी बचाया नहीं जा सका।

# किसान मेले में शामिल होने जा रहे किसानों की बस खाई में पलटी,21 घायल



एजेंसी

शाहजहांपुर। किसान मेले में शामिल होने लखनऊ जा रहे किसानों की बस मिर्ज़ापुर थाना क्षेत्र में मोटरसाइकिल सवार को बचाने के प्रयास में अनियंत्रित होकर सड़क किनारे खाई में पलट गई। हादसे में 21 किसान घायल हो गए। गंभीर रूप से घायल एक किसान को मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया, जबकि अन्य घायलों का जरियनपुर सीएचसी में उपचार चल रहा है। प्राप्त पजानकारी के अनुसार, कृषि विभाग के कर्मचारी विनोद गुप्ता , दिनेश मौर्या , सन्तोष यादव रविवार को किसान मेला में शामिल होने के लिए परौर क्षेत्र से 46 किसानो को एक प्राइवेट बस से लेकर लखनऊ जा रहे थे। मिर्ज़ापुर थाना क्षेत्र में खगिया नंगला के पास सामने से आ रहे एक मोटरसाइकिल सवार को बचाने के प्रयास में चालक का बस से नियंत्रण खो गया और बस अनियंत्रित होकर सड़क किनारे खाई में पलट गई। बस में सवार देवसिंह (33),आरेश (20), महीपाल गिरी (60), ब्रजबिहारी (65), विनोद गुप्ता (40), हरिपाल (50), मुनीश (60), रणवीर (50), रामाधार गुप्ता (60), राजेश गुप्ता (35), मुन्नालाल (45), राजेश सिंह (50), करूण शर्मा (40), रामनिवास (45), लेखराज (40), अवधेश (48), बलवीर (45), देवशंकर (35), विश्वनाथ (40), सुनील (25), राजेन्द्र (36) घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने ग्रामीणों की मदद से घायलों को बस से बाहर निकाला और जरियनपुर सीएचसी पर भर्ती कराया जहां डॉक्टरों ने घायलों का उपचार किया।वहीं गंभीर रूप से जख्मी देवसिंह को उपचार के लिए मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि हादसे में 21 लोग घायल हो गए जो परौर,कलान व मिर्ज़ापुर थाना क्षेत्र के रहने वाले है। मौके पर स्थिति सामान्य है।

# सनबीम स्कूल के वार्षिकोत्सव में बच्चों ने दिया प्रकृति संरक्षण का संदेश

एजेंसी

बलिया। सनबीम स्कूल में वार्षिकोत्सव जेनसिस वोयेजेज़ ऑफ डिस्कवरी 2024 अत्यंत हर्षोल्लास से मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ इसरो के वैज्ञानिक सुधीर कुमार एन और सनबीम एड्यूसर्व के डायरेक्टर हर्ष मधोक ने तुलसी वेदी के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया। वार्षिकोत्सव में बच्चों के नृत्य यूरेका, श्रृंखलाबद्ध डिस्कवरी संग विविध प्रस्तुतियों ने समां बांध दिया। उनके करतल ध्वनियों से समग्र परिसर गूंजता रहा। बच्चों ने प्रकृति से संयोजन करते हुए समुद्री जीव पर आधारित ऑक्टोपस, परी कथाओं, गौतम बुद्ध, अंकोरवाट व मौलिक पारंपरिक कथाओं पर आधारित प्रस्तुतियों से रोचक संदेश दिया। इस अवसर पर विद्यालय की वार्षिक पत्रिका दिशाएं का विमोचन भी मुख्य अतिथि ने किया। विद्यालय में नवनिर्मित पॉडकास्ट कक्ष व लिफ्ट का भी अनावरण किया गया। विद्यालय की प्रधानाचार्या डॉ. अर्पिता सिंह ने वर्ष भर के शैक्षिक क्रियाकलापों व अन्य गतिविधियों को मंच से साझा किया। कार्यक्रम की



शुरुआत कक्षा आठवीं से 12वीं तक के निमित्त वर्कशॉप से हुई। यह वर्कशॉप इसरो के पूर्व निदेशक डॉ. सुधीर एन द्वारा लिया गया। उन्होंने अपना अनुभव बताते हुए कहा कि विद्यालय के विद्यार्थी अत्यंत प्रतिभावान हैं। उन्होंने स्पेस के महत्व पर विभिन्न उदाहरणों से व्यापक प्रकाश डाला। बहुमुखी बनने का मंत्र भी दिया। सनबीम ग्रुप के निदेशक हर्ष मधोक ने कहा कि यह सफल व भव्य आयोजन गवाही दे रहा है कि यह विद्यालय और बच्चे निश्चित रूप से बुलंदी की ओर बढ़ने के निमित्त नित नवीनता से प्रयासरत हैं। इतने कम समय में इतने कुशलता से कार्यक्रम को अंजाम देना अविश्वसनीय सा है। इस अवसर पर सनबीम स्कूल लहरतारा की प्रधानाचार्या परवीन कौसर ने कहा कि सनबीम ने सदैव एक प्रेरक उद्देश्य के साथ स्वयं को साबित किया है। बड़े शहरों की भांति यहां बच्चों को विविध गतिविधियों में अवसर दिया जा रहा है। विद्यालय प्रबंध समिति के अध्यक्ष संजय कुमार पांडेय, वाइस चेयरमैन दयाशंकर वर्मा व सचिव अरुण सिंह ने बच्चों के परिश्रम व योगदान की प्रशंसा की। विद्यालय के निदेशक डॉ. कुंवर अरुण सिंह ने कहा कि बलिया हर मायने में ऊर्जावान प्रतिभाओं से युक्त है।

बच्चों के सर्वांगीण विकास हेतु विद्यालय सदैव प्रतिबद्ध है। कार्यक्रम को सफल बनाने में प्रशासक एसके चतुर्वेदी, ग्लोबल कोऑर्डिनेटर सहर बानो ने भूमिका निभाई।

# रोटरी क्लब कुशीनगर द्वारा रक्तदान शिविर का भव्य आयोजन

❐ अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर रक्तदान शिविर का किया गया आयोजन।

❐ 67 रक्तदानियों ने बढ़-चढ़कर किया रक्तदान

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**




कुशीनगर। रोटरी क्लब कुशीनगर के तत्वावधान में रविवार, अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा, कसया, कुशीनगर में एक भव्य रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में 67 रक्तदाताओं ने मानवता की सेवा में योगदान देते हुए स्वेच्छा से रक्तदान किया। शिविर में रक्त संग्रहकर्ता के रूप में कुशीनगर चैरिटेबल ब्लड बैंक ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

शिविर का शुभारंभ अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा कुशीनगर के निदेशक प्रणेश कुमार राय ने फीता काटकर किया। मुख्य अतिथि के रूप में उन्होंने रक्तदान के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा, ''रक्तदान जीवनदान है। यह एक ऐसा कार्य है जो न केवल किसी की जान बचाता है बल्कि समाज में आपसी सहयोग और संवेदनशीलता का संदेश भी देता है।''

रोटरी क्लब कुशीनगर के संरक्षक एवं नगर पालिका परिषद कुशीनगर के अध्यक्ष प्रतिनिधि राकेश जायसवाल ने आयोजन की सराहना करते हुए कहा, ''रोटरी क्लब कुशीनगर सदैव समाज सेवा के क्षेत्र में अग्रणी भूमिका निभाता आया है। रोटरी क्लब के अध्यक्ष वाहिद अली ने रक्तदाताओं और आयोजन में सहयोग करने वाले सभी संस्थानों विशेष कर एयरपोर्ट अथॉरिटी कुशीनगर का आभार व्यक्त करते हुए कहा, ''यह रक्तदान शिविर समाज सेवा के प्रति हमारी प्रतिबद्धता का प्रमाण है। रोटरी क्लब भविष्य में भी ऐसे आयोजन करता रहेगा।'' रोटरी क्लब के सचिव अजय कुमार सिंह ने कहा, ''रक्तदान से न केवल किसी की जान बचाई जा सकती है, बल्कि यह एक नैतिक जिम्मेदारी भी है। मैं सभी रक्तदाताओं और सहयोगियों को उनके उत्साहपूर्ण योगदान के लिए धन्यवाद देता हूं।''शिविर में रोटरी क्लब के सभी सदस्यों ने सक्रिय भूमिका निभाई। इस आयोजन ने रक्तदान के प्रति जागरूकता फैलाने और समाज को एकजुट करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इस अवसर पर रोटरी के संरक्षक राकेश जायसवाल, अध्यक्ष वाहिद अली, सचिव अजय सिंह, वरिष्ठ उपाध्यक्ष विजय कुमार गुप्ता, संस्कार भारती के प्रति महामंत्री अनिल कुमार सिन्हा, उपाध्यक्ष दिनेश यादव, उपाध्यक्ष संदीप रौनियार, कोषाध्यक्ष दुर्गेश चतुर्वेदी, निदेशक डॉ सुनील सिंह, निदेशक गोपीचंद कसौधन, रक्तदान शिविर संयोजक शम्भू कुशवाहा, फैयाज खान, अश्वनी जायसवाल, राजीव तिवारी, आनन्द जायसवाल, अमरेंद्र नारायण सिंह, वरुण कुमार यादव, हेमन्त गर्ग, गोविंद सिंह, रंजीत श्रीवास्तव, सत्येन्द्र राय, शोभा राय, एचडीएफसी के सत्य प्रकाश राव, वृद्धआश्रम की प्रबंधक रागिनी सिंह रज्जू , हदीश मंसूरी, शीतला प्रसाद सिंह, सुनील सिंह, अनुभव मिश्रा, बब्बू लाला, रवि प्रताप सिंह, ललित, राजन कुमार मद्धेशिया, कैलाश, मनीष सिंह, सतेंद्र राय, शुभम जायसवाल, प्रेमचंद्र, गोविन्द सिंह, महबूब खान, नितेश कुमार पाण्डेय, अवनीश पाण्डेय, सोनू जायसवाल, योगेश कुमार, राहुल सोनी, राकेश यादव, रियाजउद्दीन वारसी, शुभम, आयुष दुबे, पुनीत कुमार, उमेश चंद्र, सोनू सिंह, रितेश चौबे, अमित कुमार सिंह, जैनुल अली, गौतम कुमार पटेल, अजय कुमार, दिनेश तिवारी भोजपुरिया, उमेश चंद जायसवाल उपस्थित रहे।

# पूर्व प्रमुख स्व सुरेश मणि को दी गई श्रद्धांजलि



**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

कुशीनगर। हाटा के पूर्व ब्लाक प्रमुख एवं श्रीनाथ संस्कृत महाविद्यालय के पूर्व प्रबंधक स्व सुरेश मणि की 17वीं पुण्यतिथि पर भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई।स्व मणि की पुण्यतिथि पर श्रीनाथ संस्कृत महाविद्यालय परिसर में उनके ज्येष्ठ पुत्र एवं महाविद्यालय के प्रबंधक अग्निवेश मणि एवं कनिष्ठ पुत्र विश्वास मणि की देख रेख में आयोजित पुण्यतिथि पर शिक्षकों, गणमान्य लोग, छात्र एवं प्रबंध समिति के मंत्री गंगेश्वर पाण्डेय ने श्रद्धांजलि अर्पित कर उन्हें याद किया।

इस दौरान प्रो जयप्रकाश नारायण द्विवेदी,डॉ राजेश कुमार चतुर्वेदी,मोहन पाण्डेय, बशिष्ठ द्विवेदी सतीश चन्द्र शुक्ल रामानुज द्विवेदी संदीप पाण्डेय, संजय पाण्डेय, डब्ल्यू तिवारी विकास मिश्रा आशुतोष तिवारी,सोनू पाण्डेय कालिका दूबे संजय दूबे सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

# कली फाउंडेशन ने आयोजित किया बाल मेला

❐ अथर्व ने लिखा सुंदर लेख तो कनिष्का ने उठायी रंग भरी तूलिका

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



लखनऊ। राजधानी के महानगर क्षेत्र स्थित आश्रम परिसर में आज कली फाउंडेशन द्वारा बाल दिवस के उपलक्ष्य में एक बाल मेले का आयोजन किया गया।मेले में खाने पीने के स्टाल के साथ ही विभिन्न प्रतियोगिताएं भी आयोजित की गईं। जिनमें क्रिएटिव राइटिंग,कलरिंग काम्पिटीशन मुख्य विषय थे। क्रिएटिव राइटिंग में प्रथम पुरस्कार अथर्व कदीर और द्वितीय मेघा ने जीता तो वहीं कलरिंग काम्पिटीशन दो भागों सीनियर और जूनियर में आयोजित किया गया सीनियर में प्रथम द्वितीय क्रमशः अक्षांश और कनिष्का तथा जूनियर में क्रमशः प्रज्ञान,पृषा और आदित्य श्री विजेता घोषित हुए। लकी ड्रा में ओम वीर ने पुरस्कार जीता। बच्चों को पुरस्कृत किया गया और सर्टिफिकेट दिए गए। कली फाउंडेशन की डायरेक्टर सुश्री प्रीति पांडे ने बहुत खुशी और उल्लास के साथ सभी बच्चों का स्वागत किया और सबको अपने बचपन को खुल कर जीने के लिए प्रोत्साहित किया।कली फाउंडेशन द्वारा बाल मेले का आयोजन किया गया जिसमें खाने पीने के स्टाल के साथ ही बच्चों का उत्साह बढ़ाने वाली कई प्रतियोगिताएं भी आकर्षण का केंद्र रहीं क्रिएटिव राइटिंग,कलरिंग काम्पिटीशन आदि मुख्य विषय रखे गये। क्रिएटिव राइटिंग में प्रथम पुरस्कार अथर्व कदीर और द्वितीय मेघा ने जीता तो वहीं कलरिंग काम्पिटीशन दो भागों सीनियर और जूनियर में आयोजित किया गया सीनियर में प्रथम द्वितीय क्रमशः अक्षांश और कनिष्का तथा जूनियर में क्रमशः प्रज्ञान,पृषा और आदित्य श्री विजेता घोषित हुए। लकी ड्रा में ओमवीर ने पुरस्कार जीता।सभी प्रतिभागी बच्चों को कली फाउंडेशन के द्वारा पुरस्कृत किया गया और प्रतिभागिता सर्टिफिकेट दिए गए। कली फाउंडेशन की डायरेक्टर प्रीति पांडे ने बहुत खुशी और उल्लास के साथ सभी बच्चों का स्वागत किया और सबको अपने बचपन को खुल कर जीने के लिए प्रोत्साहित किया।

# पिस्तौल निकालकर टोल कर्मियों को धमकाने वाले मनबढ पर अब तक नही हुई कोई कार्रवाई

❐ टोल प्लाजा पर टोल ट्रैक्स देने के बजाय कसया के होटल व्यवसाय से जुडे यशवंत सिंह नामक व्यक्ति द्वारा पिस्तौल निकालकर टोल कर्मचारियों को डराने-धमकाने का मामला

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



कुशीनगर । टोल प्लाजा पर टोल ट्रैक्स देने के बजाय कसया के होटल व्यवसाय से जुडे यशवंत सिंह नामक व्यक्ति द्वारा पिस्तौल निकालकर टोल कर्मचारियों को डराने-धमकाने का वीडियो सामने आया है, जिससे टोल प्लाजा पर अफरा-तफरी मच गयी और काफी दहशत का माहौल कायम हो गया। घटना बुधवार की रात महुआडीह थानाक्षेत्र के हेतिमपुर राष्ट्रीय राजमार्ग पर स्थित टोल प्लाजा की है। ऐसी चर्चा है कि इस मामले को रफा-दफा करने के लिए महुआडीह थाने से मोटी डिलिंग हुई है। इस बात में कितनी सच्चाई है यह निष्पक्ष जांच से ही स्पष्ट होगा लेकिन इस बात सें इंकार नही किया जा सकता है कि सार्वजनिक स्थान पर पिस्तौल दिखाकर डराने - धमकाने वाले व्यक्ति पर अब कोई कार्रवाई न होना कही न कही मैनेज का खेल प्रतीक होता है। बतादे कि देवरिया जनपद के महुआडीह थानाक्षेत्र के हेतिमपुर राष्ट्रीय राजमार्ग पर टोल प्लाजा है। बुधवार की रात कुशीनगर जिले के कसया निवासी व होटल व्यवसायी यशवंत सिंह अपनी चारपहिया वाहन से गोरखपुर की तरफ जा रहे थे। कार मुजहना हेतिमपुर टोल प्लाजा पर पहुंची जहां बैरियर गिरा हुआ था। वाहन पर फास्ट टैग नही होने के कारण टोल कर्मचारियों ने वाहन चालक से रसीद कटवाने की बात कही इस पर गाडी में बैठे यशवंत सिंह से भडक गये और हाथ मे पिस्तौल लेकर गाडी से बाहर आकर बिना टोल ट्रैक्स दिये गाडी निकालने के लिए धमकाने लगे। बताया जाता है कि जब टोल कर्मचारियों ने गाडी छोडने से इंकार किया तो मनबढ यशंवत पिस्तौल दिखाते हुए कर्मचारियों को डराने लगा जिसके वजह से टोल प्लाजा पर अफरा-तफरी मच गई। काफी देर तक दहशत का माहौल कायम करने के बाद यशवंत अपनी गाडी लेकर चलता बना। इस घटना का साक्षी टोल प्लाजा पर लगे सीसीटीवी कैमरा है जिसमे यशंवत की मनबढई की पूरी वारदात कैद है। घटना के दुसरे दिन टोल प्लाजा के मैनेजर ने सीसीटीवी फुटेज के साथ पुलिस को तहरीर देकर यशवंत सिंह के खिलाफ कार्रवाई की गुहार लगायी। सूत्र बताते है कि मामले को रफा-दफा करने के लिए यशवंत ने महुआडीह पुलिस पर मोटी रकम लुटाकर मामले को मैनेज कर लिया है जबकि विधि विशेषज्ञों का कहना है कि सार्वजनिक स्थान पर पिस्तौल दिखाकर दहशत का माहौल कायम करना गंभीर अपराध है साक्ष्य के आधार पर पुलिस बिना किसी के शिकायत पर भी मामले को स्वयं संज्ञान लेते हुए मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई कर सकती है। ऐसे मे सबसे बडा सवाल यह है कि घटना के चार दिन बाद भी पुलिस अब तक यशवंत के खिलाफ कार्रवाई क्यो नही कर रही है ? कही मोटी डिलिंग वाली बात सच तो नही है? वैसे सूत्रों का दावा है कि संबंधित थाने के जिम्मेदार इस मामले को मैनेज करने के लिए चालीस से पचास हजार रुपये वसूल किये है। सूत्रों का यह दावा कितना सच है यह जांच के बाद ही स्पष्ट होसकता है।

# विधायक पी. एन पाठक ने निर्माणाधीन सड़क का किया निरीक्षण



❐ सड़क की गुणवत्ता में ध्यान देने का निर्देश दिया विधायक

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

कुशीनगर। रविवार को कुशीनगर विधायक पी.एन पाठक ने हेतिमपुर-गोबरही मार्ग पर निर्माणाधीन सड़क का निरीक्षण किया। इस दौरान विधायक ने उक्त मार्ग के डामरीकरण कार्य का भी निरीक्षण किया। मौके पर से ही अधिकारियों और ठेकेदार को निर्माण कार्य को गुणवत्ता के साथ करने को निर्देशित किया।

इस दौरान विधायक श्री पाठक ने सड़क की गुणवत्ता की जांच कर सड़क में लगाई जा रही सामग्री की जांच की और बारिकी से जानकारी ली। साथ ही विधायक पी.एन पाठक ने संबंधित अधिकारियों व ठेकेदार को निर्माण कार्य में गुणवत्ता बनाए रखने के निर्देश दिए। विदित हो कि यह मार्ग काफी लंबे समय से खराब हालत में था। और क्षेत्र के ग्रामीण अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों से मांग कर रहे थे यह सड़क बरसात के समय स्थानीय ग्रामीणों को मार्ग से आवागमन करने में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था। इस सड़क के निर्माण होने से दर्जनों गांवों समेत राहगीरों को आवागमन में सहूलियत मिलेगी। इस दौरान सूर्यनाथ यादव, राज पाठक, संजीव सिंह सिब्लू, संजीव दुबे, प्रमोद, फूलबदन समेत लोग मौजूद रहे।

# सांसद ने किया शूरवीर पाठशालाओं का निरीक्षण

❐ जरूरतमंद लोगो को वितरित किए कंबल,संस्था की तरफ से आयोजित किए जाते है,निशुल्क पाठशाला

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



पड़रौना,कुशीनगर। शूरवीर फाउंडेशन की तरफ से आयोजित पाठशालाओं का निरीक्षण सांसद विजय दुबे ने किया। इस दौरान संस्था की तरफ से आयोजित कार्यक्रम में जरूरतमंदों को कंबल भी वितरित किए। सांसद ने कहा कि इस पिछड़े क्षेत्रों में गांव, गांव निशुल्क पाठशाला संचालित कर गरीब बच्चों को शिक्षा देना एक पुण्य का कार्य है। संचालित 15 पाठशालाओं पर करीब 500 से अधिक जरूरतमंद लोगों को संस्था की तरफ से कंबल वितरित किया गया।

शूरवीर फाउंडेशन की तरफ से विशुनपुरा, खड्डा, पडरौना ब्लॉक क्षेत्र समेत बिहार में गांव, गांव निशुल्क पाठशाला संचालित किया जाता है। करीब दो वर्षों से कुशल महिला शिक्षिकाओं की तरफ से गरीब बच्चों के उत्थान के लिए निःशुल्क पाठशाला के माध्यम से शिक्षा दी जाती है। गरीब बच्चों को निशुल्क किताब, कापी, पेंसल, खेलने की सामग्री भी निःशुल्क दी जाती है।

सांसद विजय दुबे कटाई भरपुरवा और एकवनहीं उर्फ भागवतपुर गांव में संचालित शूरवीर पाठशाला का निरीक्षण किए और बच्चो से मिल रहे शिक्षा के बारे में बातचीत किए। इस दौरान संस्था की तरफ से आयोजित कार्यक्रम में लोगो को कंबल भी वितरित किए। सांसद ने कहा कि शूरवीर पाठशाला गांव, गांव निशुल्क पाठशाला संचालित कर गरीब बच्चों को शिक्षा दे रही है, जो बहुत ही अच्छी सोच है। इससे बच्चो को शिक्षा के साथ साथ उनके बौद्धिक स्तर का भी विकास हो रहा है। कुशल शिक्षिकाओं की तरफ से बच्चों को शिक्षा दिलाना बहुत ही अच्छी सोच है। शूरवीर फाउंडेशन की अध्यक्ष पूर्णिमा पांडेय ने आए अतिथियों का स्वागत किया गया। इस दौरान नवीन पांडेय, सिद्धार्थ कुशवाहा, जयप्रकाश गुप्त, प्रधान संघ अध्यक्ष संतोष तिवारी, सूर्यप्रकाश शुक्ल चिंटू, ग्राम प्रधान नर्वदेश्वर चौरसिया, ग्राम प्रधान उगनी देवी, संदीप कुशवाहा, राकेश गिरी, गोलू खान, सुभाष सुहाना, कृष्णनंदन मिश्र सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

## सर्दी का है इंतजार, गजक व मेवा का सजा बाजार

**कानपुर।** मौसम की बेरुखी कहें या जलवायु परिवर्तन का कारण, कुछ भी हो नवंबर माह का एक पखवाड़ा बीत जाने के बाद भी सर्दी नहीं पड़ रही है। इससे सर्दियों के समय लगने वाला मेवा बाजार, गजक व गुड़ से बने उत्पादों का बाजार कमजोर है। इससे जुड़े लोग सर्दियों का इंतजार कर रहे हैं, ताकि बाजार में रौनक बढ़ सके। मानसून वापसी के बाद आमतौर पर दीपावली के आसपास गुलाबी सर्दी पड़ने लगती है और नवंबर के पहले सप्ताह में ही सर्दी अपना रंग दिखने लगती है। इसको देखते हुए मेवा बाजार, गजक व गुड से बने उत्पाद के बाजार सजने लगे, लेकिन तापमान अभी भी सामान्य से अधिक चल रहा है जिसकी वजह से इन बाजारों में ग्राहकों की आमद कम है। आमतौर पर इस समय तक इन बाजारों में जबरदस्त रौनक आ जाती है और लोग गुड़ से बने खाद्य वस्तुओं का प्रयोग अधिक करते हैं, हालांकि ऐसे दुकानदारों को सर्दी का इंतजार है और बाजार पूरी तरह से सज चुके हैं। नमकीन बेकरी एवं गजक पेठा संगठन कानपुर के अध्यक्ष निर्मल त्रिपाठी ने रविवार को बताया की गजक गुड की बनी होती है लेकिन ठंड पड़ने पर ही इसकी मांग होती है। अन्य वर्षों की भांति इस वर्ष भी दीपावली के बाद गजक व गुड़ के उत्पादों का बाजार सज चुका है लेकिन ठंड न पड़ने से इन उत्पादों की मांग अभी नहीं है। अगले एक सप्ताह में उम्मीद है कि मौसम में बदलाव होगा और जैसे ही सर्दी तेज पड़ना शुरू होगी इन उत्पादों की मांग बढ़ेगी और बाजार में रौनक आ जाएगी। दि किराना मर्चेंट एसोसिएशन के उपाध्यक्ष अलंकार ओमर ने बताया कि सर्दियों में चिलगोजा, बादाम, खुबानी, अखरोट गिरी की मांग घर-घर में होती है। इस बार अभी ठंड ना पड़ने से इनकी मांग नाम मात्र की ही है। यह अलग बात है कि सहालग के चलते केवल काजू किशमिश की ही मांग दिख रही है। ठंड बढ़ने पर यह बाजार बेहतर होगा।

## उपचुनाव में एनडीए का पलड़ा भारी : रामाशीष राय

**मुरादाबाद।** उत्तर प्रदेश की नौ विधानसभा सीटों पर हो रहे उपचुनाव में एनडीए का पलड़ा भारी है। मुरादाबाद की कुंदरकी विधानसभा सीट के साथ सभी सीटों पर भाजपा गठबंधन की जीत निश्चित है। यह बातें राष्ट्रीय लोकदल के प्रदेश अध्यक्ष रामाशीष राय ने रविवार को कुंदरकी में आयोजित पत्रकार वार्ता के दौरान कही। प्रदेश अध्यक्ष ने आगे कहा कि उत्तर प्रदेश की जनता अब किसी बहकावे या भ्रम में आने वाली नहीं है। एनडीए विरोधी दल लोगों को बांटने का कर रहे हैं। केंद्र सरकार और उत्तर प्रदेश सरकार सबका साथ, सबका विकास और सबका विश्वास के नारे को सार्थक करते हुए कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश में विकास की गंगा बह रही है। कुंदरकी में भाजपा उम्मीदवार रामवीर सिंह ठाकुर की जीत निश्चित है। इस दौरान रालोद मुरादाबाद के जिला अध्यक्ष मनोज चौधरी, प्रदेश सचिव राजवीर सिंह गुर्जर, युवा इकाई के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष अभिनय चौधरी, अनिल चौधरी, हिमाचल सिंह तेवतिया, कर्मेंद्र सिंह कसाना, समीर सैफी, राहुल राणा, मनोज गुप्ता, सुखेंद्र प्रताप सिंह, देवेंद्र सिंह उपस्थित रहे।

सपा दलित, पिछड़ा और आदिवासी का आरक्षण छीनना चाहती है : धर्मपाल सिंह

मुरादाबाद, 17 नवम्बर (हि.स.)। उत्तर प्रदेश सरकार में कैबिनेट मंत्री पशुधन एवं दुग्ध विकास विभाग धर्मपाल सिंह ने रविवार को कुंदरकी विधानसभा के बूथ संख्या 23 सिरसखेड़ा, बूथ संख्या 27 सिरसखेड़ा और बूथ संख्या 207 खरगपुर जगतपुर में चौपाल को संबोधित कर भाजपा उम्मीदवार रामवीर सिंह ठाकुर के पक्ष में मतदान की अपील की। धर्मपाल सिंह ने कहा कि समाजवादी पार्टी दलित, पिछड़ा और आदिवासी का आरक्षण छीनना चाहती है। पशुधन एवं दुग्ध विकास विभाग मंत्री ने आगे कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार और योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व वाली प्रदेश सरकार हमेशा दलित, पिछड़ा वर्ग, आदिवासी के हितों को प्राथमिकता देती है। जबकि सपा इन सभी की विरोधी है। कुंदरकी की जनता सपा की इस तुष्टीकरण की राजनीति को पूरी तरह से नकार कर भाजपा उम्मीदवार को इस बार विजयी बनाएगी।

## अलग-अलग घटना में चार की मौत, जांच में जुटी पुलिस

**देवरिया।** जनपद के अलग-अलग थाना क्षेत्र में रविवार को अलग-अलग घटनाओं में चार की मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने विधिक कार्रवाई कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज कर मामले की जांच शुरू कर दी। सदर कोतवाली थाना क्षेत्र में भीखमपुर रोड की रहने वाली तेतरी देवी (80 ) पैदल जा रहीं थीं। तेज गति से आ रहे अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। मौके पर ही उनकी मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने विधिक कार्रवाई कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज कर मामले की जाँच शुरू कर दी। दूसरी तरफ रुद्रपुर कोतवाली क्षेत्र के भृगु श्री तेलियान टोला के रहने वाले दिव्यांश गुप्ता (5) पुत्र दीपक गुप्ता को तेज गति से आ रही बाइक ने घर के पास टक्कर मार दी। घायला अवस्था में परिवार के लोग इलाज के लिए भर्ती कराए। जहां चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। तीसरी घटना रुद्रपुर कोतवाली क्षेत्र के माहीगंज के रहने वाले राम प्रसाद निषाद (50 ) पुत्र हरीहर निषाद की शीतल माझा के पास अज्ञात वाहन के चपेट में आने से मौत हो गई।चौथी घटना एकौना थाना क्षेत्र की है। यहां सराव बुजुर्ग के रहने वाली मनकी देवी (60) की खेत में ट्रैक्टर की चपेट में आने से मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने विधिक कार्रवाई कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज कर मामले की जाँच शुरू कर दी।

# गरीब और वंचित लोगों को वितरित किए कपड़े



**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

लखनऊ। राजाजीपुरम तालकटोरा थाने के पास गरीब और वंचित लोगों के बीच कपड़े वितरित करने के लिए विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस पहल का उद्देश्य जरूरतमंदों को सर्दी से बचाने और जरूरी वस्त्र प्रदान करना था। इस अवसर पर शिवेंद्र सिह ने बताया कि यह कदम समाज के कमजोर वर्ग के लिए एक छोटी सी मदद है, जो उन्हें सर्दी और अन्य कठिनाइयों से राहत दिलाने में सहायक होगा।

कार्यक्रम में करीब 70 महिलाओं और बच्चों को सर्दी से बचने के लिए नए और उपयोगी कपड़े प्रदान किए गए। इसके अलावा, संस्था ने आने वाले दिनों में ऐसे और भी कार्यक्रम आयोजित करने की योजना बनाई है ताकि इस सर्द मौसम में अधिक से अधिक जरूरतमंदों तक मदद पहुंचाई जा सके। इस तरह के कार्यक्रम न केवल जरूरतमंदों को राहत पहुंचाते हैं, बल्कि समाज में एकजुटता और भाईचारे का संदेश भी फैलाते हैं। कार्यक्रम में शामिल बच्चों और महिलाओं ने इस पहल के प्रति अपनी प्रसन्नता व्यक्त की। कार्यक्रम में प्रज्ञा सिह, सेनू गुप्ता, चांदनी पाण्डेय, मीनाक्षी देवल (मीना), सोनी रावत, सुधा शर्मा, जैसिका सिह, साक्षी सिह, आलोक त्रिपाठी, अजय राजपूत, अंकित पाण्डेय, आलोक कश्यप, सचिन देवल, अमरेन्द्र सिह, जय सिह, वीर राठौर आदि ने कार्यक्रम में बड़े उत्साह के साथ भाग लिया।

## दहेज हत्या मामले में हुई सात वर्ष की कठोर कारावास की सजा

**कानपुर।** जूही थाने की पुलिस टीम के प्रभावी पैरवी की वजह से दहेज हत्या मामले में दोष सिद्ध होने के बाद एडीजे कोर्ट 11 के न्यायालय ने मृतिका के पति को सात वर्ष की सश्रम कारावास की सजा सुनाई है। इसके साथ ही अन्य धाराओं में पांच हजार अर्थदण्ड से दण्डित किया। यह जानकारी रविवार को पुलिस उपायुक्त दक्षिण अंकिता शर्मा ने दी। उन्होंने बताया कि ऑपरेशन कनविक्शन के तहत जारी अभियान के तहत जूही थाने में वर्ष 2024 में दर्ज हुए दहेज हत्या के मुकदमे में न्यायालय ने मुकदमा दर्ज होने के बाद एक वर्ष के भीतर आरोपित को सजा सुनाया है। मृतिका रश्मि जायसवाल के भाई की तहरीर पर इसी वर्ष जूही थाने में दहेज के लिए एक लाख रूपया और एक मोटर साइकिल की मांग पूरी न होने पर मानसिक, शारीरिक उत्पीड़न करना और उसकी हत्या के मामले में उसके पति जूही गढ़ा निवासी राजकुमार जायसवाल के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया था।

# वैदिक मंत्रोच्चार के साथ पेराई सत्र शुभारंभ



**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

कुशीनगर। जिले के ढ़ाढा स्थित न्यू इंडिया सूगर मिल का गन्ना पेराई सत्र 2024-25 का शुभारंभ रविवार की दोपहर विधि बिधान से पूजन व मंत्रोच्चार के साथ हुआ।आचार्य रामचंद्र पांडेय व मुख्य यजमान अधिशासी अध्यक्ष करन सिंह रहे।पेराई सत्र शुरू करने के लिए मिल परिसर को पूरी तरह सजाया गया था। मुख्य अतिथि सांसद विजय कुमार दूबे, विधायक मोहन वर्मा, नगर पालिका अध्यक्ष हाटा रामानन्द सिंह,केन यूनियन अध्यक्ष विवेक सिंह बंटी, भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष जेपी शाही सहित अतिथियों ने मिल के डोंगे में गन्ना डालकर पेराई कार्य का शुभारंभ कराया। अधिशासी अध्यक्ष करन सिंह ने बताया कि वर्तमान सत्र में सवा करोड़ कुंतल से अधिक गन्ना पेराई का लक्ष्य है।कहा कि किसान साफ सुथरा गन्ना लावें। बीते सत्र में गन्ना पेराई का शत प्रतिशत भुगतान किसानों के खाते में भेज दिया गया है। सांसद विजय दूबे ने कहा कि भाजपा सरकार किसानों की आमदनी बढ़ाने के लिए संकल्पित है। इसके पूर्व सांसद ने अन्य गणमान्य लोगों के साथ मिल परिसर में लगे गन्ना तौल केंद्र का निरीक्षण भी किया। इस अवसर पर चीनी मिल के कर्मचारी सहित क्षेत्रीय किसान और अन्य लोग मौजूद रहे।

# जेल कि हवा खा रहे कैदी के खाते से निकल गए पैसे

कैनविज टाइम्स संवाददाता



गोंडा । जिले के सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया के शाखा प्रबंधक और कैशियर की मिलीभगत से एक जेल में बंद एक कैदी के खाते से पैसे निकालने का मामला सामने आया है 18 साल बाद जेल से छूटकर घर लौटे रामभोग को यह पता चला कि उनके खाते से 47 हजार रुपये फर्जी हस्ताक्षर के जरिए निकाल लिए गए थे।

इस घटना के बाद उन्होंने अधिकारियों को शिकायत की लेकिन जब कोई कार्रवाई नहीं हुई तो न्यायालय की शरण में गए और न्यायालय के आदेश पर उन्होंने गोंडा कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराया गया है।वही रामभोग जो 21 अप्रैल 2004 को हत्या के आरोप में जेल गए थे 28 जून 2022 तक गोंडा जिला कारागार में बंद रहे।जेल में रहते हुए 18 नवंबर 2014 को उनके सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया के बड़गांव शाखा स्थित खाते से 47 हजार रुपये निकाले गए थे।

जब रामभोग को जेल से रिहा होने के बाद इस धोखाधड़ी का पता चला, तो उन्होंने बैंक और पुलिस अधिकारियों से कार्रवाई की मांग की।हालांकि, कोई कार्रवाई नहीं हुई है।

जिसके बाद उन्होंने 13 जून 2023 को पुलिस अधीक्षक को रजिस्टर्ड डाक के माध्यम से शिकायत भेजी।इसके बावजूद जब कोई प्रभावी कदम नहीं उठाए गए तो रामभोग ने न्यायालय का रुख किया।न्यायालय ने मामले की गंभीरता को देखते हुए नगर कोतवाली पुलिस को निर्देश दिया कि वे तत्कालीन बैंक मैनेजर और कैशियर के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू करें।आरोप है कि इन दोनों ने जेल में बंद कैदी के खाते से फर्जी हस्ताक्षर करके पैसे निकाले वही कोत वाल मनोज कुमार पाठक ने इस मामले की पुष्टि करते हुए बताया कि न्यायालय के आदेश पर पुलिस ने जांच शुरू कर दी है।

पुलिस इस मामले में शामिल सभी आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने की तैयारी कर रही है।

यह मामला न केवल बैंकिंग धोखाधड़ी का है बल्कि जेल प्रशासन और पुलिस व्यवस्था पर भी सवाल उठाता है कि कैसे एक बंद व्यक्ति के खाते से बिना किसी निगरानी के पैसे निकाले गए।

# सपा लोहिया वाहिनी ने की बैठक, सौंपा पाँच सूत्रीय ज्ञापन

कैनविज टाइम्स संवाददाता



बहराइच। समाजवादी पार्टी लोहिया वाहिनी बहराइच द्वारा समाजवादी पार्टी कार्यालय पर मासिक बैठक आयोजित की गई जिसके उपरांत जिले की विभिन्न समस्यों को लेकर जिला प्रशासन को 5 सूत्रीय एक ज्ञापन सौंपा। इन मांगों में किसानों, गरीबों, और आमजन से जुड़े गंभीर मुद्दों को प्राथमिकता दी गई जिसमें डीएपी खाद की कालाबाजारी पर रोक किसानों को खाद उचित मूल्य पर उपलब्ध कराने की मांग की गई, स्वास्थ्य सेवाओं में सुधारः सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों और जिला अस्पताल में मरीजों के लिए दवा एवं इलाज की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए, जनपद में महिलाओं के खिलाफ बढ़ते अपराधों को रोकने के लिए ठोस कदम उठाए जाएं। बेरोजगारों को योग्यता के आधार पर नौकरी दी जाए। थाने में सपा कार्यकर्ता का उत्पीड़न बंद किया जाए तथा अवैध वसूली बंद हो जैसी मांगे शामिल थी। समाजवादी पार्टी लोहिया वाहिनी का कहना है कि यदि इन मांगों पर शीघ्र कार्रवाई नहीं की जाती है, तो आंदोलन तेज किया जाएगा। पार्टी जनता के अधिकारों और उनके हितों के लिए हमेशा संघर्षरत रहेगी। ज्ञापन सौंपने वालों में प्रमुख रूप से नंदेश्वर यादव (जिलाध्यक्ष, समाजवादी लोहिया वाहिनी), शैलेश सिंह शैलू मौर्य राजवंश (प्रदेश उपाध्यक्ष समाजवादी युवजन सभा अमरदीप यादव, रजितराम यादव, धनीराम, मयंक मिश्रा, सुनील यादव, प्रांशु मिश्रा, निरंकार सिंह, अन्नू गुप्त, बलवीर वर्मा, रिंकू सिंह, इरशाद ख़ान, शैलेंद्र, संजय यादव, आशीष गौरव, मोबिन जिला महासचिव, रियाज अली शाह, एवं अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# जीएसटी चोरी: सेल टैक्स वालों को हर महीने देता हूँ दो लाख हर महीना

कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोंडा। जिले में खुलेआम व्यापारियों द्वारा जीएसटी चोरी करके लाखों रुपए का सामान एक स्थान से दूसरे स्थान पर पहुंचा जा रहा है।हर महीने लाखों रुपए का नुकसान गोंडा राज्य कर विभाग को पहुंचाया जा रहा है।राज्य कर विभाग में फैले भ्रष्टाचार को लेकर के पोल खोलता हुआ एक वीडियो सोशल मीडिया पर सामने आया है।

वीडियो में वाहन चालक खुलेआम कह रहा है कि मेरे मालिक दो लाख महीना सेल टैक्स वालों को देते हैं।

बोलते हैं कोई रोके तो मेरी बात कर देना।नगर कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत गल्ला मंडी रोड पर स्थित अतीक ट्रेडिंग कंपनी से एक लाख साठ हजार रुपए की बिना जीएसटी के जीएसटी चोरी कर लोहे का इंगल ले जा रहे वाहन चालक का वीडियो सामने आया है।जब वाहन चालक कुमार जायसवाल निवासी सुभागपुर को पिकअप



## बोला- दो लाख रुपए देता हूं महीना

के साथ गोंडा मनकापुर बस स्टॉप पर रोक

चालक दीपक जायसवाल ने बताया कि अतीक ट्रेडिंग कंपनी बड़ागांव के आगे गल्ला मंडी रोड पर है।यह लोहे का एंगल हम लाद करके मोतीगंज लेकर जा रहे हैं।यह बीस कुंतल माल है।आठ हजार रुपए कुंतल माल दिए हैं। हमको पक्की जीएसटी की बिल नहीं दिए हैं।बल्कि एक कच्ची बिल दिए हैं।

इस बिल पर अपना मोबाइल नंबर लिख दिए हैं।बोले हैं कि मैं सेल टैक्स वालों को दो लाख महीना देता हूं।कोई रोकेगा तो मेरी बात करवा देना।मेरा नाम बता देना अतीक ट्रेडिंग कंपनी है। प्रतिदिन हम लोग इसी तरीके से लेकर जाते हैं। बीस से पचीस गाड़ी माल रोज जाता है।ट्रक भी लोड होकर के यहां से जाता है। लोहे का उनका बहुत बड़ा काम है।

### जांच के बाद दोषी मिलने पर होगी कार्रवाई

राज्यकार विभाग के संयुक्त आयुक्त राजकुमार लाल ने बताया कि वीडियो मेरे भी संज्ञान में आया है। जिसमें ड्राइवर कुछ कहता हुआ दिखाई दे रहा है।वही पूरे मामले की जांच उपायुक्त अनुभव सिंह को दी गई है। जांच में जो भी निकाल कर आएगा। उसके आधार पर कार्रवाई की जाएगी। जीएसटी चोरी कर सामान ले जा रहे लोगों के खिलाफ अभियान चला करके लगातार राज्य कर विभाग द्वारा कार्रवाई की जा रही है।वहीं जब पूरे मामले को लेकर के अतीक ट्रेडिंग कंपनी के मालिक से बात की गई तो उन्होंने कुछ भी बोलने से इनकार करते हुए फोन काट दिया।

# एसएसबी ने महिला तस्करों से नाबालिग को बचाया

कैनविज टाइम्स संवाददाता




नानपारा, बहराइच। शनिवार करीब शाम 7 बजे के आस पास आसूचना के आधार पर एसएसबी 42वीं वाहिनी की सीमा चौकी रुपैडिहा की बीआईटी तथा एएचटीयू टीम द्वारा चेकिंग और पूछताछ के दौरान एक नेपाली नाबालिग लड़की को दो नेपाली महिला से भारत नेपाल सीमा पर एसएसबी व मानव तस्कर विरोधी टीम द्वारा बचाया गया। सशस्त्र सीमा बल की चेक पोस्ट पर शाम लगभग 7 बजे जब दोनों नेपाली महिला एक नेपाली नाबालिग के साथ पूछताछ के लिए आई तो वह अपने बारे में सही से जानकारी नही दे पा रही थी टीम द्वारा गहनता से पूछताछ करने पर उन्होंने अपना नाम पता क्रमशः कोपिला नेपाली पुत्री काशीराम सर्की उम्र 29 वर्ष गाँव पालिका बबई वार्ड संख्या 3 जनपद डांग नेपाल तथा दूसरी महिला ने अपना नाम पता सवित्रा नेपाली पुत्री छोटी लाल सारकी उम्र 28 वर्ष गाँव पालिका बवई वार्ड संख्या 3 जनपद डांग नेपाल बताया। जब नेपाली नाबालिग लड़की से उसका नाम पता गया तो उसने अपना नाम ललिता पहाड़ी पुत्री जीत बहादुर सरकी उम्र-13 वर्ष नगर पालिका बागचोर वार्ड संख्या 8 जनपद सल्यान नेपाल बताया। उक्त महिलाओं से लड़की के बारे में पूछने पर कोपिला नेपाली ने बताया की वह उस लड़की को गोवा लेकर जा रही है।

और वहाँ पर जिस सेठ के पास वह काम करती है वहां पर इस लड़की को काम दिलाएगी। इस विषय में लड़की से पूछा गया तो उसने बताया कि मैं इनके साथ गोवा जा रहीं हूँ मेरे मम्मी पापा वहीं रहते हैं।

लड़की के माता पिता के विषय में पता किया गया तो पता चला कि उसके माता पिता नेपाल में ही मौजूद हैं और उनको लड़की के विषय में कोई जानकारी नहीं है कि वह अन्य महिलाओं के साथ भारत में गोवा जा रही है।

मामले की छानबीन से यह पता चलता है की उक्त महिलायें नाबालिग लड़की को बहला फुसलाकर भारत में बाल मजदूरी के लिए ले जा रही थी। मामला मानव तस्करी का प्रतीत होने पर दोनों महिलाओं और नाबालिग़ लड़की को नेपाल पुलिस की उपस्थिति में नेपाल एन जी ओ (शांति पुनर्रस्थापना गृह) को अग्रिम कार्यवाही हेतु सुपुर्द कर दिया गया। 42वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल बहराइच प्रथम के कार्यवाहक कमांडेंट राज रंजन द्वितीय कमांन अधिकारी ने बताया कि अवैध आवागमन, बढती तस्करी को मध्यनजर रखते हुए सीमा पर चौकसी बढ़ा दी गई है। हमारे जवानो द्वारा भारत नेपाल सीमा पर लगातार सघन अभियान चलाया जा रहा है, जिसमे जवान अपने कर्तव्यों का निर्वहन पूरी ईमानदारी से कर रहे हैं तथा अवैध तस्करी पर पूर्ण रूप से लगाम लगाने के लिए सीमा पर 24 घंटे तत्पर हैं।

# मिट्टी का अवैध खनन जोरों पर,जिम्मेदार बेखबर



कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोण्डा। देहात कोतवाली के पुलिस चौकी खोराहसा और दर्जी कुआं चौकी क्षेत्र में खनन माफियाओं का अवैध कारोबार खूब फल-फूल रहा है।उन्हें पुलिस और खनन विभाग का डर नहीं है क्षेत्र के कोयली जंगल,सुल्तानजोत, जमुनिया बाग,चिस्तीपुर,खोराहसा आदि गाँवो में खनन माफिया खेतों की छाती चीरकर मिट्टी निकाल रहे हैं। प्रशासन की तरफ से भी खनन माफियाओं के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की जा रही।वह भी मिट्टी खनन में लगी ट्रॉलियां बिना नंबर प्लेट और बिना व्यावसायिक रजिस्ट्रेशन के प्रयोग में लाई जा रही हैं।ऐसे में प्रशासन खनन माफियाओं के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं कर रहा है।सड़कों पर अवैध मिट्टी से भरी ट्रॉलिया दिन रात दौड़ती नजर आती हैं।क्षेत्र में चारों तरफ अवैध मिट्टी का व्यापार हो रहा है।चौकी क्षेत्र में खनन माफियाओं का अवैध कारोबार खूब फल-फूल रहा है।उन्हें पुलिस और खनन विभाग का डर नहीं है।इस संबंध में खनन अधिकारी से फोन पर संपर्क किया गया तो उन्होंने बताया कि भट्टे वालों का हो सकता परमिशन है।और भट्टे वालों का अलग से परमिशन होता है।चलिए ठीक है अब मामला मेरी जानकारी में आया है जल्द राजस्व टीम व संबन्धित अधिकारीयों को भेजकर खनन की गई जगहों को चिन्हित कर खनन कराने वाले लोगों पर कठोर कार्रवाई की जायेगी।

# हत्या का आरोपी जेल से छूटे कैदी को विधायक ने मिठाई खिलाकर,लगाया गले

कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोण्डा। हत्या जैसी गंभीर घटना में आजीवन कारावास की सजा काटकर शासन द्वारा समय पूर्व रिहाई के आदेश पर मंडल कारागार गोण्डा से छूटकर आए श्यामपाल वर्मा का राजनीतिक रसूख आज भी कायम है।इसका अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि जेल से रिहा होकर बाहर आए सजायाफ्ता व्यक्ति को मेहनौन से भाजपा विधायक विनय कुमार द्विवेदी ने अपने घर पर बुलाया और गले लगा लिया और अपने हाथों से मिठाई खिलाकर खुशियां साझा की और अपने फ़ेसबुक अकाउंट पर लिखा है कि पूर्व ज़िलापंचायत सदस्य डॉक्टर श्यामपाल वर्मा जी विगत दो दशक में जेल में बंद थे,उनका हमारे बींच न होना मन को बहुत पीड़ा पहुँचाती थी,जेल से उनकी रिहाई के उपरांत कल उनसे मुलाकात कर मिठाई खिलाकर खुशी प्रकट की।यह मेरे लिये अत्यंत भावुक क्षण था,भावुकता में मेरी और डॉक्टर श्यामपाल वर्मा जी की आँखें भर आयी।डॉक्टर श्यामपाल वर्मा जी के स्वस्थ एवं सुखद जीवन की मैं कामना करता हूँ।ये शब्द और तस्वीरें विधायक के अपने फ़ेसबुक पेज पर शेयर भी की गयीं जो जिले में चर्चा का




विषय बनी हुई हैं।बताते चलें कि जिले के मोतीगंज थाना क्षेत्र के पेड़ारन गांव के रहने वाले माधवराम वर्मा की हत्या कर दी गई थी जिसमें इसी गांव के निवासी श्याम पाल वर्मा पुत्र स्वर्गीय जयराम वर्मा को नामजद करते हुए मुकदमा दर्ज कराया गया था।हत्या की इस घटना में श्यामपाल वर्मा को आजीवन कारावास की सजा सुनाई गई।पिछले करीब 18 वर्षों से जेल की सीखचों में कैद रहे श्यामपाल के विरूद्ध इस दौरान मोतीगंज व कोतवाली नगर में करीब तेरह आपराधिक मुकदमे दर्ज हुए।चार मुकदमे जेल में बंद रहने के दौरान दर्ज किए गए,जिसमें एक मुकदमा मोतीगंज थाने में दर्ज किया गया जबकि तीन मुकदमे कोतवाली नगर में विभिन्न धाराओं के अंतर्गत पंजीकृत किए गए।वर्ष 2006 में श्यामपाल वर्मा के खिलाफ आईपीसी की धारा 147, 148, 149, 307, 302, 506, 504 व 7 क्रिमिनल लॉ अमेंडमेंट एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया गया।

इसी मुकदमे में श्यामपाल 11 नवंबर को मंडल कारागार गोण्डा से शासन द्वारा समय पूर्व रिहाई के आदेश पर छूटा है। रिहा होकर बाहर आए आजीवन कारावास की सजा काटने वाले श्याम पाल वर्मा के स्वागत को सत्तापक्ष के माननीय आतुर दिखाई दिए।मेहनौन विधायक विनय कुमार द्विवेदी ने तो श्यामपाल को गले लगा लिया और अपने हाथों से मिठाई खिलाकर खुशियां साझा करते हुए कहा कि जेल में रहने के दौरान उसकी कमी उन्हें बहुत अखरी।वहीं दूसरी तरफ गौरा विधायक प्रभात वर्मा व मनकापुर विधायक रमापति शास्त्री ने भी आजीवन कारावास की सजा काट रहे श्याम पाल वर्मा की समय पूर्व जेल से हुई रिहाई पर खुशियों का इजहार किया। इतना ही नहीं,सूत्रों का कहना है कि 17 नवंबर को लाव-लश्कर के साथ श्यामपाल को गोण्डा से अपने पैतृक आवास मोतीगंज थाना क्षेत्र के ग्राम पेड़ारन (राजगढ़) आना था लेकिन इसकी भनक उसके विपक्षी को लग गई जिस पर जिला प्रशासन से लेकर शासन स्तर तक मामला पहुंच गया।दरअसल इस जुलूस में कुछ माननीयों के भी शामिल होने की संभावना थी जिसके मद्देनजर पुलिस व प्रशासन भी अलर्ट मोड पर आ गया और अनुमति के बगैर किसी भी तरह का जुलूस निकालने पर सख्त हिदायत दी गई।इस पर बिना जुलूस के ही श्यामपाल वर्मा अपने पैतृक आवास राजगढ़ पहुंचा, जहां बड़ी संख्या में लोगों ने पहुंचकर उसे फूल-माला पहनाकर स्वागत किया और रिहाई की खुशियां साझा की।रविवार को कुछ विधायकों के भी राजगढ़ पहुंचने का कार्यक्रम तय था,लेकिन पुलिस व प्रशासन की सख्ती के चलते उन्हें अपने पैर पीछे खींचने पड़े।हालांकि मोतीगंज थाने की प्रभारी निरीक्षक अनीता यादव द्वारा रविवार को श्यामपाल वर्मा के पैतृक आवास राजगढ़ पर पुलिस का पहरा बैठा दिया गया था और वे स्वयं पल-पल की अपडेट लेती रहीं।बहरहाल, मेहनौन विधायक विनय द्विवेदी और सजायाफ्ता श्यामपाल वर्मा का गले मिलते तथा विधायक द्वारा उसे मिठाई खिलाते फोटो सोशल मीडिया पर खूब वायरल हो रहा है जो क्षेत्र में ही नहीं बल्कि पूरे जिले में चर्चा का विषय बना हुआ है।

# 70 पार बुजुर्ग आयुष्मान कार्ड बनवा कर कराये मुफ्त इलाज:डॉ. कुंवर रितेश

❑ बुजुर्ग को आयुष्मान कार्ड देकर आयुष्मान योजना का शुभारंभ करते हुए अधीक्षक डॉ. कुंवर रितेश

कैनविज टाइम्स संवाददाता

जरवल बहराइच। सीएचसी मुस्तफाबाद में अस्सी बुजुर्गों का आयुष्मान कार्ड बनाया गया। प्रधानमंत्री की घोषणा के बाद सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र मुस्तफाबाद में सीएचसी अधीक्षक ने बुजुर्ग को आयुष्मान कार्ड देकर योजना की शुरुआत की।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने धन्वंतरि जयंती और 9वें आयुर्वेद दिवस के मौके पर 70 वर्ष पूरे कर चुके देश के बुजुर्गों को आयुष्मान कार्ड के माध्यम से 5 लाख रुपये के मुफ्त इलाज की घोषणा की थी। प्रधानमंत्री की घोषणा के बाद सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र मुस्तफाबाद में 70 वर्ष



की आयु पूर्ण कर चुके क्षेत्र के बुजुर्गों का आयुष्मान कार्ड बनना शुरू हो गया है। सीएचसी अधीक्षक डा.कुंवर रीतेश ने बुजुर्ग जगदीश को आयुष्मान कार्ड देकर योजना की शुरुआत की। अधीक्षक ने बताया कि क्षेत्र के 80 बुजुर्गों का आयुष्मान कार्ड बनाया जा चुका है।जिनकी आयु 70 वर्ष हो गई है, वह निःशुल्क अस्पताल से आयुष्मान कार्ड बनवाकर पांच लाख तक का इलाज मुफ्त करवा सकते है।

## अखिल भारतीय सिविल सर्विसेज फुटबॉल प्रतियोगिता में चयन

**जरवल बहराइच कैनविज टाइम्स संवाददाता।** दुग्ध विकास विभाग में वरिष्ठ सहायक के पद पर कार्यरत विजय शंकर एवं क्षेत्रीय युवा कल्याण एवं प्रादेशिक विकास दल अधिकारी विकास वर्मा जरवल का चयन अखिल भारतीय सिविल सर्विसेज फुटबॉल पुरुष प्रतियोगिता में हुआ है। चयनित खिलाड़ी उत्तर प्रदेश की टीम से प्रतिभाग करेंगे। राष्ट्रीय प्रतियोगिता का आयोजन 9 से 16 दिसम्बर तक तिलक मैदान बास्को साऊथ गोवा में किया जाएगा।यह जानकारी डिस्ट्रिक्ट फुटबॉल एसोसिएशन के सचिव अटल सिंह ने दी।प्रदेश की टीम में चयन होने पर जिला क्रीड़ाअधिकारी आनंद श्रीवास्तव,जिला युवा कल्याण अधिकारी प्राची पंवार,क्षेत्रीय युवा कल्याण अधिकारी देवेश शुक्ला,अजय गुप्ता,अखिलेश चौधरी,आईबी सिंह,नत्थू सिंह,अनुज कुमार यादव ,रंजीत कुमार,कोच राकेशपासवान,विनोद कुमार,शानू खान सहित सैकड़ों लोगो ने चयनित खिलाड़ियों को बधाई दिया है ।

# नवीन गन्ना पेराई सत्र का डीएम मोनिका रानी ने वैदिक मंत्रोचारण के साथ किया शुभारंभ

कैनविज टाइम्स संवाददाता



नानपारा, बहराइच। श्रावस्ती किसान सहकारी चीनी मिल्स लि. नानपारा के नवीन गन्ना पेराई सत्र 2024-25 का शुभारंभ रविवार को वैदिक मंत्रोचारण के साथ विधिविधान से डीएम बहराइच मोनिका रानी ने किया। इस दौरान डीएम मोनिका रानी ने परम्परागत हवन पूजन, बैल पूजन एवं कंाटा पूजन आदि कार्यक्रम को संपन्न कराने के बाद मिल गेट पर गन्ना किसानो से मुलाकात की और उनके द्वारा लाई गई पहली बैल गाड़ी के बैल व कृषक को तिलक लगाकर तथा माला पहनाकर उनका स्वागत किया और गन्ना किसान को उपहार स्वरूप स्टील की बाल्टी भेंट की। इसी के साथ डीएम ने कंप्यूटराइज्ड कंाटे पर बैलगाड़ी की तौल कराकर पर्ची भी निकाली। इसके बाद डीएम ने मौजूद संभ्रांतजन, अधिकारियों एवं गन्ना किसानो के साथ ढोला में गन्ना डालकर पेराई सत्र का शुभारंभ किया। इस अवसर पर डीएम मोनिका रानी ने गन्ना किसानों और मिल प्रबन्धन को सफल पेराई सत्र के लिए शुभकामनाएं दी साथ ही डीएम ने किसानों से अपील की कि खेतों में फसल अवशेष व पराली को न जलाएं बल्कि बेहतर प्रबन्धन के सहारे इससे कम्पोस्ट खाद तैयार कर भूमि की उर्वरा शक्ति को बढ़ाएं। सचिव/प्रधान प्रबंधक यमुनाधर चौहान ने किसानों से स्वच्छ गन्ने की अधिक से अधिक सप्लाई करने की अपील की। इस मौके पर एसडीएम नानपारा अश्वनी पाण्डेय, सीओ नानपारा प्रद्युमन कुमार सिंह, उप सभापति वीर चंद्र वर्मा, घनश्याम सिंह, आनन्द प्रकाश श्रीवास्तव आदि मौजूद रहे।

## अनुरक्षण कार्य के कारण 19 नवम्बर को बाधित रहेगी विद्युत आपूर्ति

**बहराइच कैनविज टाइम्स संवाददाता।** उप खण्ड अधिकारी विद्युत मुकेश कुमार ने बताया कि अनुरक्षण माह के अन्तर्गत 19 नवम्बर 2024 को 33/11 के.वी. विद्युत उपकेन्द्र घण्टाघर के अन्तर्गत 5 एमवीए पावर परिवर्तक संख्या-1 का अनुरक्षण सम्बन्धी कार्य कराया जाना प्रस्तावित है। जिसके कारण 33/11 के.वी. घण्टाघर के सभी फीडर प्रातः 09.00 बजे रात्रि 09.00 बजे तक बन्द रहेंगे। इस दौरान घण्टाघर उपकेन्द्र से पोषित क्षेत्र छावनी बाजार, फत्तेपुरा, ब्राम्हणीपुरा, केवानागंज, वजीरबाग, काजीपुरा, चौक बाजार, मीराखेलपुरा, अकबरपुरा, नाजिरपुरा, स्टीलगंज तालाब, रोडवेज आदि क्षेत्र विद्युत आपूर्ति से प्रभावित होंगे।

## सैंपलिंग पब्लिक स्कूल के बच्चों ने साइंस फ़ेयर में बनाए विभिन्न मॉडल



**नानपारा, बहराइच कैनविज टाइम्स संवाददाता।** रविवार को नगर में संचालित सैंपलिंग पब्लिक स्कूल में स्कूल के अध्यक्ष अख्तर हुसैन की देख देख में विज्ञान मेला (साइंस फ़ेयर) का आयोजन हुआ जिसमें स्कूल के दर्जनों बच्चों ने विभिन्न प्रकार के विज्ञान मॉडल आदि बनाकर अपने विवेक का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम का उद्देश्य विज्ञान के क्षेत्र में नई नई टेक्नोलॉजी एवं खोजों से परिचित कराना है। स्कूल के मैनेजर रईस बेग ने कहा कि ऐसे कार्यक्रम होने से छात्रों को विज्ञान के अभ्यासों को स्वयं अनुभव करने का अवसर प्राप्त होता है ताकि भविष्य में उनके लिए आसानी हो सके। कार्यक्रम में आए अभिभावकों और संभ्रांत लोगों ने बच्चों द्वारा बनाए गए मॉडल की सराहना करते हुए उनकी हौसला अफजाई की। इस मौके पर डॉ शिबली मजहर, सेन्ट पीटर इन्टर कालेज के गुलाम हुसैन कुरैशी, डॉ संजय कुमार श्रीवास्तव, राजेन्द्र मित्तल, निज़ाम कादरी एडवोकेट, मोहम्मद सईद, नसीरुद्दीन, सईद अहमद, सहाब सिद्दीकी, डॉ आदिल, शुऐब अहमद, विद्यालय के आशुतोष श्रीवास्तव, मो ज़ैद, मो फ़ैज़ और अध्यापिकाओं द्वारा बच्चों के माडल तैयार कराने में विशेष योगदान रहा। कार्यक्रम के अंत में आये हुए सभी मेहमानों, अभिभावकों और अध्यापकों का स्कूल के मैनेजर रईस ?बेग ने शुक्रिया अदा किया।

# दुर्घटनाओं को कम करने हेतु हेलमेट व सीटबेल्ट एवं ट्रालियों में रिफ्लेक्टर लगाने को किया प्रेरित

कैनविज टाइम्स संवाददाता




पीलीभीत।यातायात माह के अंतर्गत सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने के उद्देश्य से गौहनिया चौराहे पर दो पहिया वाहन चालकों व चार पहिया वाहन चालकों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक किया गया जिसमें जनपदीय सड़क सुरक्षा नोडल अधिकारी इन्तजार खान व यातायात प्रभारी राघवेन्द्र सिंह, टीएस आई सुभाष चन्द्र ने यातायात माह के अंतर्गत अभियान चलाकर वाहन चालकों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक किया जिसमें ऐसे दो पहिया वाहन चालकों जिन्होंने वाहन चलाते समय हेल्मेट का प्रयोग नहीं किया उन वाहन चालकों को स्लोगन के द्वारा जागरूक किया जिसमें लिखा था कि हमें अपने परिवार की चिंता नहीं है इसलिए हम हेलमेट का प्रयोग नहीं करते व भविष्य में वगैरह हेल्मेट के वाहन नहीं चलाने की नसीहत दी गई। और ऐसे वाहन चालकों जिन्होंने वाहन चलाते समय हेल्मेट का प्रयोग किया उनको गुलाब का फूल देकर हेल्मेट के प्रति प्रेरित कर सम्मानित किया। इसी प्रकार से चार पहिया वाहन चालकों जिन्होंने वाहन चलाते समय सीटबेल्ट का प्रयोग नहीं किया उन्हें भविष्य में सीटबेल्ट के वगैरह वाहन नहीं चलाने की नसीहत दी गई व जिन्होंने वाहन चलाते समय सीटबेल्ट का प्रयोग किया उन्हें अपने समाज के प्रति जिम्मेदार बताते हुए गुलाब का फूल देकर सम्मानित किया गया। इसी के तहत गन्ने से भरी ट्रैक्टर ट्रालियों के पीछे रिफ्लेक्टर लगाने के निर्देश दिए गए व कई ट्रालियों में रिफ्लेक्टर लगाकर प्रेरित किया कि अगर रिफ्लेक्टर लगे होंगे तो कोहरे में दुर्घटनाएं होने की संभावनाएं न के बराबर होंगी। सड़क सुरक्षा नोडल अधिकारी इन्तजार खान ने किसानों से कहा कि आप लोग भी छुट्टा जानवरों के सींगों में रिफ्लेक्टर टेप लगाकर कोहरे व रात को सड़कों पर जानवरों के द्वारा होने वाली दुर्घटनाओं को कम करने में समाज हित में कार्य कर सकते हैं क्योंकि रात को अधिकतर दुर्घटनाएं जानवरों के द्वारा हो रही हैं जिन्हें दूर से हमें दिखाई नहीं देते और दुर्घटना का शिकार होना पड़ता है।इस अवसर पर यातायात कांस्टेबल सुरेंद्र कुमार,कांस्टेबल मोहित, कांस्टेबल सूरज भान सहित यातायात का स्टाफ उपस्थित रहा है।

**छुट्टा जानवरों के सींगों में भी रिफ्लेक्टर टेप लगाकर दुर्घटनाओं को कम किया जाएगा : यातायात प्रभारी राघवेन्द्र सिंह**

# 12 वीं पुण्यतिथि पर कार्यकर्ताओं ने बाला साहब ठाकरे को याद किया

कैनविज टाइम्स संवाददाता



पीलीभीत।शिवसेना उद्धव बालासाहेब ठाकरे इकाई द्वारा शिवसेना कानूनी सलाहकार एडवोकेट आरके शर्मा के कार्यालय पर शिवसेना संस्थापक बालासाहेब ठाकरे की 12 वीं पुण्यतिथि के अवसर पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। सभी शिव भक्तों ने बालासाहेब ठाकरे के चित्र के सम्मुख पुष्प अर्पित कर पुष्पांजलि दी। इस अवसर पर शिवसेना जिला अध्यक्ष शैली शर्मा ने कहां की बालासाहेब ठाकरे ने शिवसेना की स्थापना 80% समाज सेवा और समाज सेवा में आने वाली रूकावटों को दूर करने के लिए 20% राजनीति के उद्देश्य की थी लेकिन स्वार्थ वश शिवसेना से जुड़े लोगों ने बालासाहेब के जीते जी रहते हुए भी शिवसेना को तोड़ने का प्रयास अनेक बार किया लेकिन बाला साहब ने इसकी परवाह न करते हुए अपना मिशन चालू रखा। बालासाहेब की मृत्यु के पश्चात अब फिर सत्ता के स्वार्थियों द्वारा शिवसेना को दो भागों में बांट दिया है लेकिन बाला साहब के सपनों को उद्धव ठाकरे पूरा करने में लगे हैं। बालासाहेब हिंदुत्व के प्रखर समर्थक थे।शिवसेना उद्धव बालासाहेब ठाकरे के सभी सैनिक उन्हें उद्देश्यों की पूर्ति के लिए तन मन धन से लगे हैं।श्रद्धांजलि देने वालों में शिवसेना जिला प्रमुख शैली शर्मा,जिला उपाध्यक्ष प्यारेलाल प्रजापति,जिला कानूनी सलाहकार एडवोकेट आरके शर्मा,करण शर्मा, केपी वर्मा,एडवोकेट प्रदीप श्रीवास्तव शिवसेना प्रवक्ता, राजेश मौर्य,राजेंद्र कौर, मिताली सिंह आदि शिव सैनिक मौजूद रहे हैं।

**बालासाहेब ठाकरे के पथ पर चलूंगा हमेशाः शैली शर्मा**

# डीएपी की ओवर रेटिंग या जमाखोरी हुई तो होगी कार्यवाही : गामिनी सिंगला

कैनविज टाइम्स संवाददाता




बल्दीराय/सुल्तानपुर। बल्दीराय उपजिलाधिकारी गामिनी सिंगला (आईएएस) ने कहा कि यदि डीएपी खाद की ओवर रेटिंग (मूल्य से अधिक दाम) लिया गया या जांच में जमाखोरी की जानकारी मिलेगी तो तत्काल प्रभाव से कार्यवाही होगी।

इन दिनो बल्दीराय तहसील क्षेत्र में डीएपी की किल्लत बरकरार है ऐसी स्थित में उपजिलाधिकारी महोदया ने जमाखोरो के खिलाफ सख्त हो गई है उन्होंने कहा कि इस समय गेहूं, धान, सरसों आदि की फसलों की बुआई का समय चल रहा है, समितियों या दुकानों पर खाद कम अनुपात मात्रा में उपलब्ध हो रही है, बीच बीच में जो भी स्टॉक उपलब्ध होता है उसको बंटवाया जा रहा है लेकिन शिकायत मिली है कि कुछ दुकानदार पहले से ही डीएपी स्टोर करके अधिक दामों पर किसानों को बेंच रहे है। ऐसे में तहसील स्तर के लाइसेन्स होल्डर दुकानदारों की सूची मंगवा कर जांच करवाई जाएगी किसानों से आधार भी मैच करवाया जाएगा अगर स्टॉक और बिक्री में मैच न हुआ तो तत्काल प्रभाव से कार्यवाही होगी।उपजिलाधिकारी की इस सख्ती से क्षेत्र के उर्वरक विक्रेताओ में हड़कम्प मच गया है।

# भाजपा ने उन्नीस मण्डलों में आयोजित की संगठन पर्व की कार्यशाला

कैनविज टाइम्स संवाददाता



गौरीगंज अमेठी। राष्ट्र निर्माण के लिये मजबूत व सक्रिय बूथ जरूरी है।भाजपा का राजनीतिक लक्ष्य राष्ट्र निर्माण व सशक्त देश बनाना है।उक्त बातें भाजपा प्रवक्ता चन्द्रमौलि सिंह ने अमेठी विधानसभा के संग्रामपुर मण्डल की संगठन महापर्व कार्यशाला को बतौर मण्डल चुनाव अधिकारी संबोधित करते हुये कही।उन्होंने बूथ समिति चुनाव प्रक्रिया की चर्चा करते हुए कहा बूथ समिति में महिलाओं समेत सर्वस्पर्शी,सर्वव्यापी,सर्वग्राही की भागीदारी सुनिश्चित करनी है। मण्डल अध्यक्ष चन्द्रकेश यादव की अध्यक्षता में आयोजित कार्यशाला को पार्टी के वरिष्ठ नेता व पूर्व जिला महामंत्री विन्देश्वरी दुबे ने सम्बोधित करते हुये कार्यकर्ताओं में जोश भरने का काम किया। उन्होंने कहा भाजपा कार्यकर्ताओं के बल पर दुनिया का सबसे बड़ा राजनीतिक संगठन बना हैं।मण्डल प्रभारी देवप्रकाश पाण्डेय ने वृत्त निवेदन किया। उन्होंने अठारह शक्ति केन्द्र चुनाव अधिकारी की घोषणा की।उन्होंने संगठन चुनाव प्रक्रिया की विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि बूथ समिति चुनाव बीस से पच्चीस नवम्बर के बीच आयोजित होंगे।मण्डल अध्यक्ष चन्द्रकेश यादव ने आये हुये सभी लोगों का धन्यवाद व आभार प्रकट किया।संचालन मण्डल महामंत्री राजेश शुक्ला ने किया।इस मौके पर पूर्व मण्डल अध्यक्ष विपिन शुक्ला, गोकुलेश पाण्डेय सहित सभी कार्यकर्ता मौजूद रहे।ज़िला महामन्त्री सुधांशु शुक्ला ने बताया कि इसी प्रकार अन्य मण्डलों में भी कार्यशाला आयोजित हुई।

**बूथ समिति चुनाव बीस से पच्चीस नवम्बर के बीच होंगे आयोजित**

## जाम के चलते रेलवे पर मध्यम गति से कार्य कराने का लगा आरोप

सुल्तानपुर। लखनऊ -वाराणसी राष्ट्रीय राजमार्ग स्थित हनुमानगंज रेलवे क्रॉसिंग पर मरम्मत का कार्य चल रहा है। पता चला है कि मानव संसाधन की कमी के चलते यह कार्य अत्यंत धीमी गति से चल रहा है । जिसके कारण नगर कोतवाली क्षेत्र के अमहट -पयागपुर ,कोतवाली देहात थानाक्षेत्र के हनुमानगंज ,लोहरामऊ ,दो मुंह। बाईपास मार्ग पर वाहनों की रफ्तार थम गई है । हालांकि जाम की स्थिति को देखते हुए कोतवाली देहात की पुलिस भुलकी चौराहे पर मौजूद है। थानाध्यक्ष कोतवाली देहात ने बताया कि पुलिस द्वारा अवरुद्ध मार्ग को खुलवा दिया गया है। धीरे-धीरे गाड़ियां निकल रही हैं।परेशान राहगीरों ने कहा है कि बगैर सूचना के इस तरह राष्ट्रीय राजमार्ग स्थित हनुमानगंज क्रॉसिंग पर कार्य को करवाना न्याय संगत नहीं है। जिस समय दोनों धर्म की सहालग चल रही है । उसको लेकर नागरिकों की सहूलियत को देखते हुए कार्य को तेजी से प्रगति पर करना था । लेकिन गैर जिम्मेदार रेलवे अफसरों के कारण रविवार की सुबह ही बहुत सारे राहगीर और परिवार के लोग जाम में फंस गए ।

# धर्म प्रमाण पत्र के लिए तहसील में भटकते रहे युवा

कैनविज टाइम्स संवाददाता




बल्दीराय/सुल्तानपुर। सेना में भर्ती देखने के लिए सैकड़ो की संख्या में युवा दिन भर तहसील के चक्कर काटते रहे वही तहसील स्तर के अधिकारी भी अजीब पसोपेश में है कि धर्म प्रमाण पत्र जारी करें कि नही।

सेना ने युवा बेरोजगारों के भर्ती निकाली है जो 20,21 नवम्बर को सागर, पिथौरागढ़, दानापुर में टेरिटोरियल आर्मी ज़ोन-2 में भर्ती होनी है। जिसमें भर्ती बोर्ड की तरफ से रिलिजियस सर्टिफिकेट (धर्म प्रमाण पत्र) अनिवार्य किया गया है। धर्म प्रमाण पत्र बनवाने के लिए सुबह से सैकडों युवा तहसील में डटे रहे। इस सबंध में तहसीलदार अरविंद तिवारी ने बताया कि त्रुटिवश पूर्व में कुछ प्रणाम पत्र जारी हो गए थे जिसके निरस्त्रीकरण की नोटिस नोटिसबोर्ड पर चस्पा कर दी गई।

नोटिसबोर्ड पर नोटिस देख कर युवा आंदोलित होकर नारेबाजी करने लगे तो तहसीलदार ने उन्हें समझाया कि धर्म प्रमाण पत्र जारी करने का हमको कोई ऊपर से आदेश नही हुआ है।

आगे तहसीलदार ने बताया कि हमको सिर्फ आय,जाति, निवास प्रमाण पत्र जारी करने की पावर है। धर्म प्रमाण पत्र के बाबत उपजिलाधिकारी बल्दीराय आईएएस गामिनी सिंगला ने बताया कि जो प्रमाण पत्र पूर्व में भूलवश जारी कर दिए गए है उसको निरस्त करने की सूची चस्पा कर दी गई है।

## शादी और गोद भराई के नाम पर ठगी का मामला जोरों पर

पूरनपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। नगर में स्थित एक बैंकट हॉल में विवाह समारोह का आयोजन हुआ जिसमें दुल्हन के प्रेमी के दोस्त ने दुल्हन एक उपहार भेंट किया और गले लगा कर दुल्हन के कान में कुछ कहा इससे पहले की दूल्हा कुछ समझ पाता उस युवक को बारातियों ने पकड़ लिया फिर इस बारे में दुल्हन से पूछा गया।तो दुल्हन ने साफ इनकार कर दिया कि मैं इसको जानती नहीं हूं।काफी विवाद बढ़ने पर दुल्हन बोली कि यह युवक मेरी बुआ का लड़का है। बुआ दुल्हन के पीछे ही खड़ी थी।तो दूल्हे ने बुआ से पूछा कि यह लड़का आपका है। तो बुआ ने साफ इनकार कर दिया कि यह मेरा लड़का नहीं है।काफी पूछने के बाद दुल्हन ने इस बात को कबूल किया कि यह लड़का मेरे पूर्व प्रेमी का दोस्त है। जिसके साथ में बरेली में लगभग 2 साल लिव रिलेशन में रही थी। मामला बिगड़ने के बाद दोनो लड़कों को बारातियों ने पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया विवाद के चलते मामला कोतवाली पहुंचा जहां लड़की आंवला जनपद बरेली ब लड़का पूरनपुर दोनों ने शादी करने से इनकार कर दिया ओर दोनों के परिजनों ने आपसी सुलह समझौता कर लिया और लड़की पक्ष के मुताबिक 3 लाख नकद रुपए सहित अन्य कीमती सामान लड़का पक्ष ने दिया है। सूत्र बताते हैं।कि उपरोक्त दुल्हन और उसके परिजन यह ठगी का धंधा कई सालों से करते चले आ रहे हैं। पहले भी उक्त दुल्हन और उसके घर बालों ने गोद भराई के नाम पर लाखों रुपए ठग लिए थे।शाहजहांपुर में उसके बाद ऐसा ही एक मामला उपरोक्त दुल्हन के परिजनों के मिलकर मीरानपुर कटरा जनपद शाहजहांपुर में भी घटना को अंजाम दिया था। अब पूरनपुर में यह तीसरी घटना को अंजाम दिया है।

## अमेठी में अतिक्रमण को लेकर चलाया गया अभियान

अमेठी कैनविज टाइम्स संवाददाता। जिलाधिकारी के निर्देश पर जनपद के सभी नगर निकायों एवं अन्य प्रमुख बाजारों कस्बों में हुए सड़क पर अतिक्रमण को लेकर सभी उप जिलाधिकारियों, अधिशासी अधिकारियों, पुलिस क्षेत्राधिकारियों, थानाध्यक्षों द्वारा अभियान चलाकर अतिक्रमण को हटाया गया। बताते चलें कि कस्बों बाजारों में दुकानदारों द्वारा सड़कों पर अवैध रूप से अतिक्रमण किये जाने से आये दिन जाम आदि की समस्या उत्पन्न होती थी जिसको लेकर जिलाधिकारी द्वारा संबंधित अधिकारियों को अवैध अतिक्रमण के विरुद्ध अभियान चलाकर अतिक्रमण को हटाये जाने के निर्देश दिये गये थे जिसके क्रम में रविवार को सभी जगह अभियान चलाकर अवैध रूप से किये गये अतिक्रमण को हटाया गया।

## एक सौ पचहत्तर वाहनों का चालान कर वसूला जुर्माना

अमेठी कैनविज टाइम्स संवाददाता। यातायात पुलिस द्वारा यातायात जागरूकता माह नवंबर के सत्तरहवें दिन अभियान चलाकर सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम हेतु आमजनमानस को जागरूक किया गया जिसमें एक सौ पचहत्तर वाहनों का चालान कर दो लाख पच्चीस हजार रुपये का जुर्माना लगाया गया।पुलिस अधीक्षक अनूप कुमार सिंह के निर्देशन, अपर पुलिस अधीक्षक अमेठी के पर्यवेक्षण एवं समस्त क्षेत्राधिकारी के कुशल नेतृत्व में रविवार को यातायात जागरूकता माह नवंबर के सत्तरहवें दिन यातायात पुलिस जनपद अमेठी द्वारा थाना क्षेत्र गौरीगंज में आमजनमानस को जागरूक किया गया व पंपलेट वितरण कर सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम हेतु जागरूक किया गया तथा यातायात नियमों का पालन करने हेतु निवेदन किया गया तथा दुर्घटना बाहुल्य ब्लैक स्पॉट स्थानों पर यातायात नियमों का उल्लंघन (जैसे- गलत दिशा में वाहन चलाना, सड़क के किनारे हाईवे पर अवैध रूप से पार्किंग कर वाहन खड़ा करना व तेज गति से वाहन चलाना आदि) करने वाले वाहन चालकों के विरुद्ध सघन चेकिंग अभियान चलाया गया । चेकिंग के दौरान एक सौ पचहत्तर वाहनों का चालान कर कुल दो लाख पच्चीस हजार रुपये का जुर्माना योजित किया गया।

## बौद्धिक क्षमता में महक शुक्ला ने जीता गोल्ड मेडल

बल्दीराय/सुल्तानपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। जन शिक्षा समिति प्रांतीय ज्ञान विज्ञान मेला और सांस्कृतिक प्रश्न मंच बौद्धिक प्रतियोगिता कमला केशव के छात्र छात्राओं ने मिलकर 43 मेडल में 16 सर्वाधिक गोल्ड मेडल प्राप्त किया। इस प्रतियोगिता में 12 जनपद के 450 विद्यार्थियों ने भाग लिया था । जिसमे बात विवाद प्रतियोगिता में महक शुक्ला ने प्रथम स्थान प्राप्त कर गोल्ड मेडल अपने नाम किया दूसरा गणित में नैंसी पांडेय ने दूसरा स्थान हासिल कर सिल्वर मेडल जीता, तीसरा सोनाक्षी मिश्रा ने गणित तीसरे नंबर पर अपनी जगह बनाई और कांस्य पदक पर जीत हासिल किया। प्रधानाध्यापक आत्मानंद दुबे ने सभी विजेताओं को बधाई देते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना की और कहा कि बेटियां सभी प्रतियोगिताओं में परचम लहरा रही है बेटियां बेटो से कम नहीं हैं।

# गोमती मित्रों की मेहनत से सुंदर दिखने लगा सीता कुंड धाम



कैनविज टाइम्स संवाददाता

सुल्तानपुर। गोमती मित्र मंडल परिवार ने जिस धैर्य के साथ विगत 12 वर्षों से मुख्य तौर पर श्री सीताकुंड धाम की स्वच्छता, सुरक्षा, सुंदरता के लिए तन-मन-धन से प्रयास किया उसका परिणाम अब नगर वासियों को स्पष्ट तौर पर दिखने लगा है। नगर ही नहीं पूरे जनपद में किसी के यहाँ अगर नातेदार रिश्तेदार आते हैं और पूछते हैं कि सुल्तानपुर में कुछ देखने लायक है तो मुख्य तौर पर सभी श्री सीता कुंड धाम का ही नाम लेते हैं और यह गोमती मित्रों की बहुत बड़ी सफलता है। यहां तक कि स्थानीय पर्वों पर या बड़े स्नान पर्वों पर ग्रामीण क्षेत्र से आने वाले श्रद्धालु भी गोमती मित्रों की मेहनत के आगे नतमस्तक होते दिखते हैं। साप्ताहिक श्रमदान में अब नगर वासी भी शामिल होते हैं, रविवार 17 नवंबर को होने वाला साप्ताहिक श्रमदान मुख्य रूप से प्रदेश अध्यक्ष रुद्र प्रताप सिंह मदन, मीडिया प्रभारी रमेश माहेश्वरी, संत कुमार प्रधान, राकेश सिंह दद्दू, पप्पू शर्मा, मुन्ना पाठक, मुन्ना सोनी, दिनकर प्रताप सिंह, ओम प्रकाश कसौधन, राजीव कसौधन, सुजीत कसौधन, सोनू सिंह, अनुज सिंह, श्याम, अर्जुन, अभय, आयुष, प्रांजल, आभास, यश आदि गोमती मित्रों की उपस्थिति के साथ संपन्न हुआ। श्रमदान के पश्चात उपस्थित नगर वासियों व श्रद्धालुओं ने मां गोमती के जयकारों से पूरे तट को गुंजायमान कर दिया।

# लव जिहाद के एक और मामले से हिंदू संगठनों में भारी रोष

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सुल्तानपुर। जिले में एक और लव-जिहाद का मामला सामने आया है। जिसमें बड़ी चालाकी से शाजिस के तहत समीर खान ने हिंदू लड़की को अपने जाल में फंसाने के खातिर धर्मेंद्र तिवारी बन गया। राष्ट्रीय गौरक्षा वाहिनी सेवा संघ समेत कई हिंदू संगठनों को लव-जिहाद की जानकारी मिलते ही पुलिस अधीक्षक सोमेन वर्मा से आरोपी युवक समीर खान के विरुद्ध कठोर कार्रवाई करने की मांग की है। मामला जिले के जयसिंहपुर थाना क्षेत्र के एक गांव का है। जहां की (खुशबु काल्पनिक नाम) उम्र करीब 22वर्ष दिल्ली में अपनी मां के साथ रहती थी। वहीं का रहने वाला समीर खान पहचान छिपाकर हिंदू धर्मेंद्र तिवारी बनकर लड़की को डरा-धमका कर उसके साथ रेप किया फिर धोखे से शादी करके धर्म परिवर्तन करा रहा है। पिता ने बीते 12 नवंबर को जयसिंहपुर थाने में बेटी की गुमशुदगी दर्ज कराई थी।बेबस पिता (आत्माराम काल्पनिक) ने बताया कि समीर खान अब बेटी को छोड़ने के ऐवज में बीस लाख की फिरौती मांग रहा है। यदि नहीं दिया तो हमारी बेटी को बेच देगा।या जान से मार देगा। मेरे परिवार को भी जान से मारने की धमकी दे रहा है। समीर हरदोई जिले का रहने वाला है। राष्ट्रीय गौरक्षा वाहिनी और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ हिंदू संगठन के पदाधिकारियों ने इस मामले की गंभीरता से जांच की मांग की है। उन्होंने आरोप लगाया कि लव जिहाद की घटनाएं समाज में तनाव पैदा कर रही हैं और इस तरह की गतिविधियों पर सख्त कार्रवाई की जानी चाहिए। राष्ट्रीय गौरक्षा वाहिनी के प्रदेश प्रभारी सर्वेश सिंह, राष्ट्रीय स्वयंसेवक दिवाकर सिंह रघुवंशी, विश्व हिन्दू महासंघ के अध्यक्ष कुंवर दिनकर सिंह आदि लोगों ने एसपी सोमेन वर्मा से युवक समीर खान की तत्काल गिरफ्तारी की मांग की है,ताकि इस तरह की घटनाओं पर अंकुश लगाया जा सके। सर्वेश सिंह ने बताया कि गौरक्षा वाहिनी संगठन के पदाधिकारी किसी भी हालत में धर्म परिवर्तन होने नहीं देंगे। आवश्यकता पड़ने पर आंदोलन किया जाएगा। एसपी सोमेन वर्मा ने बताया कि मामले की जांच शुरू कर दी गई है। आवश्यक विधिक कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

## चंडीगढ़ की कसक

अभी भी चंडीगढ़ के लोग विश्वास नहीं कर पा रहे हैं कि शहर की फिजा में इतना जहर घुल चुका है कि एक्यूआई चार सौ का आंकड़ा पार कर गया। सिटी ब्यूटीफुल के उपनाम से विख्यात इस शहर को किसकी नजर लगी, शहर के बाशिंदे अब तक समझ नहीं पा रहे हैं। लोग बताते नहीं थकते कि ऐसा मंजर उन्होंने जिंदगी में पहली बार देखा है। कभी लोग इस शहर की खूबसूरती और स्वास्थ्यवर्धक आबोहवा की कसमें खाया करते थे। पं. जवाहर लाल नेहरू के सपनों का शहर, जिसे तत्कालीन पंजाब के मुख्यमंत्री प्रताप सिंह कैरो ने रात-दिन एक करके हकीकत बनाया। फिर फ्रांस के नामचीन वास्तुकार ली कार्बूजिए ने अपनी भारतीय टीम के साथ मिलकर उस सपने को साकार किया। भरपूर हरियाली और योजनाबद्ध तरीके से बने शहर में ऐसा कुछ नहीं दिखता जो भयावह प्रदूषण का सबब बने। विस्तृत सुखना झील, इसके पर्यावरण व सौंदर्य को निखारती है और आबोहवा को शुद्ध करती है। इस शहर को तीन प्रदेशों की राजधानी होने का दर्जा हासिल है। पंजाब व हरियाणा के साथ खुद केंद्रशासित प्रदेश चंडीगढ़ की भी राजधानी है। ऐसे में जब सिटी ब्यूटीफुल के लोगों ने अखबारों में चंडीगढ़ के एक्यूआई लेवल के चार सौ पार करने का समाचार पढ़ा तो उन्हें अपनी आंखों पर विश्वास नहीं हुआ। एक शहर जिसके सौंदर्य व आबोहवा की शान में पंजाबी गीतों में तमाम कसीदे पढ़े जाते थे, उसे यकायक ये क्या हो गया। शासन प्रशासन के लिये भी यह एक नई चुनौती थी। ऐसी स्थिति पहले कभी उसके सामने आई भी नहीं थी। नौकरशाह भी हतप्रभ थे कि किया क्या जाए। इस जहरीली फिजा में प्रत्यक्ष तौर पर शहर की भूमिका भी तो नहीं थी। यहां न तो ऐसी कोई इंडस्ट्री थी और न ही थर्मल प्लांट आदि, जिन पर तत्काल कार्रवाई होती। एक सुनियोजित-व्यवस्थित शहर व जागरूक नागरिक और साथ में सचेत तंत्र। वैसे आधुनिक सभ्यता की विसंगतियां तो जरूर थीं जो तापमान बढ़ाने में किसी हद तक भूमिका निभाती हैं। बहरहाल, समय के साथ-साथ बहुत कुछ ऐसा बदला जरूर है जो इस शहर की आबोहवा में दखल देता है। कभी चंडीगढ़ को बाबुओं का शहर कहा जाता था। बदलते वक्त के साथ कारों का हुजूम जरूर यातायात और पार्किंग की समस्या खड़ी करता है। लेकिन उसकी एक्यूआई लेवल को चार सौ पार पहुंचाने में इतनी बड़ी भूमिका भी नहीं रही। वैसे तो आधुनिक जीवनशैली के चलते एसी, फ्रिज, कार और निकटवर्ती इलाकों में अंधाधुंध निर्माण कार्यों में तेजी ने हमारे पर्यावरण पर हर शहर की तरह असर तो डाला है। एक जिम्मेदार नागरिक के तौर पर हमें जो भूमिका पर्यावरण संरक्षण हेतु निभानी चाहिए, वो हम नहीं निभाते हैं। यूं तो चंडीगढ़ का मूल स्वरूप बरकरार है। कुछ सेक्टर नये जुड़े हैं, लेकिन सुनियोजित तरीके से ही उनका विस्तार हुआ। चंडीगढ़ के निर्धारित स्वरूप के चलते इसके अधिक विस्तार की गुंजाइश भी नहीं है, लेकिन इसके चारों ओर तमाम छोटे-बड़े शहरों का विस्तार हुआ है। घनी आबादी कहीं न कहीं चंडीगढ़ पर दबाव जरूर बनाती है। लेकिन यह स्थिति उतनी विकट नहीं है कि शहर का एक्यूआई लेवल चार सौ पार करे। कह सकते हैं कि इसके आसपास के राज्यों में जलती पराली की इसमें किसी सीमा तक भूमिका होगी। पड़ोसी पाकिस्तान के लाहौर में एक्यूआई लेवल की जो भयावह स्थिति है उसका असर अमृतसर से चंडीगढ़ तक कितना पड़ा, इसके लिये वैज्ञानिक अध्ययन की जरूरत है। मौसम वैज्ञानिक कह रहे हैं कि पहाड़ों में बर्फबारी के बाद मैदानों में अचानक तापमान गिरने से हवा में नमी बढ़ी है। हवा की गति धीमी होने से प्रदूषक कण आगे नहीं बढ़ रहे हैं। जिससे प्रदूषण की समस्या विकट हो रही है। हालांकि, धीरे-धीरे स्थिति सुधर रही है, मगर हर कोई चाह रहा है कि मौला बारिश दे, ताकि इस प्रदूषण से छुटकारा मिले। चंडीगढ़ के लोगों को घटनाक्रम सबक दे गया कि घर की सफाई के साथ-साथ आस-पड़ोस भी साफ-सुथरा होना चाहिए। यह भी कि कुदरत किसी भी ज्यादती का प्रतिकार करती है। हमें इसके साथ साम्य बनाकर जीवनयापन करना चाहिए। यही आने वाली पीढ़ी के लिये भी सबक है।

# भारत की पारंपरिक चिकित्सा को प्रोत्साहन देने की मांग

**आयुर्वेद चिकित्सा पद्धति सदियों से आज तक जीवित और समृद्ध रही है। इस प्रकृति आधारित चिकित्सा के विशाल ज्ञान, मानव शरीर की संरचना और प्रकृति के साथ कार्य करने के संबंध और ब्रह्मांड के तत्व में समन्वय में कार्य करते हैं और जीवित प्राणियों को प्रभावित करते हैं, के साथ यह प्रणाली आने वाले युगों में भी समृद्ध होने की संभावनाओं को ही उजागर कर रही है। शोधकर्ताओं, चिकित्सकों और क्षेत्र के विशेषज्ञों द्वारा अभी भी कई रास्ते तलाशे जाने बाकी हैं ताकि इस ज्यादा सुरक्षित, कारगर एवं कम खर्चीली पारंपरिक चिकित्सा प्रणाली को जीवंत बनाकर स्वास्थ्य की चुनौतियों को कमतर किया जा सके। फोर्ब्स की एक रिपोर्ट कहती है कि भारत में से हर साल लगभग 58 लाख लोगों की मौत होती है। इनसे बचाव में पारंपरिक चिकित्सा पद्धति कारगर साबित हो सकती है। केंद्र ने कुछ अरसा पहले ही प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना में 70 साल से अधिक उम्र के बुजुर्गों को भी शामिल करने की मंजूरी दी थी। पारंपरिक चिकित्सा बढ़ती बुजुर्ग आबादी की जरूरतों को भी बेहतर तरीके से पूरा कर सकती है। आयुर्वेद दवाओं के साथ-साथ असाध्य बीमारियों को दूर करने में सहज, प्रकृतिमय और चिन्तामुक्त जीवन, शुद्ध वातावरण, शुद्ध हवा-पानी, सात्विक-संतुलित आहार और भरपूर मेहनत को बल दिया जाता है। महानगरों की भाग-दौड़ भरी जिन्दगी में आदमी मात्र मशीन बनकर रह गया है। अपने स्वास्थ्य के बारे सोचने एवं समझने का समय भी उसके पास नहीं है। विकास की तीव्र गति से उपजी अति तनावपूर्ण जीवनशैली एवं प्रतिस्पर्धाओं ने चिन्ता एवं तनावों को जन्म दिया है, जो आधुनिक बीमारियों को बढ़ाते हैं। अनेक अनुसंधान एवं शोध में बताया गया है कि ध्यान एवं योग करने वाले व्यक्तियों की मनोविज्ञान में असाधारण रूप से परिवर्तन होता है।**

सुप्रीम कोर्ट द्वारा हाल ही में पारंपरिक चिकित्सा पद्धति को प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना में शामिल करने की मांग वाली एक याचिका पर केंद्र सरकार से जवाब मांगा गया था। यह मांग बिल्कुल प्रासंगिक एवं भारत के पारंपरिक चिकित्सा को प्रोत्साहन देने का सराहनीय प्रयास है। ऐसा करने से एक बड़ी आबादी को सस्ती एवं अचूक स्वास्थ्य सुविधाओं का लाभ मिल सकेगा। आज जबकि देश में लाइफ़स्टाइल से जुड़ी बीमारियां तेज़ी से बढ़ रही हैं, जैसे-जैसे चिकित्सा-विज्ञान का विकास हो रहा है, नयी-नयी बीमारियां एवं उनका महंगा इलाज बड़ी चुनौती बनता जा रहा है। इसलिये पारंपरिक चिकित्सा पद्धति आयुर्वेद पर भरोसा और दुनिया में इसकी मांग, दोनों में इज़ाफ़ा हुआ है। सरकार को पारंपरिक चिकित्सा पद्धति को पूरी दुनिया में ज्यादा स्वीकार्य बनाने के लिए काम करते हुए एक अभिनव स्वास्थ्य क्रांति का सूत्रपात करना चाहिए। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी भारत की समृद्ध एवं शक्तिशाली परम्पराओं यानी योग, आयुर्वेद आदि को बल दे रहे हैं। वे आधुनिक चिकित्सा को सस्ता एवं जनसुलभ बनाने के लिये भी योजनाएं ला रहे हैं। इन्हीं सन्दर्भों में सुप्रीम कोर्ट में पिछले दिनों दायर इस याचिका में प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना में पारंपरिक चिकित्सा पद्धति को शामिल करने की मांग समयोचित एवं सूझबूझभरा प्रयास है। ऐसा करने से जहां एक बड़ी आबादी को सस्ती स्वास्थ्य सुविधाओं का लाभ मिल सकेगी, वहीं पारंपरिक चिकित्सा को भी बढ़ावा मिलेगा। भारत की पारंपरिक चिकित्सा पद्धति जैसे कि आयुर्वेद और योग दूसरी पद्धतियों के मुकाबले सस्ती एवं सुगम हैं। इसके लिए ज्यादा इन्फ्रास्ट्रक्चर की जरूरत नहीं पड़ती। मौजूदा स्वास्थ्य ढांचे के जरिये ही इन्हें भी लागू किया जा सकता है। इससे न सरकार पर ज्यादा बोझ आएगा और न जनता पर, बल्कि स्वास्थ्य बीमा का विस्तार होने से देश की कुल चिकित्सा लागत में कमी ही आएगी। हालांकि यह मामला ऐसा नहीं है, जिस पर सरकार को फैसला लेने में बहुत दिक्कत हो। प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना या आयुष्मान भारत दुनिया की सबसे बड़ी स्वास्थ्य बीमा योजना है। लगभग 55 करोड़ लोग इसके दायरे में आते हैं। लेकिन एक बड़ी आबादी अब भी इसके लाभ से छूटी हुई है। पारंपरिक चिकित्सा और भी लोगों को जोड़ सकती है। इसको तेजी से विकसित कर व्यक्ति-व्यक्ति एवं घर-घर पहुंचाया जा सकता है। पारंपरिक चिकित्सा पद्धति को पूरी दुनिया में ज्यादा स्वीकार्य बनाने के लिए सरकार ने काम शुरु कर दिया है। विश्व स्वास्थ्य संगठन के साथ मिलकर यह भी देखा जा रहा है कि किस तरह से भारत का पारंपरिक ज्ञान दुनिया को सेहतमंद रखने में योगदान दे सकता है। इस दिशा में रिसर्च और इनोवेशन पर ध्यान दिया जा रहा है। याचिका में उठाई गई मांग को पूरा करके सरकार अपने काम को ही आगे बढ़ाएगी एवं दुनिया के लिये एक स्वास्थ्य उजाला करेगी। दुनिया में आयुर्वेद एवं योग दोनों की मांग बढ़ रही है। बाजार की दृष्टि से देखें, तो इसकी ग्रोथ रेट 15 प्रतिशत से अधिक है। साल 2014 में आयुष का मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर 2.85 बिलियन अमेरिकी डॉलर था, जो 2020 में बढ़कर 18 बिलियन अमेरिकी डॉलर हो गया। अमेरिका और यूरोप समेत 100 से अधिक देशों में भारत के हर्बल प्रॉडक्ट एवं आयुर्वेद इलाज पहुंच रहा है। आयुष्मान भारत के तहत इसे लाने से इसमें और तेजी आएगी। मांग बढ़ेगी तो जाहिर है कि उत्पादन भी बढ़ाना होगा। इससे इस क्षेत्र में रोजगार के मौके बनेंगे, आर्थिक प्रगति होगी। भारत के आयुर्वेद का दुनिया बाजार बनेगी। इससे निश्चित ही भारत के दुनिया की तीसरी अर्थ-व्यवस्था बनने को बल मिलेगा। आयुर्वेद को दुनिया भर में स्वीकृत सबसे पुरानी पारंपरिक चिकित्सा प्रणालियों में से एक माना जाता है। आयुर्वेद में, पौधों, खनिजों, पशुओं से प्राप्त उत्पादों, आहार, व्यायाम, संयमित जीवनशैली और प्राकृतिक जीवन को शामिल किया जाता है। आयुर्वेद की शुरुआती अवधारणाएं अथर्ववेद में बताई गई हैं। इस पारंपरिक चिकित्सा प्रणाली में प्राचीन ज्ञान का अभी भी पूरी तरह से पता नहीं लगाया गया है। विभिन्न पारंपरिक चिकित्सा प्रणालियों के समृद्ध ज्ञान के संगम से हर्बल दवा खोज प्रक्रिया में नए रास्ते खुल सकते हैं। इन प्रणालियों के सैद्धांतिक सिद्धांतों के बीच अंतर और समानता की समझ की कमी, पौधों पर आधारित दवाओं की खोज में अन्य बाधाओं के अलावा उनके अभिसरण की दिशा में सबसे बड़ी बाधा है। इस समीक्षा का उद्देश्य आयुर्वेद के सदियों पुराने इतिहास और बुनियादी सिद्धांतों को सामने लाना है। इससे नवोदित विद्वानों, शोधकर्ताओं और चिकित्सकों को पारंपरिक चिकित्सा प्रणालियों की गहरी समझ हासिल करने, समानताओं को मजबूत करने और ऐसी औषधीय प्रणालियों की वैश्विक स्वीकृति और सामंजस्य की चुनौतियों को दूर करने में मदद मिलेगी। आयुर्वेद चिकित्सा पद्धति सदियों से आज तक जीवित और समृद्ध रही है। इस प्रकृति आधारित चिकित्सा के विशाल ज्ञान, मानव शरीर की संरचना और प्रकृति के साथ कार्य करने के संबंध और ब्रह्मांड के तत्व में समन्वय में कार्य करते हैं और जीवित प्राणियों को प्रभावित करते हैं, के साथ यह प्रणाली आने वाले युगों में भी समृद्ध होने की संभावनाओं को ही उजागर कर रही है। शोधकर्ताओं, चिकित्सकों और क्षेत्र के विशेषज्ञों द्वारा अभी भी कई रास्ते तलाशे जाने बाकी हैं ताकि इस ज्यादा सुरक्षित, कारगर एवं कम खर्चीली पारंपरिक चिकित्सा प्रणाली को जीवंत बनाकर स्वास्थ्य की चुनौतियों को कमतर किया जा सके। फोर्ब्स की एक रिपोर्ट कहती है कि भारत में से हर साल लगभग 58 लाख लोगों की मौत होती है। इनसे बचाव में पारंपरिक चिकित्सा पद्धति कारगर साबित हो सकती है। केंद्र ने कुछ अरसा पहले ही प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना में 70 साल से अधिक उम्र के बुजुर्गों को भी शामिल करने की मंजूरी दी थी। पारंपरिक चिकित्सा बढ़ती बुजुर्ग आबादी की जरूरतों को भी बेहतर तरीके से पूरा कर सकती है। आयुर्वेद दवाओं के साथ-साथ असाध्य बीमारियों को दूर करने में सहज, प्रकृतिमय और चिन्तामुक्त जीवन, शुद्ध वातावरण, शुद्ध हवा-पानी, सात्विक-संतुलित आहार और भरपूर मेहनत को बल दिया जाता है। महानगरों की भाग-दौड़ भरी जिन्दगी में आदमी मात्र मशीन बनकर रह गया है। अपने स्वास्थ्य के बारे सोचने एवं समझने का समय भी उसके पास नहीं है। विकास की तीव्र गति से उपजी अति तनावपूर्ण जीवनशैली एवं प्रतिस्पर्धाओं ने चिन्ता एवं तनावों को जन्म दिया है, जो आधुनिक बीमारियों को बढ़ाते हैं। अनेक अनुसंधान एवं शोध में बताया गया है कि ध्यान एवं योग करने वाले व्यक्तियों की मनोविज्ञान में असाधारण रूप से परिवर्तन होता है। ऐसे व्यक्तियों में घबराहट, उत्तेजना, मानसिक तनाव, उग्रता, मनोकायिक बीमारियां, स्वार्थपरता और विकारों में कमी पाई गयी हैं तथा आत्मविश्वास, सहनशक्ति, स्थिरता, कार्यदक्षता, विनोदप्रियता, एकाग्रता आदि गुणों में वृद्धि देखी गयी है। ये ध्यान-साधना एवं योग में प्रत्यक्ष लाभ अनुभूत किये गये हैं जो तरह-तरह की बीमारियों पर नियंत्रण का सशक्त माध्यम है। इसीलिये आधुनिक बीमारियों को परास्त करने के लिये इन गुणों युक्त जीवनशैली को अपनाया जाना चाहिए। सम्पूर्ण आस्था एवं विश्वास के साथ जीवनरूपी प्रयोगशाला में इसे प्रायोगिक रूप देकर जीवन में तरह-तरह की बीमारी रूपी-राक्षस को निस्तेज करके जीवन में आनन्द का अवतरण किया जा सकता है। विशेषज्ञों का मानना है कि शारीरिक निष्क्रियता भी बीमारियों की जड़ है। शारीरिक गतिविधि जैसे नियमित रूप से योग-व्यायाम और खेलकूद से वजन को नियंत्रित किया जा सकता है और इससे ब्लड शुगर के स्तर को कंट्रोल में रखा जा सकता है। योग एवं आयुर्वेद में आशावादी दृष्टिकोण एवं आहार संयम को अपनाने की बात की जाती है। किसी भी बीमारी से लड़ने के लिये संकल्प जगाने एवं प्रमाद त्यागने पर बल दिया जाता है। संतुलित जीवन जीने एवं तनावों-दबावों को अपने पर हावी न होने देने के साथ आयुर्वेद दवाओं को उपयोग में लाया जाता है, जिससे बीमारी पर नियंत्रण करने का प्रभावी असर देखने को मिलता है। सोचो, जिन्दगी मात्र जीने के लिये नहीं, स्वस्थता एवं सरसता से जीने के लिये हैं और योग-आयुर्वेद उसका अचूक उपाय है। आयुर्वेद एवं योग रूपी जीवनशैली, इच्छाशक्ति, योग-साधना और स्वस्थ आहार आदतों से तरह-तरह की बीमारियों को रोका जा सकता है। **-ललित गर्ग**

# श्रीलंका में एनपीपी की प्रचंड जीत, भारत के लिए कितनी अहम

**डॉ. प्रभात ओझा**

श्रीलंका के संसदीय चुनाव में राष्ट्रपति एकेडी यानी अनुरा कुमारा दिसानायके की अगुवाई वाले गठबंधन का प्रचंड बहुमत से जीतना चीन की खुशी का कारण हो सकता है। इसे पहली नजर में वामपंथी दिसानायके का कम्युनिस्ट चीन के करीब होना समझा जायेगा। इस राय के पक्ष में जाने वाले लोग इतिहास में थोड़ा पीछे जाने की राय दे सकते हैं। वर्ष 1987 में भारत-श्रीलंका समझौते का दिसानायके की पार्टी जेवीपी ने विरोध किया था। तब श्रीलंका में तमिल समस्या उभार पर थी और समझौते के तहत वहां लिट्टे की गतिविधि से निपटने के लिए भारतीय शांति सेना उतरी थी। लिबरेशन तमिल ईलम के खिलाफ असर डालने वाले समझौते पर तब के राष्ट्रपति जेआर जयवर्धने और भारत के प्रधानमंत्री राजीव गांधी ने हस्ताक्षर किए थे। दिसानायके उसके विरोध के चलते चर्चा में आए। वर्ष 2001 में वे पहली बार श्रीलंकाई संसद के लिए चुने गये थे। हाल में वे राष्ट्रपति चुने गये किंतु उनकी पार्टी को बहुमत हासिल नहीं था। राष्ट्रपति ने संसद भंग कर चुनाव की घोषणा की थी। अब उस चुनाव का नतीजा है कि संसद में उनका गठबंधन एनपीपी ने दो तिहाई बहुमत हासिल कर लिया है। खास बात यह है कि इस चुनाव में श्रीलंका की राजनीति में लंबे समय से प्रभावी रही परिवारवादी पार्टियों के प्रतिनिधियों को मतदाताओं ने खारिज कर दिया। पूर्व राष्ट्रपति राजपक्षे परिवार की पार्टी पोदुजना पेरामुना को सिर्फ तीन सीटें मिली। वहीं, दूसरे पूर्व राष्ट्रपति रानिल विक्रमसिंघे के समर्थन वाला न्यू डेमोक्रेटिक फ्रंट सिर्फ 5 सीटों पर कब्जा जमा सका। विपक्ष के नेता सजीथ प्रेमदासा की समागी जन बालवेगया पार्टी के खाते में जरूर 40 सीटें आईं। हालांकि यह 159 सीटों के साथ दो तिहाई बहुमत पाने वाले दिसानायके के मुकाबले कहीं बहुत पीछे है। स्वाभाविक है कि उनकी सरकार को बहुतेरे मामलों में 'खुले हाथ' काम करने की स्वतंत्रता हासिल हो गयी है। तो क्या एक वामपंथी नेता का अपने पड़ोसी भारत के मुकाबले कम्युनिस्ट चीन के साथ जाने के रास्ते प्रशस्त हो गये हैं? यह बात इतनी आसानी से नहीं कही जा सकती। इसे समझने के लिए दिसानायके के हालिया रुख को देखा जाना चाहिए। दिसानायके की पार्टी भारत विरोधी और चीन समर्थक के रूप में पहचानी जाती रही है। इसके बावजूद वह भारत को दरकिनार नहीं कर सकते। देशों के बीच रिश्तों में विचारधारा का प्रभाव धीरे-धीरे कम होता गया है। आपसी जरूरतों के साथ अंतरराष्ट्रीय दबाव भी कारक बनते गये हैं। इसे ध्यान में रखते हुए ही दिसानायके ने कुछ समय से भारत विरोधी बयान देने काफी कम कर दिये। वे नई दिल्ली के साथ बेहतर रिश्ते की भी वकालत करते हैं। पिछले महीने ही उन्होंने कहा था कि उनका देश चीन और भारत के बीच सैंडविच नहीं बनना चाहता। यह बयान भावनाओं में बहते किसी सामान्य व्यक्ति का नहीं है। फिर हमें भी नहीं भूलना चाहिए कि दिसानायके का बयान सिर्फ श्रीलंका नहीं, भारत के भी अनुकूल है। हमारे दक्षिणी प्रांत तमिलनाडु के नजदीक होने से श्रीलंका हमारी सुरक्षा और व्यापारिक रणनीति, दोनों नजरिए से अहम है। श्रीलंका के उत्तरी और पूर्वी प्रांतों में तमिल कुल आबादी के करीब 11 प्रतिशत हैं। भारत सरकार श्रीलंका पर दबाव बनाती रही है कि वह अपने संविधान के 13वें संशोधन को लागू करे। यह संशोधन श्रीलंकाई सत्ता में तमिलों की भागीदारी सुनिश्चित करता है। तमिल डरते हैं कि दिसानायके सरकार इस संशोधन को रद्द कर सकती है। इसके विपरीत चुनाव परिणाम जिस ओर संकेत करते हैं, उससे ऐसा नहीं लगता। जाफना जैसे तमिल अल्पसंख्यकों के गढ़ में भी दिसानायके के गठबंधन एनपीपी की प्रचंड जीत देश में सामुदायिक सौहार्द की मांग रखती रहेगी। वर्ष 1948 में ब्रिटेन से आजादी मिलने के बाद दिसानायके की पार्टी को तमिल बहुल जाफना जिले में यह रिकॉर्ड वोट है। सिंहली प्रभावी देश में तमिलों के भी साथ मिलने से नई सरकार उनके प्रति अपने दायित्व को याद रखेगी। तमिलों की शिकायत रही है कि सिंहली बहुमत वाली सरकारें उनकी उपेक्षा करती हैं। निश्चित ही जाफना जैसे क्षेत्रों में भी बहुमत पाने वाली सरकार 1983 से 2009 तक श्रीलंका में गृह युद्ध के दिनों को नहीं भूलेगी। बात सामुदायिक सौहार्द तक नहीं है। श्रीलंका की अर्थव्यवस्था के लिए भारतीय सहयोग जरूरी है। ऐसा भारत ने सिद्ध भी किया है। अभी 2022 में श्रीलंका के ऐतिहासिक आर्थिक तंगी में भारत ने उसकी मदद की। तब जन आक्रोश के चलते गोटाबाया राजपक्षे को राष्ट्रपति पद छोड़ना पड़ा था। भारत ने श्रीलंका को 4 बिलियन डॉलर की आर्थिक मदद दी है।

## सेहत मंत्र

# हृदय के स्वास्थ्य के लिए काफी फायदेमंद है अंगूर


दुनिया में शायद ही कोई ऐसा व्यक्ति हो जिसे अंगूर पसंद न हों। द्राक्ष, रसाला, मधुफला, फलोत्रमा आदि नाम अंगूर के ही हैं। मीठे, रसीले और ठंडक प्रदान करने वाले इस फल का जन्म स्थल रूस के आरमेनिया नामक स्थान को माना जाता है। ऐसा माना जाता है कि कि ईरान तथा अफगानिस्तान से होता हुआ यह फल भारत में भी पहुंचा। यह फल केवल ताजा नहीं बल्कि सुखाकर किशमिश व मुनक्के के रूप में भी प्रयोग किया जाता है। शराब बनाने के लिए भी इसका प्रयोग किया जाता है। बाजार में अंगूर की बहुत सी किस्में उपलब्ध हैं। जैसे रंग के आधार पर अंगूर की दो किस्में हैं काले तथा हरे अंगूर। कुछ अंगूरों का आकार लम्बा होता है तो कुछ का गोल। इसी प्रकार छोटे और बड़े अंगूर भी पाए जाते हैं। कुछ अंगूरों में बीज होते हैं जबकि बेदाना में बीज नहीं होते। हालांकि इनमें प्रोटीन, वसा, विटामिन और खनिज लवण बहुत ही कम मात्रा में होते हैं। इसमें कार्बोहाडट्रेट शर्करा के रूप में पाया जाता है इसमें ग्लूकोज तथा फ्रक्टोज किस्म की शर्करा पाई जाती है इसी कारण इनका सेवन काफी स्फूर्तिदायक सिद्ध होता है। दूसरी और किशमिश में शर्करा की मात्रा अंगूर से ज्यादा होती है इससे उसमें मिलने वाली ऊर्जा की मात्रा भी ज्यादा है। ताजा अंगूरों की सौ ग्राम मात्रा से जहां लगभग सत्तर कैलोरी ऊर्जा प्राप्त होती है वहीं किशमिश की इतनी ही मात्रा से लगभग तीन सौ आठ कैलोरी ऊर्जा की प्राप्ति होती है। अंगूर हमारे स्वास्थ्य का भी रक्षक होता है। अंगूर को सुखाकर तैयार की जाने वाली मेवा किशमिश तथा बड़े बीज वाले अंगूर को सुखाकर तैयार किया जाने वाला मुनक्का दोनों ही बहुत लोकप्रिय हैं। इनके विविध औषधीय प्रयोग किए जाते हैं। आयुर्वेदिक तथा यूनानी दवाओं में अक्सर इनका प्रयोग किया जाता है। कफ, दुर्बलता तथा कब्ज को दूर करने के लिए इनका प्रयोग फायदेमंद होता है। इसके लिए पंचामृत अवलेह नामक मिश्रण तैयार किया जाता है।

## धर्म मंत्र

# पांडवों ने एक रात में किया था एकविरा देवी मंदिर का निर्माण

महाभारत काल की कई कहानियां हम सभी ने पढ़ व सुन रखी हैं। महाभारत से मनुष्य को कई सीखें भी मिलती हैं। जैसे महाभारत काल में पांडवों ने धर्म के रास्ते पर चलते हुए बुरे और संघर्ष भरे दिनों का सामना किया था। इन दिनों से निकलने के लिए पांडवों ने काफी संघर्ष भी किया था। वहीं पांडवों ने सत्य की जीत और बुराई की हार के लिए भगवान श्रीकृष्ण के अलावा कई अन्य देवी-देवताओं की सहायता ली थी। पांडवों ने संघर्ष भरे दिनों से मुक्ति पाने और मां की कृपा पाने के लिए देवी एकविरा की कठोर तपस्या की थी। देवी एकविरा की कृपा से पांडवों के अज्ञातवास के दिन आसान हो गए थे। तो ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको देवी एकविरा मंदिर के बारे में बताने जा रहे हैं। बता दें कि महाराष्ट्र के मुंबई से करीब 100 किमी दूर लोनावला स्थित है। लोनावला प्राकृतिक रूप से बेहद खूबसूरत जगह है। यहां पर कार्ला गुफाएं हैं, जहां एकविरा देवी का प्राचीन मंदिर है। पौराणिक मान्यता है कि यह मंदिर कई सालों पुराना है। जिन गुफाओं के ठीक बगल में एकविरा देवी की पूजा की जाती है, उसे कभी बौद्ध धर्म का केंद्र माना जाता था। एकविरा देवी की चुनौती को स्वीकार करते हुए पांडवों ने एक रात में लोनावला पहाड़ियों के बीच एकविरा देवी के मंदिर का निर्माण कर दिया। जब मंदिर का निर्माण हो गया, तो पांडवों ने मां का आह्वान किया और उन्हें दर्शन देने के लिए कहा। पांडवों का आह्वान सुनकर एकविरा देवी ने उन्हें दर्शन दिया और उनको वरदान दिया कि अज्ञातवास के दौरान पांडवों को कोई भी पहचान नहीं पाएगा।

## पर्यटन



# मप्र के मांडवगढ़ में पर्यटकों के लिए है बहुत कुछ

रानी रूपमती और बाजबहादुर के प्रणय प्रसंगों के गवाह महल, उनसे कुछ दूर नर्मदा नदी की पतली सी रेखा, जहाज महल व हिंडोला महल की अद्भुत कारीगरी कुल मिलाकर इतना सब कि पर्यटकों को लगेगा कि उनका मांडवगढ़ पहुंचना सार्थक हो गया। मध्य प्रदेश के इंदौर से लगभग 100 किलोमीटर सड़क के रास्ते से मांडवगढ़ जब जाते हैं तो लगता है कि यहां के अवशेषों का एक-एक पत्थर राजपूत राजाओं ओर फिर मुगल सम्राटों के वैभव-पराभव के कहानी कह रहा है। दूर-दूर तक फैला एकांत और रात की निस्तब्धता में जब आप मांडव में रात गुजारेंगे तो ऐसा आभास होगा कि मानो संपूर्ण अतीत मुखर होकर चहल-पहल में बदल गया है और नर्तकियों के पैरों व घुंघरुओं की थाप जहाज महल के फर्श पर मुखरित हो रही है। अतीत के इस समृद्ध वैभव को जब आप देखने आ ही रहे हैं तो कम से कम दो दिन यहां जरूर बिताएं। यहां से 124 किलोमीटर दूर रतलाम रेल जंक्शन है, जो दिल्ली, मुंबई रेलमार्ग का मुख्य स्टेशन है, 100 किलोमीटर दूर इंदौर भी रेलमार्ग से मुंबई व दिल्ली से जुड़ा हुआ है। इंदौर से मांडू के लिये नियमित बस सेवा है। भोपाल, रतलाम, महू, उज्जैन व इंदौर से यहां के लिए सीधी बसें भी हैं। इंदौर से टैक्सी सेवाएं भी आपको सरलता से उपलब्ध हो सकती हैं। यहां के दर्शनीय स्थलों में जामा मस्जिद, होशंगशाह का मकबरा, मुख्य दरवाजे, अशर्फी महल, जहाज महल, हिंडोला महल और बाजबहादुर महल मुख्य रूप से शुमार किये जाते हैं। इन सभी स्थलों की कारीगरी देख कर पर्यटक सम्मोहित हो जाते हैं। इनके अतिरिक्त रेवा कुंड भी अवश्य देखें। इस तालाब में दूरस्थ नर्मदा नदी का पानी संग्रहीत करने की व्यवस्था बाजबहादुर ने कराई थी। इसका उपयोग रानी रूपमती द्वारा किया जाता था। 16वीं शताब्दी के प्रारंभ में बाजबहादुर द्वारा अपने लिए बनवाए गए खूबसूरत महलों के अलावा रूपमती परिसर, निकहत महल, हाथी महल, परिया खान मकबरा, दाई का मकबरा, दाई की छोटी बहन का महल, ईको प्वाइंट आदि इतनी ऐतिहासिक धरोहरें हैं कि इनको देखते हुए आप रानी रूपमती व बाजबहादुर की प्रणय गाथाओं में खो जाएंगे।

# अपराध गोष्ठी एवं सैनिक सम्मेलन का आयोजन, सुनी गईं समस्याएं

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बाराबंकी। पुलिस अधीक्षक द्वारा पुलिस लाइन्स सभागार में अपराध गोष्ठी एवं सैनिक सम्मेलन कर सम्बन्धित को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। पुलिस अधीक्षक दिनेश कुमार सिंह द्वारा पुलिस लाइन्स सभागार में अपराध व कानून व्यवस्था के सम्बन्ध में गोष्ठी की गई। गोष्ठी में पुलिस अधीक्षक बाराबंकी द्वारा प्रतिभाग कर कानून व्यवस्था के दृष्टिगत आवश्यक दिशा- निर्देश दिये गए। अपराध गोष्ठी के दौरान पुलिस अधीक्षक के द्वारा समस्त थानों द्वारा माल निस्तारण के सम्बन्ध में की जा रही कार्यवाही, विवेचनाओं के निस्तारण कानून व्यवस्था के सम्बन्ध में समीक्षा की गई साथ ही गम्भीर अपराधों के घटित होने




पर तत्काल मौके पर जाने एवं आवश्यक कार्यवाही किये जाने एफ.आई.आर. का शत-प्रतिशत पंजीकरण किये जाने व लम्बित प्रकरण में 14(1) गैंगस्टर अधिनियम/ गौ तस्करी व अन्य अपराध जैसे- लम्बित चोरी/नकबजनी/लूट/हत्या व आई.जी.आर.एस. पोर्टल की शिकायतों तथा अन्य लम्बित शिकायत प्रार्थना पत्र का गुणवत्ता पूर्वक निस्तारण किये जाने, वेरीफिकेशन सम्बन्धित प्रकरण शीघ्र निस्तारित करने, शातिर अपराधियों पर सतर्क दृष्टि रखने, भूमि विवाद के प्रकरणों को राजस्व विभाग से सामन्जस्य स्थापित कर मौके पर जाकर निस्तारित कराने, यू0पी0-112 के कर्मचारियों की सतर्कता परखने एवं उनका रिस्पान्स टाईम सुधारे जाने, विवेचनाओं की गुणवत्ता को सुधारे जाने, किरायेदारों/नौकरों के सत्यापन की कार्यवाही किये जाने, थाने के अभिलेखों को अद्यावधिक किये जाने हेतु निर्देशित किया गया। किसी भी कार्यालय या थाने पर आने वाले आगुन्तकों के साथ अत्यन्त शालीनता का व्यवहार किया जाये तथा उसकी समस्याओं का निस्तारण थाने स्तर पर ही किया जाए। पुलिस लाइन सभागार में ही सैनिक सम्मेलन कर पुलिसकर्मियों की समस्याएं सुनी गयी तथा उनकी समस्या के निस्तारण हेतु सम्बधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिये गए।

# भारत सरकार एवं ओलम्पिक एसोसिएशन द्वारा मान्यता प्राप्त

बाराबंकी।निहाल अहमद सिद्दीकी भारतीय किसान मजदूर यूनियन दशहरी संगठन प्रदेश सचिव व जिलाध्यक्ष बाराबंकी/भारतीय बॉडीबिल्डिंग और फिटनेस (ऋउक्क) जिला मंत्री को धनंजय शर्मा टेनिस बॉल सचिव व असद साजिद यूथ आईकॉन/टेनिस बॉल उपसचिव द्वारा फूलों का गुलदस्ता भेंट कर स्वागत किया गया और निहाल अहमद सिद्दीकी द्वारा जीआईसी कॉलेज और एसडी कॉलेज का टॉस कराया गया जिसमें अंडर 19 का जी आई सी और एसडी कॉलेज के बीच हुआ पहले बल्लेबाजी करते हुए एसडी कालेज केवल 8 ओवर में 34 रन बना सकी जीआईसी की तरफ से करन ने दो ओवर में 2 रन देकर 3 विकेट ओर आकाश ने दो ओवर में 2 रन देकर 3 विकेट लिए दूसरी पारी में बल्लेबाजी करते हुए जीआईसी ने 2 ओवर 34 रन बना लिए अभिषेक ने 14 रन ओर करन ने 7 रन बनाये और जीआईसी ने एसडी कालेज को 10 विकेट से हरा कर सेमीफाइनल में प्रवेश किया



## टेनिस बॉल स्कूल क्रिकेट प्रतियोगिता हुई आयोजित

मुख्य रूप से मौजूद रहे धनंजय शर्मा सचिव,यूथ असद साजिद उपसचिव, तोहिद खान,मोहसिन मतीन, वरिष्ठ उपाध्यक्ष मोहम्मद अब्दुल रहमान लालू,अनिरुद्ध शुक्ला,जमशेद अख्तर, चीनू नममु भाई,सपा नेता दानिश सिद्दीकी,अली चाँद,मो. सलमान,मो.वैस,पूर्व हज कमेटी सीनियर मेंबर हाजी साबिर अली, मोहम्मद साहिल सहित तमाम गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# देखते ही देखते धू धू कर जलने लगी टाटा मैजिक, मचा हड़कंप

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बाराबंकी । अज्ञात कारणों से लगी आग से अचानक धू धू कर जलने लगी टाटा मैजिक को देखकर लोगों में दहशत फैल गई । किसी तरह की हताहत की खबर नहीं

## मौक पर पहुंची पुलिस के प्रयास से आग पर मिला काबू

है । जानकारी के अनुसार सफदरगंज थाना क्षेत्र अंतर्गत लखनऊ अयोध्या राष्ट्रीय राजमार्ग स्थित पलहरी के निकट रविवार करीब 4 बजे एक टाटा मैजिक वाहन में अचानक अज्ञात कारणों के चलते आग लग गई और देखते ही देखते मैजिक आग का गोला बन गई। और हाईवे पर काफी देर तक हड़कंप मचा रहा और जाम जैसी स्थिति रही। स्थानीय लोगों ने इसकी सूचना फायर ब्रिगेड और सफदरगंज पुलिस को दी सूचना के बाद मौके पर पहुंचे पुलिस ने स्थानीय लोगों की मदद से कड़ी मशकत के बाद आग पर काबू पाया आसपास के लोगों



ने फोन पर जानकारी देते हुए बताया की मैजिक मे सवारी भरकर जा रही थी। तभी अज्ञात कारणों के चलते आग लग गई धुँआ निकलता देख मैजिक मे सवार लोगों मे हड़कंप मच गया और आनन फानन मे मैजिक से बाहर निकले। वहीं देखते ही देखते मैजिक आग के गोला मे तब्दील हो गई और जलकर खाक हो गई। फिलहाल पुलिस ने स्थानीय लोगों की मदद से आग पर काबू पा लिया लेकिन तब तक मैजिक का अधिकांश हिंस्सा जलकर खाक हो चुका था।

# शिव सेना संस्थापक बाला साहब ठाकरे की 12वीं पुण्यतिथि पर शिव सैनिको ने चित्र पर अर्पित किये श्रद्धासुमन

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बाराबंकी।शिवसेना उद्धव बाला साहब ठाकरे के शिवसैनिकों ने आज जिला प्रमुख मनोज मिश्र विद्रोही के नेतृत्व में शिवसेना संस्थापक बाला साहेब ठाकरे की बारहवीं पुण्यतिथि पर सोमैया नगर देवा रोड़ स्थित जिला मुख्यालय में उनके चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर मान वंदन कर नमन किया।इस मौके पर जिला प्रमुख मनोज मिश्र विद्रोही ने अपने संबोधन में कहा कि मुंबई के जिस शिवाजी पार्क में 28 नवंबर, 2019 को उद्धव ठाकरे ने मुख्यमंत्री पद की शपथ ली थी उसी मैदान से कभी उद्धव के पिता बाला साहेब ठाकरे ने शिवसेना को खड़ा किया था. बाला साहेब ठाकरे के नेतृत्व में जब शिवसेना की पहली रैली हुई तो शिवाजी पार्क भी जनता के हुजूम के आगे छोटा पड़ गया था ये था ठाकरे साहेब के प्रति शिवसैनिको का असीमित स्नेह



शिवसैनिक आज भी बाला साहेब ठाकरे को देवतुल्य मानते है आज साहेब की पुण्यतिथि के मौके पर सभी शिवसैनिक उद्धव ठाकरे की शिवसेना को मजबूत बनाने का संकल्प लेते है।इस अवसर पर प्रदेश सचिव सविता श्रीवास्तव, जिला उप प्रमुख दीपू वाल्मिकी उर्फ पंडित जी, जिला मीडिया प्रभारी सोमनाथ मिश्र, युवा सेना जिला प्रमुख मनोज सिंह मिंटू,विद्यार्थी सेना जिला प्रमुख दिव्य प्रकाश पाठक, जिला सचिव हेमेंद्र प्रताप सोनी,निंदूरा ब्लाक प्रमुख राम प्रसाद निगम,भवानी सेना राम नगर ब्लाक प्रमुख जय देवी, राम सनेहीघाट तहसील प्रभारी फूल चंद्र वर्मा,हर्षित श्रीवास्तव,शिव कुमार गौतम,परशुराम वर्मा,बाबा सरवन आदि उपस्थित थे।

# दो बाइक की आपस में भिड़ंत में एक बाइक सवार आया ट्रक के नीचे, मौत



कैनविज टाइम्स संवाददाता

सिद्धौर बाराबंकी । मामला जैदपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत जैदपुर कस्बा के बाईपास अंतर्गत सिद्धौर मार्ग का है जहां पर रविवार करीब 4:30 बजे दो बाइक की आमने-सामने से जोरदार भिड़ंत हो गई। जिसमें एक बाइक सवार भिड़ंत के उपरांत अनियंत्रित होकर सड़क पर गिर पड़ा। तभी सामने से आ रहे ट्रक ने युवक को रौंद दिया। जिससे युवक की मौके पर दर्दनाक मौत हो गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार क्षेत्र के काली दीन पुरवा निवासी ओमप्रकाश ज़ैदपुर किसी

## पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पीएम के लिए भेजा

कार्य को लेकर आया हुआ था। तभी बाईपास के निकट दो बाइक की भिंडत हुई जिसमें वह सड़क पर गिर गया और इतने में ही सामने से आ रहे एक ट्रक ने उसे रौंद दिया। जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। इधर ट्रक चालक मौके से ट्रक छोड़कर फरार हो गया। वही इस घटना के बाद मौके पर पहुंचे पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। और मामले की जांच पड़ताल में जुटी।

# हाईवे पर लगा जाम : हाईवे पर सड़क बनी लोगों के लिए मुसीबत,रेंगते हुए निकल रही गाड़ियां

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बाराबंकी। राष्ट्रीय राजमार्ग पर रविवार दोपहर से 11 किलोमीटर का लंबा वाहनों का जाम देखने को मिल रहा है। बताया जा रहा जाम अयोध्या लखनऊ हाइवे पर बाराबंकी की मोहम्मदपुर चौकी से नगर के अंदर आने वाली सड़क कुरौली के रास्ते पर हजारों की संख्या में गाड़ियां हाईवे पर रुक रुक कर रेंगते हुए निकल रही हैं।

गाड़ियों के ड्राइवर, बसों में बैठी सवारियां और अपनी गाड़ियों में बैठे हुए लोग सहित तमाम अयोध्या राम लला के दर्शन करने जाने वाले भक्त भी जाम में परेशान होते देखे गए। हाईवे पर कीचड़ भरी राह में जाम को खुलवाने के लिए पुलिस के पसीने छूटे। यह बात सच साबित हो गई कि एनएचएआई के अधिकारी और हाईवे पेट्रोलिंग टीम के पास जाम खुलवाने के पुख्ता बंदोबस्त नहीं रहे है। पुलिस के सहयोग से लोग अपने स्तर पर ही जाम को खुलवाने का



जाम से निजात दिलाने के प्रयास किए गए वाहनों का दबाव अचानक से बढ़ा है जिस कारण जाम की स्थित पैदा हुई किंतु जल्दी ही जाम छुड़वा दिया गया ।
**राम रतन यादव**
**यातायात प्रभारी**

प्रयास कर रहे हैं। तमाम एंबुलेंस सहित तमाम बीमार भी जाम फंसे हैं।मौके पर कोतवाली पुलिस सहित टीएसआई राम यतन यादव में जाम खुलवाते दिखाई दिए।

# अतिक्रमणकारियों पर एनएचआई का वज्रपात, मचा हड़कंप



कैनविज टाइम्स संवाददाता

## तहसीलदार एवं पुलिस उपाधीक्षक ने संभाली कमान , एनएचआई ने चलाई जेसीबी

अमेठी : हाइवे पर लोगो को सुलभता का सफर मिले इसके लिए तहसील प्रशासन एवं एनएचआई की सयुक्त टीम द्वारा इन्होंना कस्बे में अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया गया जिसमें फुटपाथ तक कब्जा किए लोगो को हटाया गया एवं सख्त हिदायत दी गई भविष्य में ऐसा न करे । जानकारी के अनुसार तहसीलदार अभिषेक यादव पुलिस उपाधीक्षक तिलोई की अगुवाई में थानाध्यक्ष अमरेंद्र सिंह एवं एनएचआई से आदित्य चतुर्वेदी , अमित कुमार व शमशेर द्वारा हाइवे पर अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया गया खंभे के आगे फुटपाथ तक अतिक्रमण किए लोगो की टीन शेड तोड़ दिए गये इसके अलावा तहसीलदार अभिषेक ने देखा कि लोगों ने सरकारी जमीनों पर कब्जा कर निर्माण कर लिया है और उसे किराए पर देकर अनाधिकृत रूप से किराया वसूल कर रहे है जिनके विरुद्ध नोटिस की कार्रवाई भी की जा रही है जिसके बाद ध्वस्तीकरण की कार्रवाई होगी । तहसीलदार अभिषेक यादव ने बताया कि आज राजस्व एवं एनएचआई की सयुक्त टीम द्वारा अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया गया था जिसमें हाइवे के फुटपाथ को अवरुद्ध कर व्यवसाय संचालित किया जा रहा था जिसे हटा दिया गया है साथ ही हिदायत भी दी गई है कि आगे से अतिक्रमण न करे नहीं तो कठोरता से कार्रवाई होगी ।

# सरकार ए मसौली की मजार आस्था का अनूठा संगम

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बाराबंकी। कस्बा मसौली स्थित हजरत सैय्यद मीर इस्माइली की मजार शरीफ पर चल रहे दो दिवसीय मशाइख ए मसौली कांफ्रेंस में पूर्व कैबिनेट मंत्री अरविन्द सिंह गोप एव पूर्व विधायक रामगोपाल रावत ने सरकार ए मसौली की मजार शरीफ पर चादरपोशी कर मुल्क की सलामती की दुआएं मांगी।

मजार शरीफ के मुख्य गेट पर फीता काटते हुए पूर्व कैबिनेट मंत्री अरविन्द सिंह गोप ने कहा कि ऐसे आयोजनों से भाईचारा को बढ़ावा मिलता है और लोगो की सूफी संतों के प्रति अक़ीदत बढ़ती है उन्होंने कहा कि आने वाला दौर मुश्किलों भरा है। इससे निपटने के लिए समाज में व्याप्त वैमनस्यता व कटुता मिटाने के लिए आपसी भाईचारा व सौहार्द बनाना बेहद जरूरी है। सरकार ए मसौली कांफ्रेंस के आयोजन में हिन्दू-मुस्लिमों की



भागेदारी से शांति के प्रतीक के रूप में विख्यात सरकार ए मसौली की धरती से पुरे देश में शांति का पैगाम जाता है। पूर्व विधायक राम गोपाल रावत ने कहा कि सरकार ए मसौली की मजार आस्था का अनूठा संगम है। सपा नेताओं ने मजार शरीफ पर चादर पेश करते हुए कहा कि सूफी संतों के आस्तानो पर मन को शांति एवं शुकुन मिलता है।

सैय्यद फरहान अहमद वास्ती ने सरकार ए मसौली की शख्शियत बयान कर कांफ्रेंस मे आये जायरीनो एव मेहमानों का खैरमकदम किया। सपा नेता शकील सिद्दीकी, हसमत अली गुड्डू,नसीम कीर्ति, अजय वर्मा उर्फ़ बबलू वर्मा, डा0 इक़बाल राममूर्ति यादव, अशोक यादव इरफ़ान अंसारी,, साबिर भाई,, टिल्लू सोनी, मोहम्मद अहमद,नियाज अहमद सहित तमाम लोगो ने मजार शरीफ पर माथा टेककर दुआएं मांगी।

# मौत पर मुआवजा किसी भीषण त्रासदी का समाधान नही: सांसद

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बाराबंकी। मौत पर मुआवजा किसी भीषण त्रासदी का समाधान नही है। झांसी के महारानी लक्ष्मीबाई मेडिकल कालेज में बने स्पेशल न्यू बोर्न केयर यूनिट में आगजनी की घटना में 10 मासूम बच्चों की असमय मौत एक घटना नहीं हमारी स्वास्थ व्यवस्था की गंभीर विफलता का प्रतीक है। इस दुर्भाग्यपूर्ण अग्निकांड ने मेडिकल कॉलेज फायर सिस्टम की कलाई पूरी तरह खोल दी है।

उक्त मांग सांसद तनुज पुनिया ने झांसी के महारानी लक्ष्मीबाई मेडिकल कॉलेज के चिल्ड्रेन वार्ड में हुयी आगजनी की घटना में 10 मासूम बच्चों की असमय मृत्यु और कई मासूम बच्चों के गम्भीर रूप से घायल होने की घटना पर गहरा दुख प्रकट करते हुये सरकार से की। सांसद तनुज पुनिया ने पीड़ित परिवार के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त करते हुये कहा कि,



किसी भी सरकार की नैतिक जिम्मेदारी होती है कि, वो आवाम की जान माल की सुरक्षा करे लेकिन झांसी की घटना में मेडिकल कॉलेज के फायर सेफ्टी सिस्टम के ऑडिट तथा माकड्रिल के पश्चात खतरे का अलार्म न बजना और घटना का हो जाना यह साबित करता है कि, उक्त दर्दनाक घटना की उच्च स्तरीय जांच की जाये और जांच को ठण्ड़े बस्ते में न डालकर दोषियों के प्रति कड़ी से कड़ी कार्यवाही की जाये जिससे कोई भी जिम्मेदार व्यक्ति अपनी जिम्मेदारी में हीला हवाली न करके किसी की जिंदगी से खेलने का दुस्साहस न कर सके। इन मासूम बच्चों की जान की कोई कीमत नहीं हो सकती है ऐसी दर्दनाक घटना से सरकार और अधिकारी सबक लें और ये सुनिश्चित करें कि, भविष्य में किसी की जान प्रशासनिक लापरवाही के कारण न जाये। सासंद तनुज पुनिया ने कहा कि हम एक बार फिर इस घटना से पीड़ित परिवारों के प्रति अपनी गहरी संवेदना व्यक्त करते है।

# दक्षिण अफ्रीका में हिन्दू संगठन होगा मजबूत

एजेंसी

नयी दिल्ली। दक्षिण अफ्रीका में हिन्दू समुदाय ने देश की शासन व्यवस्था के सभी अंगों में हिन्दू प्रतिनिधित्व मजबूत करने, हिन्दू छात्रवृत्ति शुरू करने के साथ ही राजनीतिक फंड एवं मीडिया टीम के गठन करने का संकल्प लिया है

दक्षिण अफ्रीका के विश्व हिंदू परिषद द्वारा ''संयुक्त समुदाय; मजबूत दक्षिण अफ्रीका'' विषय के तहत आयोजित ऐतिहासिक दक्षिण अफ्रीकी राष्ट्रीय हिंदू सम्मेलन, 9-10 नवंबर को डरबन, क्वाज़ुलु-नताल के संस्कृति केंद्र में आयोजित किया गया। इसमें संन्यास परिषद के सम्मानित संन्यासियों के साथ-साथ 42 संगठनों के लगभग 300 प्रतिनिधियों ने भाग लिया। डरबन में 1995 के विश्व हिंदू सम्मेलन के 29 साल बाद आयोजित इस सभा ने दक्षिण अफ्रीका में हिंदुओं और व्यापक समाज दोनों को लाभ पहुंचाने वाले प्रस्तावों को लागू करने के लिए हिंदू समुदाय की सामूहिक जिम्मेदारी को रेखांकित किया। सम्मेलन में हिंदू समुदाय को सशक्त बनाने के उद्देश्य से दो प्राथमिक प्रस्ताव पारित किए गये। पहला प्रस्ताव सरकार, प्रशासन, न्यायपालिका, कूटनीति, पुलिस, सशस्त्र बलों और नेतृत्व में मजबूत हिंदू प्रतिनिधित्व की वकालत करता है। इसमें वकालत के प्रयासों, रूढ़िवादिता का मुकाबला करने, सरकारी कर्मचारियों के लिए हिंदू पुजारी पद की स्थापना करने, मानविकी और सामाजिक विज्ञान में शैक्षिक समर्थन बढ़ाने और स्वदेशी दक्षिण अफ्रीकी धार्मिक विरासत की रक्षा करने का आह्वान किया गया है।

दूसरा प्रस्ताव हिंदू संगठनों, मंदिरों और एसोसिएशन फोरम (होटा) की स्थापना करके हिंदू पूर्वजों के योगदान को याद करता है, जिसका उद्देश्य हिंदू संस्थाओं को एकजुट करना है। इसमें राजनीतिक भागीदारी के लिए एक हिंदू फंड, रूढ़िवादिता का मुकाबला करने के लिए एक मीडिया टीम, धर्मांतरण से निपटने के प्रयास और हिंदू छात्रों के लिए छात्रवृत्ति बनाने का प्रस्ताव है। इसके अतिरिक्त, यह सांस्कृतिक विरासत को संरक्षित करने के लिए अफ्रीकी स्वदेशी समूहों के साथ गठबंधन बनाने पर जोर देता है।

उद्घाटन समारोह के मुख्य आकर्षणों में अफ्रीकी हिंदू भाई श्री बोंगानी वृन्दावन द्वारा पढ़ा गया एकात्मता मंत्र और चिकित्सक लाराटो शेरपेनहुइज़न द्वारा अफ्रीकी प्रार्थना शामिल थी, जिसने सम्मेलन के लिए एक सामंजस्यपूर्ण स्वर स्थापित किया। दक्षिण अफ्रीका के राष्ट्रपति सिरिल रामफोसा ने आयोजन के महत्व को पहचानते हुए समर्थन का संदेश भेजा। सत्रों में विविध विषयों को संबोधित किया गयाः राजनीति, कानूनी और प्रशासनिक मुद्दे, अर्थव्यवस्था, शिक्षा, मीडिया, महिलाएं, युवा और रूपांतरण। उपस्थित प्रमुख लोगों में पर्यावरण उप मंत्री नरेंद्र सिंह शामिल थे, जिन्होंने हिंदू एकता के महत्व पर जोर दिया, और वित्त उप मंत्री एशोर निक सरूपेन, जिन्होंने दक्षिण अफ्रीकी समाज में हिंदू योगदान का जश्न मनाया। पूर्व संसद सदस्य श्रीमती शमीन ठाकुर राजबंसी ने संविधान की सर्वोच्चता और मानवीय गरिमा, समानता की उपलब्धि, मानव अधिकारों की उन्नति और संघ की स्वतंत्रता के मूल्यों पर प्रकाश डाला, इस बात पर जोर दिया कि हर किसी को अपने धर्म का स्वतंत्र रूप से पालन करने का अधिकार है और दक्षिण अफ्रीका गैर-नस्लवाद और गैर-लिंगवाद के सिद्धांतों का समर्थन करता है। चर्चाओं ने राजनीति, सरकार, प्रशासन, न्यायपालिका, कूटनीति, पुलिस और सशस्त्र बलों और नेतृत्व के साथ-साथ कानून प्रवर्तन और सार्वजनिक प्रशासन में वकालत में हिंदू भागीदारी की आवश्यकता को रेखांकित किया। हिंदू धर्म की गलत बयानी को सही करने के लिए मीडिया सुधार भी एक प्राथमिकता थी। सतीश कोमल के नेतृत्व में लोटस इकोनॉमिक फोरम ने दक्षिण अफ्रीका में हिंदू व्यापार जुड़ाव के मार्गों पर प्रकाश डाला। इसके अतिरिक्त, सम्मेलन ने हिंदू छात्रों को राजनीति विज्ञान, मीडिया और सार्वजनिक प्रशासन जैसे क्षेत्रों में उच्च शिक्षा प्राप्त करने के लिए प्रोत्साहित किया।

आवर्ती विषय दक्षिण अफ्रीकी समाज में हिंदू मूल्यों को मुख्यधारा में लाने और जीवन के सभी पहलुओं में राजनीतिक, आर्थिक, सांस्कृतिक और आध्यात्मिक रूप से हिंदू धर्म को संरक्षित, बढ़ावा देने और आगे बढ़ाने का महत्व था।

## न मणिपुर एक है, न सेफ है : खरगे

नई दिल्ली। मणिपुर हिंसा को लेकर कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जु खरगे ने केंद्र सरकार और राज्य सरकार पर तीखा हमला बोला है। खरगे ने कहा कि भाजपा की डबल इंजन की सरकार में मणिपुर न तो सुरक्षित है और न ही एक रहा है। खरगे ने भाजपा सरकार पर बंटवारे की राजनीति करने का गंभीर आरोप लगाया।

कांग्रेस अध्यक्ष ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर साझा एक पोस्ट में प्रधानमंत्री मोदी को संबोधित करते हुए लिखा कि 'आपकी डबल इंजन की सरकार में न मणिपुर एक है और न ही सेफ है। मई 2023 से मणिपुर अकल्पनीय दर्द, बंटवारे और हिंसा से गुजर रहा है, जिससे इसके लोगों का भविष्य तबाह हो गया है। हम ये पूरी जिम्मेदारी से कह रहे हैं कि ऐसा लगता है कि भाजपा जानबूझकर मणिपुर को जलते रहने देना चाहती है ताकि अपने बंटवारे की राजनीति को जारी रख सके।'

खरगे ने कहा कि मणिपुर में भाजपा सरकार पूरी तरह से असफल रही है और राज्य के लोग कभी भी इसके लिए भाजपा को माफ नहीं करेंगे। खरगे ने लिखा कि 'मणिपुर में 7 नवंबर से अब तक 17 लोगों की जान जा चुकी है।

# राजनीतिक लड़ाई को 'वोट जिहाद' कहना गलत

## हिंदू समाज को इसका मुकाबला करना चाहिए: राम मंदिर कोषाध्यक्ष

एजेंसी

पुणे। श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के कोषाध्यक्ष स्वामी गोविंददेव गिरि ने रविवार को कहा कि राजनीतिक लड़ाई को ''वोट जिहाद'' कहना गलत है। उन्होंने कहा कि हिंदू समाज को इसका मुकाबला करना चाहिए।

उनकी यह टिप्पणी महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस के ''वोट जिहाद'' पर हमले और इसका जवाब ''धर्मयुद्ध'' से देने के आह्वान के बीच आई। हिंदू संत ने यहां पत्रकारों से बातचीत में कहा कि पूर्व में इस बारे में निर्देश धार्मिक स्थलों से पर्चे बांटकर दिए जाते थे कि वोट किसे देना है, लेकिन अब खुलेआम ''वोट जिहाद'' जैसे नारे दिए जा रहे हैं। उन्होंने कहा, ''दो राजनीतिक दलों के बीच लड़ाई को 'युद्ध' कहना सही नहीं है। लेकिन, 'वोट जिहाद' की खुलेआम वकालत की जा रही है, इसलिए हिंदू समाज को बिना किसी हिचकिचाहट के इसका मुकाबला करना चाहिए।'' स्वामी गोविंददेव गिरि ने कहा कि मतदान प्रत्येक नागरिक का अधिकार और जिम्मेदारी है। इससे पहले, भाजपा के नेतृत्व वाली 'महायुति' सरकार के खिलाफ एक इस्लामिक विद्वान द्वारा 'वोट जिहाद' की कथित अपील का जिक्र करते हुए फडणवीस ने इसका मुकाबला करने के लिए ''वोट का धर्मयुद्ध'' करने का आह्वान किया था। बीस नवंबर को होने वाले महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव से पहले पुणे में कुछ रैलियों के दौरान, फडणवीस ने इस्लामिक विद्वान सज्जाद नोमानी का एक वीडियो चलाया था और दावा किया था कि 'वोट-जिहाद' का नारा लगाया गया है।

## मोदी को मणिपुर की नहीं अपनी प्रोपेगेंडा चलाने की चिंता: कांग्रेस

**नयी दिल्ली।** कांग्रेस ने मणिपुर में फिर हिंसा भड़कने को लेकर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर निशाना साधते हुए रविवार को कहा कि वह वार रोकने का प्रोपेगेंडा कर दुनिया में शांति दूत बनना चाहते हैं लेकिन अपने देश में मणिपुर हिंसा में जल रहा है और इसे रोकने में वह सफल नहीं हो पा रहे हैं। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, पार्टी महासचिव केसी वेणुगोपाल तथा प्रियंका गांधी वाड्रा ने सोशल मीडिया पर जारी अलग-अलग पोस्ट में कहा कि मणिपुर में हिंसा का फिर भड़कना चिंताजनक है और श्री मोदी तथा गृह मंत्री अमित शाह का इसे नजर अंदाज करना इससे भी ज्यादा खतरनाक है। श्री खरगे ने कहा,ह्लनरेंद्रमोदी जी, आपकी डबल इंजन सरकार के तहत, ना मणिपुर एक है, ना मणिपुर सुरक्षित है। मई 2023 से, यह अकल्पनीय दर्द, विभाजन और बढ़ती हिंसा से गुजर रहा है, जिसने इसके लोगों का भविष्य नष्ट कर दिया है। ऐसा लगता है कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) जानबूझकर मणिपुर को जलाना चाहती है, क्योंकि वह अपनी घृणित विभाजनकारी राजनीति करती है। सात नवंबर से अब तक कम से कम 17 लोगों की जान जा चुकी है। संघर्ष वाले क्षेत्रों की सूची में नए जिले जोड़े जा रहे हैं और आग सीमावर्ती पूर्वोत्तर राज्यों तक फैल रही है। उन्होंने कहा, आपने खूबसूरत सीमावर्ती राज्य मणिपुर को विफल कर दिया है। भले ही आप भविष्य में मणिपुर जाएं, राज्य के लोग कभी माफ नहीं करेंगे कि आपने उन्हें उनके हाल पर छोड़ दिया है और उनके दुखों को दूर करने और समाधान खोजने के लिए कभी उनके राज्य में कदम नहीं रखा। मणिपुर में लगातार बढ़ रही हिंसा से पता चलता है कि मामले किस हद तक नियंत्रण से बाहर हो गए हैं। हत्याएं एक बार फिर रोजमर्रा की घटना बन गई हैं और भीड़ सड़कों पर हावी हो गई है। जब सत्ताधारी दल के विधायक सुरक्षित नहीं हैं तो आम नागरिक की शांति की उम्मीद कैसे की सकती है। नफरत की राजनीति को बढ़ावा देने के कारण ही संकट नियंत्रण से बाहर हो गया है। गृह मंत्री चुनाव प्रचार में व्यस्त हैं, प्रधानमंत्री एक और विदेश यात्रा पर हैं जबकि मणिपुर फिर से जल रहा है। हमारी केंद्र से मणिपुर में शांति बहाली के लिए तत्काल उठाने की अपील है। मणिपुर से आ रही खबरें दिल दहलाने वाली हैं। डेढ़ साल से एक राज्य धधक रहा है। लगातार हत्याएं और बलात्कार हो रहे हैं। लोगों के घर जलाए जा रहे हैं। महिलाएं, बच्चे हिंसा का शिकार हो रहे हैं। विधायकों, मंत्रियों और खुद मुख्यमंत्री के घर पर हमले हो रहे हैं। भाजपा के ही कई विधायक मुख्यमंत्री को हटाने की मांग कर रहे हैं। प्रधानमंत्री जी 'वॉर रुकवाने' और विश्व के लिए शांतिदूत बनने का प्रोपेगैंडा चलवाते हैं लेकिन अपने ही देश के एक हिस्से में डेढ़ साल से शांति बहाली में पूरी तरह नाकाम हैं। वह दुनिया घूम रहे हैं, दर्जनों रैलियां कर रहे हैं, लेकिन मणिपुर की तरफ देखने की भी फुर्सत नहीं है।

## मोदी सरकार बनी गरीबों का सहारा: भाजपा

**पटना।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के प्रदेश प्रवक्ता सुरेश रुंगटा ने कहा कि एक दशक पूर्व तक देश के गरीब लोगों की बुनियादी आवश्यकता रोटी, कपड़ा और मकान के लिए लाले पड़े रहते थे लेकिन जब से केन्द्र में भाजपा की सरकार आई है, देश की गरीब जनता के भोजन, कपड़ा एवं आवास की सारी चिंता सरकार कर रही है। भाजपा प्रवक्ता ने कहा कि मोदी सरकार ने पिछले एक दशक में 'सबका साथ सबका विकास' के मंत्र के तहत देश की तस्वीर बदल दी है। सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं ने देश के गांव, गरीब, दलित एवं वंचितों की जिंदगी और तकदीर बदल डाली है। 'प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना' के तहत देश के लगभग 80 करोड़ लोगों को प्रति व्यक्ति पाँच किलो अनाज हर माह मुफ्त में उपलब्ध करवाया जा रहा है। बिहार में इस योजना के लाभार्थियों की संख्या 9 करोड़ के आसपास है। अब तो 'वन नेशन वन राशन कार्ड योजना' के तहत राशन कार्ड धारक देश के किसी भी कोने में जाने पर वहीं से राशन लेने में सक्षम होते हैं। इसी तरह लोगों को मकान उपलब्ध करवाने के लिए प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत सरकार द्वारा हर गरीब को मकान उपलब्ध कराया जा रहा है। श्री रूंगटा ने कहा कि नरेन्द्र मोदी ने अपने तीसरे कार्यकाल के वर्तमान वित्तीय वर्ष 2024-25 में भी पूर्व की तरह तीन करोड़ से अधिक घर बनवाने का वादा किया है । बिहार में 2.34 लाख ग्रामीण एवं 3,28,000 शहरी गरीबों को मकान बनाकर देने की योजना है। गरीबों को मकान के साथ-साथ शौचालय के लिए अलग से 12 हजार रूपये देने का प्रावधान किया गया है। बिहार में गरीब परिवारों को 2015 से लेकर अभी तक 36 लाख 60 हजार घर बनवाकर दिए जा चुके हैं । इसी तरह देश के हर गरीब , बेरोजगार व्यक्ति को नरेगा जॉब कार्ड के तहत कम से कम 100 दिन रोजगार मुहैया करवाया जा रहा है। गरीबों के लिए नरेगा बेहद मददगार योजना है। ऐसे में जो लोग अपने परिवार का और कहीं से पालन-पोषण नहीं कर पाते हैं।

## विस चुनाव से पहले गहलोत के इस्तीफ़े ने दिया 'आप' को बड़ा झटका

नयी दिल्ली। दिल्ली विधानसभा चुनाव से पहले परिवहन मंत्री कैलाश गहलोत का मंत्रिमंडल एवं आप की प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा देने से पार्टी को बड़ा झटका लगा है। श्री गहलोत ने आज इस संबंध में पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक एवं दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को एक चिट्ठी भी लिखी है। उन्होंने पत्र में इस्तीफा देने की वजह लोगों से किए गए वादों को पूरा नहीं करना बताया है। उन्होंने पत्र में लिखा है, शीशमहल जैसे कई शर्मनाक और अजीबोगरीब विवाद हैं जो अब सभी को संदेह में डाल रहे हैं कि क्या हम अभी भी आम आदमी होने में विश्वास करते हैं।अगर दिल्ली सरकार अपना अधिकांश समय केंद्र से लड़ने में बिताती है तो दिल्ली के लिए वास्तविक प्रगति नहीं हो सकती। मेरे पास 'आप' से अलग होने के अलावा कोई विकल्प नहीं बचा है और इसलिए मैं पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा दे रहा हूं।

# सभी सार्वजनिक संपत्ति को भाजपा के लोग बेचने में लगे हैं : तेजस्वी

एजेंसी

बोकारो। राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के वरिष्ठ नेता और बिहार विधानसभा में प्रतिपक्ष के नेता तेजस्वी प्रसाद यादव ने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेताओं पर देश की सार्वजनिक संपत्तियों को बेचने और महंगाई बेरोजगारी पर रोक नहीं लगाने का आरोप लगाया है।

श्री यादव ने झारखंड में बोकारो जिले के दुग्धा स्थित चुनावी सभा को संबोधित करते हुए कहा, ह्लभारतीय जनता पार्टी ने महंगाई पर रोक नहीं लगाई और बेरोजगारों को रोजगार देने में असफल रही है। भाजपा इंडिया गठबंधन के नेताओं को अपनी पार्टी में मिलाने के लिए और राज्यों में अपनी सरकार बनाने के लिए केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई), प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) , आयकर विभाग जैसी सरकारी एजेंसियों का दुरुपयोग कर इंडिया गठबंधन के निर्दोष नेताओं को भी जेल में डाल रही है लेकिन इनकी गीदड़ भभकी से हम लोग डरने वाले नहीं हैं। भाजपा देश में मात्र नफरत फैलती है और हिंदू-मुसलमान के बीच में लड़ाई लगाती है। झारखंड गठन के बाद सबसे ज्यादा शासन भाजपा ने ही किया है, फिर भी यहां के लोग बदहाल हैं।

राजद नेता ने कहा कि हम लोग रोजगार, महंगाई ,बेरोजगारी ,शिक्षा ,गरीबी जैसे ज्वलंत मुद्दों पर काम करते हैं, और भाजपा के लोग नफरत फैलाकर शासन करना चाहते हैं । भारत में जब भाजपा विपक्ष में था तो 60 रूपये प्रति लीटर पेट्रोल और 400 रूपये प्रति गैस सिलेंडर मिलता था, उस वक्त भाजपा के लोग गाना गाते थे कि महंगाई डायन खाए जात है। अब यह महंगाई डाइन इनकी भोजाई हो गई है। उन्होंने कहा कि भाजपा जनादेश का अपमान करना चाहती है । हम लोग इसे कतई बर्दाश्त नहीं करेंगे। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर धोखा देने का आरोप लगाया और कहा कि उन्होंने चुनाव में जो भी वादा किया था उसको आज तक पूरा नहीं किया और अब लोगों का ध्यान भटकाने के लिए हिंदू-मुसलमान को आपस में लड़ा कर उल्लू सीधा करना चाहते हैं। उन्होंने सेना में होने वाले नियोजन अग्नि वीर की चर्चा की और कहा कि गरीब बेरोजगार युवाओं के साथ यह धोखा है। इन युवाओं को चार साल की नौकरी के बाद निकाल दिया जाएगा और इन्हें पर्याप्त सरकारी लाभ भी नहीं मिलेगा। उन्होंने लोगों से अपील की कि ऐसी दंगाई पार्टियों को किसी भी कीमत में झारखंड में सरकार बनने से रोकें और इंडिया गठबंधन की सरकार बनाने में सहयोग करें।

## तेजस्वी के पास अब कोई काम नहीं, सिर्फ क्रेडिट लेने की होड़ : मंत्री

समस्तीपुर। जनता दल यूनाईटेड (जदयू) के वरिष्ठ नेता एवं बिहार के ग्रामीण कार्य मंत्री अशोक चौधरी ने आरोप लगाया है कि प्रतिपक्ष के नेता तेजस्वी प्रसाद यादव के पास अब कोई काम नहीं है इसलिए वह सिर्फ क्रेडिट लेने की होड़ मे लगे रहते हैं।

श्री चौधरी ने रविवार को यहां पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि राष्ट्रीय जनता दल (राजद) अध्यक्ष लालू प्रसाद यादव को बिहार के विकास के लिए 15 वर्षों का समय मिला था लेकिन पति-पत्नी की सरकार ने जात-पात की राजनीति कर लोगों के बीच सिर्फ नफरत पैदा की। उन्होंने कहा कि लालू शासनकाल में शिक्षा को बढ़ावा देने के बदले राज्य में चरवाहा विद्यालय खोले गए। वहीं, मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के कार्यकाल में शिक्षा के साथ-साथ प्रदेश का तीव्र गति से विकास हो रहा है। इस अवसर पर जदयू की पूर्व सांसद अश्वमेध देवी, भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के विधान पार्षद तरुण कुमार, जदयू के वरिष्ठ नेता अनिल सिंह, लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) के वरिष्ठ नेता अंटू ईसर सहित अन्य राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) के नेता उपस्थित थे।

# मोदी ने की फिल्म 'द साबरमती रिपोर्ट' की सराहना

एजेंसी

नयी दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को गुजरात के गोधरा अग्निकांड पर आधारित फिल्म 'द साबरमती रिपोर्ट' की सराहना करते हुए कहा कि 'सच्चाई सामने आ रही है।'



श्री मोदी ने अपने सोशल मीडिया 'एक्स' पर पोस्ट किया, बहुत बढ़िया। यह अच्छी बात है कि यह सच्चाई सामने आ रही है, और वह भी ऐसे तरीके से जिससे आम लोग इसे देख सकें। एक झूठी कहानी सीमित समय तक ही चल सकती है। आखिरकार, तथ्य हमेशा सामने आते हैं। यह फिल्म वर्ष 2002 में साबरमती एक्सप्रेस से जुड़ी विवादास्पद गुजरात के गोधरा ट्रेन त्रासदी और उसके बाद की घटनाओं पर आधारित है। फिल्म में विक्रांत मैसी, राशि खन्ना और रिद्धि डोगरा ने अभिनय किया है। यह फिल्म शुक्रवार यानी 15 नवंबर को रिलीज हुई थी। यह फिल्म 27 फरवरी 2002 को गोधरा में एक ट्रेन में आग लगने की सच्ची घटना पर आधारित है, जिसमें अयोध्या से लौट रहे 58 हिंदू तीर्थयात्रियों और कारसेवकों की मौत हो गई थी। दरअसल श्री मोदी ने एक ट्वीट के जवाब में लिखा, अच्छा है कि यह सच्चाई सामने आ रही है और वह भी इस तरह से कि आम लोग इसे देख सकें। एक फर्जी नैरेटिव लंबे समय तक नहीं टिक सकता। अंत में सच्चाई हमेशा सामने आती है। हाल ही में रिलीज हुई विक्रांत मैसी की फिल्म 'द साबरमती रिपोर्ट' ने एक बार फिर गोधरा कांड की घटना को चर्चा में ला दिया है। फिल्म ने गोधरा कांड में साबरमती एक्सप्रेस में हुई आगजनी और उसमें मारे गए निर्दोष लोगों की दर्दनाक कहानी को दिखाया है। फिल्म की रिलीज से पहले ही इसके संवेदनशील मुद्दे की वजह से काफी चर्चा हो रही थी। अब, प्रधानमंत्री ने भी इस फिल्म पर प्रतिक्रिया दी है। उनका ट्वीट जमकर वायरल हो गया। श्री मोदी के इस ट्वीट के बाद सोशल मीडिया पर लोग जमकर प्रतिक्रिया देने लगे हैं। कुछ लोग श्री मोदी के ट्वीट का समर्थन कर रहे हैं जबकि कुछ मिलीजुली प्रतिक्रिया भी दे रहे हैं।

## गहलोत का इस्तीफा भाजपा की गंदी राजनीति व षड्यंत्र का हिस्सा :आप

एजेंसी

नयी दिल्ली। आम आदमी पार्टी (आप) ने कहा है कि श्री कैलाश गहलोत का मंत्रिमंडल और पार्टी से इस्तीफ़ा देना भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की गंदी राजनीति और षड्यंत्र का हिस्सा है।

आप के राज्यसभा सांसद संजय सिंह ने रविवार को कहा कि आज भाजपा एक बार फिर अपने हथकंडे, घिनौनी राजनीति और षड्यंत्र में कामयाब हुई है। श्री गहलोत के ऊपर लगातार भाजपा द्वारा दबाव बनाया जा रहा था। ईडी-सीबीआई के छापे मारे जा रहे थे। ईडी के दफ्तर में पूछताछ के लिए बुलाया जा रहा था। उनके घर पर आयकर के छापे मारे जा रहे थे। श्री गहलोत के ऊपर ईडी, आयकर समेत तमाम तरीके का दबाव था। श्री सिंह ने कहा कि वह ऐसी बात कर नहीं सकते हैं क्योंकि वह पांच साल तक खुद सरकार का हिस्सा रहे हैं। वह इस पार्टी का हिस्सा रहे हैं। यह सारी भाजपा की स्क्रिप्ट है। वह जिस तरह की पटकथा बनाकर देगी और जिस तरह का षड्यंत्र उन्होंने श्री गहलोत के खिलाफ किया है, उन्हें उसी तरह से बोलना पड़ेगा। आप की मुख्य प्रवक्ता प्रियंका कक्कड़ ने कहा कि चुनाव चल रहे हैं और भाजपा के गंदे षड्यंत्र शुरु हो चुके हैं। ईडी और सीबीआई सक्रिय हो चुकी है। श्री गहलोत के ऊपर ईडी-सीबीआई के कई मामले चल रहे थे। उनके परिवार पर भी चल रहे थे इसलिए उन्होंने जेल के संघर्ष से बेहतर भाजपा में शामिल होना समझा। वहीं, आप नेता दुर्गेश पाठक ने कहा पिछले कई महीने से श्री गहलोत को हर दिन ईडी के दफ्तर बुलाया जाता था। उनको ईडी और आईटी की रेड का सामना करना पड़ता था। उनके पास कोई और रास्ता नहीं था। उन्हें भाजपा में ही जाना था। इससे एक चीज साफ हो गई कि भाजपा दिल्ली का चुनाव हार चुकी है। आज उनके पास कोई मुद्दा नहीं बचा है। उनके पास बताने के लिए कोई चीज नहीं है।

# पेज एक का शेष

### राजनीतिक स्वार्थ...

पत्थरबाज घर में सिमट जाएंगे, बाहर नहीं निकल पाएंगे। यदि निकल कर पत्थरबाजी किए तो यूपी का सूत्र लागू हो जाएगा और राम नाम सत्य की यात्रा निकलेगी। मुख्यमंत्री ने चेताया कि बंटेंगे नहीं तो कटेंगे नहीं, एक रहेंगे तो सेफ रहेंगे। मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि यह चुनाव महाराष्ट्र व भारत के लिए बहुत मायने रखती है। एक तरफ पीएम मोदी के नेतृत्व में भाजपा, शिवसेना (शिंदे गुट), एनसीपी (अजीत पवार गुट) व आरपीआई का महायुति गठबंधन है, जिसका ध्येय 'एक भारत-श्रेष्ठ भारत' है तो दूसरी तरफ महा अघाड़ी के रूप में महा अनाड़ी गठबंधन है। इनके पास नीति, नैतिक बल और निर्णय लेने का सामर्थ्य भी नहीं है। सबका साथ, परिवार का विकास ही इनका नारा है। कांग्रेस, उद्धव ठाकरे व शरद पवार में आपस में ही नूराकुश्ती चल रही है कि कौन-किसे कितना मात दे देता है। यह पहले एक-दूसरे, फिर हिंदू समाज, उसके बाद देश को धोखा देंगे। मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि बाला साहेब ठाकरे ने मूल्यों की राजनीति की थी, वे होते तो कांग्रेस के साथ गठबंधन नहीं करते, लेकिन उद्धव ठाकरे मूल्यों व आदर्शों से भटक गए। वे कहते थे कि हिंदुत्व के मुद्दे पर छत्रपति शिवाजी को सामने रखकर ही काम करेंगे। छत्रपति शिवाजी जिनके आदर्श रहे हों, वह बांटने की नहीं, एकता की बात कर एक भारत बनाने के लिए कार्य करते हैं। मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि 2014 के पहले महाराष्ट्र में सर्वाधिक किसानों ने आत्महत्या की थी। आज किसान सम्मान निधि का लाभ मिल रहा है। जितना केंद्र सरकार दे रही है, उतना ही महायुति गठबंधन सरकार भी देगी। यह सुविधा न मिल पाए, इसके लिए कांग्रेस व गठबंधन ने न्यायालय में अपील की। वे नहीं चाहते कि युवाओं को नौकरी मिले, महिलाओं को लाडली बहना योजना का लाभ मिले और किसान खुशहाल हों। मुख्यमंत्री ने कहा कि अयोध्या जाने वाले श्रद्धालुओं के लिए महायुति सरकार ने भव्य महाराष्ट्र भवन बनाने के लिए जमीन आरक्षित कराकर कार्य प्रारंभ कर दिया है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को तीन जनसभा की। पहली रैली में कोल्हापुर दक्षिण से भाजपा उम्मीदवार अमल महादिक, कोल्हापुर उत्तर से शिवसेना (शिंदे गुट) राजेश क्षीरसागर, कारवीर से चंद्रवीर नारके के लिए वोट मांगा। उनकी दूसरी रैली कराड उत्तर विधानसभा क्षेत्र में हुई। भाजपा ने यहां से मनोज भीमराव घोरपड़े को टिकट दिया है। वहीं मुख्यमंत्री ने तीसरी रैली भोसरी विधानसभा क्षेत्र से प्रत्याशी महेश किशनराव लांडगे के पक्ष में की।

### किसानों को पर्याप्त...

जाएगा कि खाद की कालाबाजारी या जमाखोरी न हो। मुख्यमंत्री ने चेतावनी दी कि ऐसे मामलों में दोषी पाए जाने वाले व्यक्तियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

### सांसदों की अयोग्यता...

वाले लाभ के कुछ पद अपने धारकों को संसद सदस्य बनने या चुने जाने के लिए अयोग्य नहीं ठहराएंगे। हालांकि, अधिनियम में उन पदों की सूची शामिल है, जिनके धारक अयोग्य नहीं ठहराए जाएंगे और उन पदों का भी जिक्र है, जिनके धारक अयोग्य करार दिए जाएंगे। संसद ने समय-समय पर इस अधिनियम में संशोधन किए हैं। सोलहवीं लोकसभा के दौरान की संयुक्त संसदीय समिति ने इस कानून की व्यापक समीक्षा करने के बाद एक रिपोर्ट पेश की। समिति ने विधि मंत्रालय के वर्तमान कानून की अप्रचलित प्रविष्टियों को ध्यान में रखने की आवश्यकता पर बल दिया। इसकी एक प्रमुख सिफारिश यह थी कि 'लाभ के पद' शब्द को 'व्यापक तरीके' से परिभाषित किया जाए।

### झांसी हादसा : बचाए...

रहा है उनमें से किसी का भी उपचार जलने की वजह से नहीं किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि ये वे बच्चे हैं जिन्हें अस्पताल के कर्मचारियों ने बचाया था। कुमार ने बताया कि एनआईसीयू में भर्ती बच्चों की हालत गंभीर है। जिलाधिकारी ने बताया, ''बचाये गये नवजात बच्चों में अभी एक की पहचान नहीं हुई है। एक परिवार है जिसका नवजात नहीं मिल पाया है, उनके मामले की जांच की जा रही है।'' झांसी जिले के नगर पुलिस अधीक्षक ज्ञानेंद्र कुमार सिंह ने शनिवार को 'पीटीआई-भाषा' को बताया था कि शुक्रवार रात झांसी के महारानी लक्ष्मीबाई मेडिकल कॉलेज के बच्चा वार्ड में अचानक लगी आग की वजह से दम घुटने और झुलसने से 10 नवजात बच्चों की मौत हो गई थी। उन्होंने बताया कि मृत बच्चों में से सात के माता-पिता की पहचान हो जाने पर शनिवार को उनके शवों का पोस्टमार्टम करवाया गया है। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि तीन मृत नवजात बच्चों के माता-पिता नहीं मिल पाये हैं।

### भारत ने लंबी दूरी...

स्वदेशी रूप से विकसित की है। डीआरडीओ के वरिष्ठ वैज्ञानिकों और सशस्त्र बलों के अधिकारियों की मौजूदगी में इस मिसाइल का परीक्षण किया गया।

### मणिपुर के...

पाए गए थे। रविवार सुबह यह दावा किया जा रहा है कि यहां एक और महिला का शव मिला है। दावा है कि असम के कछार जिले में बराक नदी से पुलिस ने शव बरामद किया है, जो जिरीबाम की सीमा पर है। यह शव उस जगह से नीचे की ओर है, जहां तीन अन्य शव बरामद किए गए थे। हालांकि, शव की पहचान अभी नहीं हो पाई है, लेकिन यह भी छह लापता लोगों में से एक का शव होने का संदेह है। इसे लेकर मणिपुर में उग्र भीड़ ने इंफाल घाटी के विभिन्न जिलों में शनिवार रात भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के तीन और विधायकों व कंग्रेस के एक विधायक के आवास में आग लगा दी। साथ ही सुरक्षाबलों ने मुख्यमंत्री एन. बीरेन सिंह के पैतृक आवास में घुसने की प्रदर्शनकारियों की कोशिश को नाकाम कर दिया।

### सामरिक सहयोग...

मित्रता के विशेष बंधन हैं। प्रधानमंत्री ने देश में हाल ही में आई बाढ़ से हुई तबाही के लिए राष्ट्रपति टीनुबू को अपनी संवेदना व्यक्त की। राष्ट्रपति टीनुबू ने राहत सामग्री और दवाओं के साथ भारत की समय पर सहायता के लिए प्रधानमंत्री को धन्यवाद दिया। दोनों नेताओं ने भारत एवं नाइजीरिया के बीच द्विपक्षीय सहयोग की समीक्षा की और भारत-नाइजीरिया रणनीतिक साझीदारी को और मजबूत करने के तरीकों पर चर्चा की। संबंधों की प्रगति पर संतोष व्यक्त करते हुए वे इस बात पर सहमत हुए कि व्यापार, निवेश, शिक्षा, ऊर्जा, स्वास्थ्य, संस्कृति और लोगों से लोगों के बीच संबंधों के क्षेत्र में सहयोग की अपार संभावनाएं हैं। प्रधानमंत्री ने नाइजीरिया को कृषि, परिवहन, सस्ती दवा, नवीकरणीय ऊर्जा और डिजिटल परिवर्तन में भारत के अनुभव की पेशकश की। राष्ट्रपति टीनुबू ने भारत द्वारा प्रस्तावित विकास सहयोग साझीदारी और स्थानीय क्षमताओं, कौशल और पेशेवर विशेषज्ञता बनाने में इसके सार्थक प्रभाव की सराहना की। दोनों नेताओं ने रक्षा और सुरक्षा सहयोग बढ़ाने पर भी चर्चा की। उन्होंने आतंकवाद, समुद्री दस्युओं एवं कट्टरपंथ से संयुक्त रूप से लड़ने की अपनी प्रतिबद्धता की पुष्टि की। दोनों नेताओं ने वैश्विक और क्षेत्रीय मुद्दों पर भी चर्चा की। राष्ट्रपति टीनुबू ने वॉयस ऑफ द ग्लोबल साउथ शिखर सम्मेलन के माध्यम से विकासशील देशों की चिंताओं को बढ़ाने के भारत के प्रयासों को स्वीकार किया। दोनों नेता ग्लोबल साउथ की विकास आकांक्षाओं को पूरा करने के लिए मिलकर काम करने पर सहमत हुए। प्रधानमंत्री ने इकोवास के अध्यक्ष के रूप में नाइजीरिया द्वारा निभाई गई भूमिका और बहुपक्षीय और बहुपक्षीय निकायों में उसके योगदान की सराहना की। अंतर्राष्ट्रीय सौर गठबंधन और अंतर्राष्ट्रीय बिग कैट एलायंस में नाइजीरिया की सदस्यता की ओर इशारा करते हुए, प्रधानमंत्री ने राष्ट्रपति टीनुबू को भारत द्वारा शुरू की गई अन्य ग्रह-समर्थक हरित पहल में शामिल होने के लिए आमंत्रित किया। आधिकारिक वार्ता के बाद, सांस्कृतिक आदान-प्रदान कार्यक्रम, सीमा शुल्क सहयोग और सर्वेक्षण सहयोग के तीन समझौता ज्ञापनों पर हस्ताक्षर किए गए। इसके बाद प्रधानमंत्री के सम्मान में राष्ट्रपति द्वारा राजकीय भोज का आयोजन किया गया।

# पंजाब पुलिस ने मुठभेड़ के बाद पकड़ा हाईवे लूट गैंग का सरगना

कैनविज टाइम्स संवाददाता



चंडीगढ़। पंजाब पुलिस ने चंडीगढ़-अम्बाला मुख्य मार्ग पर स्थित गांव लेहली के पास रविवार की सुबह मुठभेड़ में एक बदमाश घायल हो गया। इसके बाद पुलिस ने घायल बदमाश को गिरफ्तार कर लिया और अस्पताल में भर्ती कराया। पुलिस ने उसके पास से पिस्तौल और 5 जिंदा कारतूस बरामद किए गए हैं।

पंजाब पुलिस महानिदेशक गौरव यादव ने रविवार को ट्वीट कर बताया कि गांव लेहली के पास पुलिस और हाईवे लुटेरों के गिरोह के सरगना सतप्रीत सिंह उर्फ सत्ती के बीच हुई मुठभेड़ हुई। अपराधी सतप्रीत सिंह ने पुलिस को देखते ही फायरिंग शुरू कर दी। इसके बाद पुलिस की जवाबी फायरिंग में एक गोली सतप्रीत सिंह के लगी। इसके बाद पुलिस ने आरोपित को गिरफ्तार कर लिया। डीजीपी यादव ने बताया कि यह गिरोह अंबाला-डेराबस्सी हाईवे पर सक्रिय था और पंजाब एवं हरियाणा में कई डकैती की वारदातों को अंजाम दे चुका था। गिरोह ने 3 और 10 नवंबर की रात को हाईवे पर दो बड़ी वारदातों को अंजाम दिया था। इन वारदातों में बंदूक के दम पर नकदी, मोबाइल फोन और सोने के गहने लूट लिए गए थे। इस गिरोह की गतिविधियां लंबे समय से पुलिस के रडार पर थी। उन्होंने बताया कि गिरफ्तार सतप्रीत सिंह से पुलिस ने एक .32 कैलिबर की पिस्तौल और 5 जिंदा कारतूस बरामद किए हैं। इसका प्रयोग सतप्रीत सिंह लूट की वारदातों को अंजाम देने के लिए करता था। पुलिस ने इस मामले में दो एफआईआर दर्ज की हैं और गिरोह के अन्य सदस्यों की पहचान और गिरफ्तारी की प्रक्रिया को तेज कर दिया है। पुलिस का कहना है कि इस गिरोह के पकड़े जाने से पंजाब और हरियाणा के हाईवे पर यात्रियों में सुरक्षा का माहौल बनेगा।

# 77 वें वार्षिक निरंकारी संत समागम का भव्य शुभारम्भ

## परमात्मा को जीवन में शामिल करने से होता है मानवीय गुणों का विस्तार

कैनविज टाइम्स संवाददाता



हल्द्वानी। परमात्मा जानने योग्य है, इसे जानकर जब हम इसे अपने जीवन का आधार बना लेते हैं तब सहज रूप में हमारे जीवन में मानवीय गुणों का विस्तार होता चला जाता है। उपरोक्त उद्गार सतगुरु माता सुदीक्षा जी महाराज द्वारा 77वें वार्षिक निरंकारी सन्त समागम के प्रथम दिवस पर मानव हित में संबोधित किए गये। इस तीन-दिवसीय संत समागम में केवल भारतवर्ष से ही नहीं अपितु विश्वभर के अनेक स्थानों से लाखों की संख्या में श्रद्धालु भक्त सम्मिलित होकर समागम का भरपूर आनंद प्राप्त कर रहे हैं। सतगुरु माता जी ने विशाल सत्संग के रूप में एकत्रित सभी संतो को सम्बोधित करते हुए कहा कि वास्तविक रूप में 'असीम की ओर-विस्तार', यह एक अंदर से बाहर की दिव्य यात्रा है। अक्सर मनों में तनाव तथा दिल और दिमाग के तालमेल की बात आती है। वास्तव में मन और मस्तिष्क दोनों ही साथ है परन्तु कभी मन कुछ ओर चाहता है और मस्तिष्क कुछ और सोचता है। लेकिन जब हम इस परमात्मा संग जुड़ जाते हैं तब मन में स्थिरता आ जाती है और अपनत्व का भाव उत्पन्न हो जाता है फिर मन विशाल बन जाता है। अंत में सतगुरु माता जी ने अपने प्रवचनों में कहा कि युगों-युगों से संतों, पीरों ने यही सन्देश दिया कि हमें अपनी आध्यात्मिक यात्रा करते हुए मानवता के काम ही आना है। परमात्मा द्वारा प्रदान की हुई चीजें एवं इन्सानों ने भी जो आविष्कार किए हैं, उनका सदुपयोग करते हुए इस धरा को ओर अधिक सुंदर बनाना है। इससे पूर्व समागम स्थल पर आगमन होते ही सतगुरु माता जी व निरंकारी राजपिता जी का सन्त निरंकारी मण्डल की कार्यकारिणी समिति के सदस्यों व अन्य अधिकारियों ने फूल मालाओं एवं पुष्प गुच्छ से स्वागत किया। तदोपरांत मंच तक उनका स्वागत एक भव्य शोभा यात्रा के रूप में किया गया। इस शोभा यात्रा में निरंकारी इंस्टिटुयट ऑफ म्यूजिक एण्ड आर्टस के 300 से भी अधिक छात्रों ने नृत्य एवं संगीत के माध्यम द्वारा दिव्य युगल का अभिनन्दन किया।

# परमार्थ निकेतन में मोतियाबिंद आपरेशन शिविर का शुरू, विश्वविख्यात चिकित्सक दे रहे हैं सेवाएं



कैनविज टाइम्स संवाददाता

ऋषिकेश। गंगा तट पर स्थित परमार्थ निकेतन में रविवार को मोतियाबिंद ऑपरेशन शिविर का उद्घाटन स्वामी चिदानन्द ने किया। इस विश्वविख्यात चिकित्सक मोतियाबिंद ऑपरेशन कर वृद्धजनों को नई रोशनी देंगे। शिविर के उद्घाटन मौके पर स्वामी चिदानंद और अतिथिथों ने दीप प्रज्ज्वलित कर शुभारंभ किया गया। शिविर में उत्तराखंड, उत्तर प्रदेश, दिल्ली, नजीबाबाद, पंजाब, महाराष्ट्र, हरियाणा और गुजरात सहित कई राज्यों के लोग चिकित्सा सुविधाओं का लाभ ले रहे हैं। इस शिविर में अत्याधुनिक उपकरणों और तकनीकों का उपयोग किया जा रहा है। मोतियाबिंद मरीजों को उच्च गुणवत्ता की चिकित्सा सेवाएं उपलब्ध कराई जा रही है। प्रतिदिन 35 से 40 मोतियाबिंद के आपरेशन किये जा रहे है। परमार्थ निकेतन का यह प्रयास नेत्र ज्योति महाज्योति का प्रतीक है, जो समाज के सभी वर्गों को निःशुल्क चिकित्सा सुविधाएं प्रदान करने का एक महासंकल्प है। स्वामी चिदानंद मुनी ने कहा कि मोतियाबिंद ऑपरेशन के माध्यम से कई लोगों की दृष्टि सुधारने का यह प्रयास विगत 20 वर्षों से निरंतर चल रहा है, और भविष्य में भी इस तरह के शिविरों का आयोजन किया जाएगा। इस मौके पर स्वामी चिदानन्द सरस्वती ने कहा कि समाज के अभावग्रस्त और निराश्रित लोगों को चिकित्सा सेवाएं देना एक उत्कृष्ट सेवा है, परन्तु वृद्धजनों की दृष्टि वापस लौटाना सबसे बड़ी सेवा है। चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध कराना सेवा का सबसे बड़ा रूवरूप है, जिसमें हम दूसरों के जीवन में खुशियां और रोशनी लाते हैं। समाज के सभी वर्गों में एक नई ऊर्जा और प्रेरणा का संचार होता है। स्वामी चिदानन्द सरस्वती ने सभी चिकित्सकों और स्वयंसेवकों को धन्यवाद दिया और उनके समर्पण की सराहना की। आस्ट्रेलिया से आईं डॉ पूर्णिमा राय ने कहा कि परमार्थ निकेतन ने इस मोतियाबिंद ऑपरेशन शिविर को एक विशिष्ट पहचान दी है। यह शिविर समाज के उन लोगों के लिए एक नई उम्मीद का स्रोत बना हुआ है, जिन्हें नेत्र चिकित्सा सेवाओं की अत्यंत आवश्यकता है। वरिष्ठ चिकित्सक डॉ मनोज पटेल ने कहा कि स्वामी की कृपा से सेवा की यह गंगा कई वर्षों से प्रवाहित हो रही है। उन्होंने कहा कि हम यहां आकर केवल चिकित्सा सेवाएं ही नहीं देते बल्कि भारत की धरती पर आकर हमें भी शान्ति भी मिलती होती है। हमारा तन भले ही विदेश में हो परन्तु मन और आत्मा भारत व भारतीय संस्कृति के रंगों से रंगी है। परमार्थ निकेतन आकर गंगा का ध्यान और समय का दान करने का अवसर प्राप्त होता है। इस शिविर में मिलिंद भिड़े, डॉ. जया मधुरी, डॉ. विजयलक्ष्मी, डॉ. संपत, डॉ. योग डॉ. हेतवी भट्ट, डॉ हाउ ट्रंक, डॉ. श्याम चंद परख, डॉ. सेंटन पोननियाह, डॉ. मोनिका कतलीन टेक्सी डॉ. विशाल भटनागर और अंजुला डॉ. विवेक जैन डॉ. विशाल भटनागर, वासवी, विमल रॉय, एलिस क्रॉफ्ट, जेनी मॉरिस, डेविड बटलर, मोनिका मूरी, डोना नॉर्टन, मेरी क्रॉफ्ट, सुनीता हरीश किरण रॉय, जय प्रज्ञा आर्य, गुरु प्रसाद , स्वाति, मंजू, और इयान, रीकी हेतवीयोला मौरचेड, नीलाई हेमंत सक्सेना, रेनू सक्सेना राकेश, प्रतीमा सक्सेना, निखिल सक्सेना, रत्नेश्वरी टंग्गावेल्लू, थेवरत्नम्मा पोननियाह डॉ. किंशुक बिस्वास, पियाली बिस्वास, महालिंगशिवम महंता और मालिनी, ब्रिजेट हांग फाम, परमालिंगन स्टीफन डीन सिटको और अंजुला भटनागर आदि तमाम चिकित्सक और सहायक महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं।

# खेल महाकुंभ का सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ हुआ आगाज

**विभिन्न प्रतियोगिताओं में खिलाड़ियों ने दिखाया दमखम**

कैनविज टाइम्स संवाददाता



उत्तरकाशी। उत्तरकाशी स्थित मनेरा स्टेडियम में जिला स्तरीय आठ दिवसीय खेल महाकुम्भ का रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ आगाज़ हो गया है। खेल महाकुंभ में जनपद के विभिन्न छह विकासखंडों के लगभग तीन-चार हजार प्रतिभागी प्रतिभाग करेंगे। रविवार को कार्यक्रम के बतौर मुख्य अतिथि गंगोत्री क्षेत्र के विधायक सुरेश चौहान, अपर जिलाधिकारी देवानंद शर्मा, क्षेत्र पंचायत प्रमुख विनिता रावत ने युवा कल्याण अधिकारी विजय प्रताप सिंह भंडारी ने दीप प्रज्वलित कर जनपद स्तरीय खेल महाकुम्भ को शुभारंभ किया है। इस दौरान गंगोत्री विधायक ने कहा कि उनकी सरकार द्वारा दूर दराज क्षेत्रों से प्रतिभाओं को निकाल कर उन्हें आगे बढ़ाने के लिए कार्यक्रम चलाया जा रहा है, जिसके अंतर्गत खेल प्रतियोगिताओं को पहले न्याय पंचायत स्तर पर फिर विकासखंड स्तर और अब जनपद स्तर पर खेल महाकुंभ का आयोजन किया जा रहा है, जिनका आज शुभारंभ हो गया है। स दौरान कार्यक्रम की विशिष्ट अतिथि भटवाड़ी ब्लॉक प्रमुख विनिता रावत ने संबोधित करते हुए कहा कि खेल को खेल की भावनाओं से खेलना चाहिये। उन्होंने कहा कि खेल हमारे जीवन में अनिवार्य है। यह हमारे शारीरिक और बौद्धिक स्तर को बढ़ाता है। इस दौरान अतिथियों ने प्रतिभागियों को खेल भावना से खेलने की शपथ दिलाई। इस दौरान जिला युवा कल्याण अधिकारी विजय प्रताप सिंह भंडारी ने कहा कि खेल महाकुंभ राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी योजना है। इस से प्रतिभाएं ग्रामीण अंचलों में छीपी प्रतिभाओं को न्याय पंचायत, ब्लॉक, जिला स्तरीय और राज्य राज्य स्तर पर अपनी प्रतिभा को निकालने का मौका मिलता है। उन्होंने कहा कि सरकार युवा कल्याण विभाग के ओर से खेलों में युवाओं का बेहतर भविष्य बनाने के लिए गंभीरता से कार्य कर रही है। कहा कि यहां के खेल प्रतिभाएं उत्तराखंड का गौरव बढ़ा रही हैं। इससे पूर्व यमुना घाटी एवं गंगाघाटी की टीमों ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम से सबको मंत्रमुग्ध कर दिया। वहीं जिलेभर के खिलाड़ियों ने प्रतियोगिताओं में अपना दमखम दिखाया। विभिन्न खेलों में खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन के साथ अपना खेल खेला। इस मौके पर अमित डिमरी, भाजपा नेता जगमोहन सिंह रावत, मनोज राणा, पूजा डंगवाल, महावीर चौहान, प्रताप रावत, राजेन्द्र गंगाडी, जिला खेल अधिकारी बबीता बिष्ट, मंच का संचालन अजय नौटियाल ने किया है।

# ट्रक ने भैंसा बुग्गी में मारी टक्कर, युवक व भैंसे की मौत

हरिद्वार। जनपद के खानपुर में रविवार की तड़के एक भैंसा बुग्गी में पीछे से आ रहे ट्रक ने जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि एक भैंसे की भी मौत हो गई। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने पंचनामा भर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। जानकारी मिलते ही सैकड़ों ग्रामीण मौके पर पहुंच गए। उन्होंने रास्ते में ट्रैक्टर ट्राली लगाकर हाईवे जाम कर दिया। जानकारी के अनुसार खानपुर थाना क्षेत्र के ब्राह्मणवाला गांव निवासी पोपिन पुत्र लखीराम, शेखर पुत्र सोमी, सौरभ पुत्र चरण सिंह आज तड़के करीब छह बजे अपनी भैंसा बुग्गी लेकर खानपुर की ओर खेतों में जा रहे थे। जैसे ही वह खानपुर-लक्सर हाईवे पर खानपुर कस्बे के पास पहुंचे। इसी दौरान लक्सर की ओर से आ रहे तेज गति के ट्रक ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में मौके पर ही पोपिन और एक भैंसे की मौत हो गई। इस दौरान शेखर और सौरभ घायल हो गए। शोर शराबा सुनकर ग्रामीण मौके की ओर दौड़े और उन्होंने पुलिस को सूचना दी।

# पंजाब सीमा से बीएसएफ ने 3 ड्रोन व हेरोइन की खेप पकड़ी

कैनविज टाइम्स संवाददाता



चंडीगढ़। सीमा पार से होने वाली ड्रोन घुसपैठ को असफल बनाते हुए बीएसएफ ने तीन पाकिस्तानी ड्रोन व हेरोइन की खेप बरामद की है। बीएसएफ प्रवक्ता ने रविवार सुबह बताया कि बीएसएफ इंटेलिजेंस की सूचना पर अमृतसर बॉर्डर एरिया में सर्च करते हुए दो डीजेआई मविक 3 क्लासिक ड्रोन तथा एक चीन में निर्मित डीजेआई एयर 3एस ड्रोन बरामद किया है। बीएसएफ ने एक ड्रोन के साथ बंधे पीले रंग के पैकेट की तलाशी ली तो उसमें 540 ग्राम हेरोइन बरामद की गई। पकड़े गए सभी ड्रोन का इस्तेमाल सीमा पार नशे व हथियार तस्करी के लिए किया जाता है। आश्चर्यजनक बात ये है कि सीमावर्ती क्षेत्र से बीएसएफ द्वारा अक्सर पाक निर्मित ड्रोन पकड़े जाते हैं, लेकिन इस बार एक चीन निर्मित ड्रोन मिलने से जांच का एंगल अलग हो गया है। इससे पहले चीन द्वारा अरुणाचल प्रदेश व अन्य क्षेत्रों से घुसपैठ की घटनाओं को अंजाम दिया जाता है लेकिन पंजाब से चीन निर्मित ड्रोन मिलने से कई तरह की आशंकाएं खड़ी हो रही हैं। इस मामले में बीएसएफ अधिकारी आधिकारिक स्तर पर कुछ नहीं बोल रहे हैं।

# राज्य सरकार के खिलाफ कांग्रेस का जोरदार प्रदर्शन, फूंका पुतला

कैनविज टाइम्स संवाददाता



हल्द्वानी। उत्तराखंड पुलिस भर्ती में महिलाओं के अधिकारों पर हनन, बढ़ती मंहगाई, बेरोजगारी, स्मार्ट मीटर लगाने के विरोध में युवा कंग्रेस प्रदेश उपाध्यक्ष हेमंत साहू की अगवाई में राज्य सरकार के खिलाफ जोरदार नारेबाजी प्रदर्शन करते हुए पुतला दहन कर जमकर रोष जताया। साहू ने कहा कि पुलिस भर्ती में महिलाओं के पद आरक्षित ना होना बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है। पुलिस कांस्टेबल विज्ञप्ति में महिलाओं उम्मीदवारों के लिए कोई पद आरक्षित नहीं किया गया, जबकि शासन ने महिलाओं के लिये 30 प्रतिशत आरक्षण का प्रावधान किया है, लेकिन जारी विज्ञप्ति में कोई उल्लेख नहीं किया गया, जिससे महिलाओं में निराशा की भावना है। सरकार ने जल्द ठोस निर्णय नही लिया तो पूरे प्रदेश में उग्र आंदोलन किया जायेगा। युवा नेता दीपा खत्री व सामाजिक कार्यकर्ती प्रीति आर्या ने कहा कि राज्य सरकार युवाओं को रोजगार देने में पूरी तरह विफल साबित हो रही है। काग्रेस नेता राजेंद्र बिष्ट व सन्दीप भसोड़ा ने कहा उत्तराखंड में स्मार्ट मीटर को किसी भी कीमत में सहन नहीं किया जाएगा।

# शांतिकुंज में तीन दिवसीय ज्योति कलश यात्रा कार्यशाला का समापन

कैनविज टाइम्स संवाददाता



हरिद्वार। शांतिकुंज की अधिष्ठात्री शैल दीदी ने कहा कि यह समय हम सभी के लिए संकीर्णता से ऊपर उठने का है। व्यक्तिगत स्वार्थ को छोड़कर सामूहिकता के साथ चलने का है। अधर्म से धर्म के पथ पर अग्रसर होने का है। शैल दीदी शांतिकुंज के मुख्य सभागार में आयोजित तीन दिवसीय ज्योति कलश यात्रा कार्यशाला के विदाई सत्र को वचुअर्ल संबोधित कर रही थी। इस अवसर पर देश के पूर्व व पश्चिम के राज्यों से आये 1500 से अधिक गायत्री परिवार के चयनित कार्यकर्ता उपस्थित रहे। उन्होंने कहा कि हमारे अंदर जब श्रद्धा उभरती है और हम सामूहिकता के साथ कार्य करते हैं, तब बड़े से बड़ा कार्य सहजता के साथ सम्पन्न हो जाता है। उन्होंने भारतीय संस्कृति के विकास हेतु संस्कृति के संवाहकों-युग निर्माण के सैनिकों को संगठित होकर कार्य करने के लिए प्रेरित किया। डॉ. पण्ड्या ने कहा कि विचार सशक्त व प्रबल होंगे, तो नकारात्मकता और कुविचारों को आसानी से मिटाया जा सकता है। कार्यशाला के अंतिम सत्र को संबोधित करते हुए डॉ. चिन्मय पण्ड्या ने कहा कि युग निर्माण योजना के सूत्रधार युगऋषि पं. श्रीराम शर्मा आचार्य एवं माता भगवती देवी शर्मा के दिव्य संकल्पों का प्रतीक है-अखण्ड दीपक। इसी अखण्ड दीपक व माता भगवती देवी शर्मा की जन्मशताब्दी वर्ष 2026 में है। जन्मशताब्दी वर्ष को पूरे देश में उमंग व उत्साह के साथ मनाया जाना है। यह समय मानवता के लिए सूर्योदय का है। आलस्य, प्रमाद को छोड़कर सक्रियता को अपनाना है। विश्व स्वास्थ्य संगठन में योग विशेषज्ञ डॉ. चिन्मय पण्ड्या ने कहा कि ज्योति कलश यात्रा को महाराष्ट्र, गोवा, बिहार व झारखण्ड के गाँव-गाँव, नगर-नगर, शहर-शहर लेकर जाना है।

# हरिद्वार में बच्चों ने मधुमेह के खिलाफ रैली निकाल दिया जागरूकता का संदेश



हरिद्वार। विश्व मधुमेह दिवस के उपलक्ष्य में आज रामकृष्ण मिशन सेवाश्रम के डायबिटीज सपोर्ट ग्रुप के बच्चों ने डायबिटीज वॉक और ब्रेन गेम्स खेलकर मधुमेह को हराने के लिए लोगों को जागरूक किया। पौष्टिक खाना खाना है मधुमेह को हराना है, रोज दौड़ लगाना है मधुमेह हराना है, जैसे नारों के साथ बच्चों ने स्वस्थ जीवन शैली अपनाने की अपील की। रामकृष्ण मिशन सेवाश्रम के सचिव स्वामी दयामूर्त्यानन्द ने कहा कि चार साल से लेकर 30 साल के युवा भी इस डायबिटीज सपोर्ट ग्रुप में जुड़े हैं। हम इन्हें डायाचैंप कहते हैं, क्योंकि इन्होंने अपनी टाइप वन डायबिटीज को हराकर एक आम व्यक्ति जैसा स्वस्थ जीवन जीना सीख लिया है। उन्होंने बताया कि एम्स ऋषिकेश द्वारा कंटीन्यूअस ग्लूकोस मॉनिटरिंग का उपकरण जो रोगी के बाजू पर लगाया जाता है, 15 दिन तक यह डिवाइस सबको निःशुल्क लगाई जाएगी। सफल परीक्षण के बाद में इसका भविष्य में उपयोग मरीजों के लिए किया जाएगा। मयंक और सुरभि ने सभी बच्चों को म्यूजिकल चेयर एवं अन्य गेम खिलाए। खेल में जीते बच्चों को पुरस्कार अतिथियों द्वारा विस्तृत किए गए। डायबिटीज डे पर लगाई गई पोस्टर प्रदर्शनी का उद्घाटन डॉ. राजेंद्र सिंह रीजनल ऑफिसर पॉल्यूशन कंट्रोल बोर्ड ने किया। मुख्य अतिथि के रूप में एआईआईएमएस ऋषिकेश की एडिशनल प्रोफ़ेसर मीनाक्षी खापर्रे ने सभी डायबिटिक बच्चों को प्रोत्साहित किया। एम्स ऋषिकेश के डॉक्टर कल्याणी श्रीधरन एवं डॉक्टर जगपति ने कंटीन्यूअस ग्लूकोस मॉनिटरिंग डिवाइस की उपयोगिता के बारे में बताया। डिवाइन और मॉडर्न कॉलेज नर्सिंग के छात्रों द्वारा एक ड्रामा से लोगों को टाइप वन डायबिटीज के बारे में जागरूक करते हुए जानकारी दी गई। दिव्य प्रेम सेवा मिशन के बच्चों द्वारा योग आसनों का प्रदर्शन की सभी ने सराहना की। सभी डायाचैंप ने अपने अपने अनुभव सांझा किए। डिवाइन मेडिकल कॉलेज के डायरेक्टर गगन यादव, स्वामी अनादयाआनंद जगदीश महाराज, स्वामी एकाश्रयानंद, स्वामी भावरूपानंद, कार्तिक, नर्सिंग विभाग की डायरेक्टर मिनी योहानन, आंचल सैनी आदि मौजूद रहे।




चेयरमैन एवं प्रधान सम्पादक - राकेश कुमार पाण्डेय कार्यकारी सम्पादक* - अरशद सईद खान स्टेट हेड - संदीप मिश्रा

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक राकेश कुमार पाण्डेय द्वारा सरस्वती प्रिंटर्स वाटर वर्क्स रोड ऐशबाग, लखनऊ से मुद्रित एवं सी-46, कृष टॉवर, विभूति खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ, पिन-226010 से प्रकाशित। * इस अंक में प्रकाशित सभी समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पीआरबी एक्ट के तहत उत्तरदायी।

समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय क्षेत्र के ही अधीन होंगे। फोन नं। 0522-4249333 फैक्स नं.- 4249333 e-mail : info@kanwhizztimes.com RNI NO - UPHIN/2012/42063